चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 153, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड में तीन ग्रहों के अनूठे सौर मंडल की खोज 14
जूनियर एनटीआर ने ट्रेनर मन्नव का जन्मदिन मनाया 13

## लोकसभा चुनाव में वोटिंग के दौरान मणिपुर, बंगाल में कई जगह हिंसा

# महापर्व के पहले चरण में 62% मतदान

**60.25%**
उत्तर प्रदेश

**61.91%**
पीलीभीत

- मणिपुर के मोईरांगकम्पू साजेब विधानसभा के मतदान केंद्र पर हुई गोलीबारी
- जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र में भी उपद्रव के बाद हुई हिंसा
- छत्तीसगढ़ में ग्रेनेड लांचर के गोले में विस्फोट, सीआरपीएफ के जवान की मौत
- प. बंगाल में टीएमसी व भाजपा के कार्यालयों में तोड़फोड़
- राजस्थान के नागौर में मधुमक्खियों के हमले में 12 घायल, रोकना पड़ा मतदान

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है। कुल 102 निर्वाचन क्षेत्रों के लिये शुक्रवार को करीब 62.23 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग से रात 11 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में त्रिपुरा में वोट अनुपात सर्वाधिक 79.90 प्रतिशत, जबकि बिहार में सबसे कम 47.49 प्रतिशत वोट ही पड़े।

मतदान शुरू होते ही सबसे पहले मणिपुर की बाहरी लोकसभा सीट पर हिंसा और अनियमितता की सूचना पर कुछ समय के लिए प्रक्रिया रोकनी पड़ी। मोईरांगकम्पू साजेब विधानसभा के मतदान केंद्र पर कुछ उपद्रवियों ने गोलीबारी की। इसमें 65 वर्षीय बुजुर्ग घायल हो गये उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपद्रवियों ने मतदान संबंधी कागजात जला दिये और आग लगा दी। वहीं पश्चिम बंगाल में मतदान के दौरान कूचबिहार लोकसभा क्षेत्र में हिंसा की कई घटनाएं देखी गईं, जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र से भी हिंसा के कुछ मामले सामने आए हैं। यूपी व अन्य राज्यों में भी छिटपुट घटनाएं घटीं। जारी आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा की एक सीट पर 79.90 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 68.62 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 70.20 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 71.38 प्रतिशत वोट पड़े थे। पुडुचेरी में एक सीट पर 73.25 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर 65.08 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में पांच सीट पर 63.33 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में दो सीट पर 65.46 प्रतिशत, सिक्किम में एक सीट पर 68.06 प्रतिशत, नागालैंड में एक सीट पर 56.77 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मिजोरम में एक सीट पर 54.18 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर 58.14 प्रतिशत, उत्तराखंड में पांच सीटों पर 53.64 प्रतिशत, अंडमान-निकोबार में एक सीट पर 56.87 प्रतिशत, महाराष्ट्र में पांच सीटों पर 55.29 प्रतिशत, लक्षद्वीप में एक सीट पर 59.02 प्रतिशत, राजस्थान में 12 सीटों पर 50.95 प्रतिशत, तमिलनाडु की 39 सीटों पर 62.19 प्रतिशत वोट डाले गये थे।



मुरादाबाद के आरएसडी एकेडमी पोलिंग बूथ पर मतदान के बाद उत्साही दिखे युवा। ● अमृत विचार

### उत्तर प्रदेश में शांतिपूर्ण मतदान

**लखनऊ।** प्रदेश में पहले चरण की आठ सीटों पर शुक्रवार को छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न हो गया। शाम पांच बजे तक सभी सीटों पर औसत 58.14 प्रतिशत मतदान हुआ। सहारनपुर में 65.95 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि रामपुर में 54.77 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण की बाकी सीटों में कैराना में 61.17 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर में 59.29 प्रतिशत, बिजनौर में 58.21 प्रतिशत, नगीना (अजा) में 59.54 प्रतिशत, मुरादाबाद में 60.60 प्रतिशत व पीलीभीत में 61.91 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान कई जगहों पर ईवीएम व वीवीपैट के खराब होने की शिकायतें मिलीं, जिन्हें तत्काल बदल दिया गया।

### पुरैना में किया बहिष्कार

**पीलीभीत।** यहां के दो गांवों में मतदान का बहिष्कार प्रशासनिक अधिकारियों के लिए मुसीबत बन गया। विभिन्न समस्याओं को लेकर पीलीभीत विधानसभा के बकसपुर और बीसलपुर विधानसभा के पुरैना गांव के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। अफसरों ने बकसपुर के ग्रामीणों को तो मना लिया, लेकिन पुरैना के मतदाता नहीं माने।

## इंडियन ओवरसीज बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15 करोड़ का जुर्माना, सात साल की कैद

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने इंडियन ओवरसीज बैंक से 2.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के लिए बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15.06 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, जिसे अब तक के सबसे बड़े जुर्मानों में से एक बताया जा रहा है। साथ ही अदालत ने प्रबंधक को सात साल कैद की भी सजा सुनाई। अधिकारियों के अनुसार प्रीति विजय सहिजवानी ने अहमदाबाद में इंडियन ओवरसीज बैंक की वस्त्रपुर शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक के रूप में जमाकर्ता या पावर ऑफ अटॉर्नी धारक के किसी भी मंजूरी पत्र के बिना दो खातों की विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर) जमा राशि को दो फर्जी खातों में जमा करवा दिया था।

- धोखाधड़ी का मामला : प्रीति विजय सहिजवानी को हिरासत में लिया गया

सीबीआई ने कहा, आरोपी ने 27 जुलाई 2001 की तारीख तक ब्याज समेत (करीब) दो करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया। सीबीआई ने बैंक की शिकायत पर, 29 अक्टूबर, 2001 को मामले की जांच अपने हाथ में ली और 15 अक्टूबर, 2003 को आरोप पत्र दायर किया था। सहिजवानी देश छोड़कर भाग गईं और 2012 तक फरार थीं। सीबीआई ने उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया, जिससे एजेंसी को कनाडा में उसका पता लगाने में मदद मिली। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, कनाडा के आव्रजन अधिकारियों ने उसे हिरासत में लेकर 11 जनवरी 2012 को भारत प्रत्यर्पित कर दिया। गांधीनगर की विशेष अदालत ने पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक को आपराधिक विश्वासघात, मूल्यवान प्रतिभूति की जालसाजी, जाली दस्तावेजों को वास्तविक दस्तावेज के रूप में उपयोग करने और बैंक को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने का दोषी ठहराया।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।



डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

### यूपी बोर्ड का रिजल्ट आज

**लखनऊ/ प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करने की तैयारी पूरी कर ली है। सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि 2024 का परीक्षाफल 20 अप्रैल शनिवार को अपराह्न 2 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद, मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा।

## दोनों शहजादों को लोगों ने रिजेक्ट किया : मोदी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



गजरौला ( अमरोहा ) की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

- गजरौला की जनसभा में राहुल और अखिलेश पर साधा निशाना
- क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी का कमाल पूरी दुनिया ने देखा


**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गजरौला में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अमरोहा की ढोलक की थाप दूर तक गूंजती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से अमरोहा की ढोलक को जीआई टैग मिला है। अब अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजा रहा है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा है। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव को दो शहजादों की जोड़ी करार देते हुए जमकर निशाना साधा।

प्रधानमंत्री शुक्रवार को गजरौला में होटल हवेली के सामने भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ भी उनके साथ थे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रथम चरण में हो रहे मतदान को लेकर लोगों से खुलकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने नवयुवकों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर भी जमकर कटाक्ष किए। कहा कि इंडी गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं। अभी मैं द्वारका गया और समुद्र में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की, लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि समुद्र के नीचे पूजा करने योग्य कुछ है ही नहीं। हमारी हजारों वर्ष की आस्था और भक्ति को ये लोग सिर्फ वोट बैंक के लिए खारिज कर रहे हैं। कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश में अपने आप को यदुवंशी कहने वाले नेताओं से मैं पूछना चाहता हूं कि आप भगवान श्रीकृष्ण और द्वारका का अपमान करने वालों के साथ कैसे रह सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी में एक बार फिर दो शहजादों की फिल्म शूटिंग चल रही है। जिसे लोग पहले ही रिजेक्ट कर चुके हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जनसभा को संबोधित किया। कहा कि प्रधानमंत्री ने देश का मान बढ़ाया है, पूरी दुनिया में नए भारत के रूप में पहचान हो रही है। विकसित भारत के लिए काम हो रहा है।

देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है, जबकि पड़ोसी देश पाकिस्तान भूखमरी के कगार पर है।

## वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी होंगे नए नौसेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी देश के नए नौसेना प्रमुख होंगे। वर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने पर 30 अप्रैल को वह नया पदभार संभालेंगे। सैनिक स्कूल रीवा के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल त्रिपाठी वर्तमान में नौसेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं और एडमिरल कुमार के पद छोड़ने पर वह नौसेना में सबसे वरिष्ठ अधिकारी होंगे।

## इजराइल की जवाबी कार्रवाई, मिसाइलें दागीं

यरुशलम/तेहरान, एजेंसी



- पिछले शनिवार ईरान ने 300 से अधिक ड्रोन से किया था हमला
- ईरान के दक्षिणी भाग में रक्षा ठिकानों को पहुंचाया नुकसान

इजराइल पर ईरान के ड्रोन हमले का जवाब देने को लेकर सप्ताह भर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे विचार विमर्श के बीच इजराइल अपनी पूरी रणनीति पर उतरा आया। इराजइल की हमेशा से ही नीति रही है ''पहले किसी को छेड़ेंगे नहीं, बाद में किसी छोड़ेंगे नहीं''। इजराइल ने सात दिन बाद शुक्रवार को उस हमले का जवाब अपनी मिसाइलें दाग कर दिया। जो इस्फहान प्रांत में गिरीं। इनसे ईरान को हुए नुकसान के बारे में अब तक कोई पुष्ट खबर नहीं है। इस बीच, सीरिया ने भी दावा किया है कि इजराइली हमले में देश के दक्षिणी भाग में रक्षा ठिकानों को नुकसान पहुंचा है।

ईरानी समाचार एजेंसी फार्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी प्रांत इस्फाहन में तीन विस्फोटों की आवाज सुनी गई। ये विस्फोट ड्रोन अथवा मिसाइलों से किए गए हमले के फलस्वरूप हुए, जिसके बाद ईरान की वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय कर दिया गया है। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने रिपोर्ट में एक ईरानी सैन्य अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि सेना का रडार स्टेशन संभावित निशाना हो सकता है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि क्षेत्र में कई कार्यालय भवनों की खिड़कियां उड़ गईं लेकिन हमले के परिणामस्वरूप कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। हमले के बाद इस्फहान में शांति है और यातायात सामान्य बना हुआ है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने इस हमले को तूल देने और बदले की कार्रवाई के लिए कोई उत्तेजना नहीं दिखाई है। एक सैन्य अधिकारी के हवाले से यह कहा गया कि ईरान को इस हमले के पीछे विदेशी हाथ होने की पुष्टि नहीं हुई है।

### ईरान बोला, नहीं हुआ कोई विदेशी हमला

**तेहरान।** ईरान के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इजरायल की ओर से किए गए हमलों का खंडन किया है। अधिकारी ने कहा कि ईरान के खिलाफ कोई मिसाइल हमला नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इस्फहान में वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय किया गया है और उसने किसी संदिग्ध वस्तु को निशाना बनाया है जिससे विस्फोट की गूंज सुनायी दी है। ऐसा बताया जा रहा है कि इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। वहीं ईरान ने कहा है कि उसकी धरती पर कोई भी विदेशी हमला नहीं हुआ है।

## वर-वधू पक्ष भिड़े, दुल्हन के चचेरे जीजा की हत्या

संवाददाता, अल्हागंज (शाहजहांपुर)



- धर्मशाला में महिलाओं का वीडियो बनाने पर हुआ विवाद

**अमृत विचारः** शादी समारोह में डीजे पर डांस कर रहीं महिलाओं का वीडियो बनाने को लेकर वर-वधू पक्ष में विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ी कि मारपीट होने लगी। इसी दौरान किसी ने दुल्हन के चचेरे जीजा के सिर पर किसी वजनी चीज से प्रहार कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

कस्बे के मोहल्ला शिवपुरी में कमलेश आर्य की पुत्री लक्ष्मी की शादी फर्रुखाबाद के गांव रमपुरा नवादा निवासी दिनेश के पुत्र अंकित से तय हुई थी। बरात लेकर वर पक्ष के लोग गुरुवार शाम नगर की एक धर्मशाला में पहुंचे। रात में द्वारचार के दौरान दोनों पक्षों के कई लोग नशे में थे। कुछ बराती डीजे पर डांस कर रही महिलाओं का वीडियो बनाने लगे। इसको लेकर वर और वधु पक्ष में विवाद हो गया। इसी दौरान किसी ने दुल्हन के चचेरे जीजा राजेश (40) निवासी दसिया दिउवरा थाना परौर शाहजहांपुर के सिर पर भारी वस्तु से वार कर दिया जिससे वह गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई।

## प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ बसपा ने बदला प्रत्याशी

**लखनऊ।** बसपा ने वाराणसी में मोदी के खिलाफ प्रत्याशी बदलते हुए 11 उम्मीदवारों की छठवीं सूची कर दी है। वाराणसी में अब सैय्यज नेयाज अली (मंजू भाई) को प्रत्याशी बनाया है। फिरोजाबाद सीट पर भी प्रत्याशी बदलकर चौधरी बशीर को उतारा है। वहीं संतकबीर नगर से मोहम्मद आलम, महराजगंज में मो.मौसमे आलम, भदोही से अतहर अंसारी, हरदोई में वर्तमान एमएलसी भीमराव अंबेडकर, मिश्रिख में बी आर अहिरवार और मछलीशहर में कृपा शंकर सरोज को उतारा है। फतेहपुर में डॉ. मनीष सिंह सचान, सीतापुर में महेन्द्र सिंह यादव और फूलपुर में जगन्नाथ पाल को प्रत्याशी बनाया है।

## इधर बेटी की डोली उठी उधर मां की निकली अर्थी

संवाददाता,पूरनपुर (पीलीभीत)

- इकलौती बेटी की विदाई के बाद रोते-रोते बेसुध हो गईं अच्छी देवी

**अमृत विचार** : इकलौती बेटी की शादी करने के बाद विदाई कर मां इतना रोई कि बेसुध हो गई। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पल भर में शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं।

जनपद बदायूं के थाना उझानी के गांव नरहू के रहने वाले उमेश की बेटी माही की शादी गुरुवार को पूरनपुर के मोहल्ला चौक निवासी राजेश के बेटे शिवम से हुई। शादी के लिए उमेश परिजनों के संग बेटी को लेकर गुरुवार को दिन में पूरनपुर पहुंच गए। आर्यसमाज धर्मशाला में माही व शिवम की धूमधाम से शादी हुई। बेटी की शादी को लेकर उमेश और उनकी पत्नी अच्छी देवी बहुत खुश थे। शुक्रवार सुबह परिजनों व रिश्तेदारों के साथ अच्छी देवी ने बेटी को भीगी पलकों से विदा किया। बेटी की विदाई के बाद अच्छी देवी इतना भावुक हो गईं कि रोते-रोते बेसुध हो गईं। परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने उन्हें ऑक्सीजन की आवश्यकता बताकर सीएचसी ले जाने की सलाह दी। परिजन अच्छी देवी को सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## सौतेली मां ने बच्ची के हाथ-पैर बांधकर जिंदा दफनाया, सीसीटीवी से खुला राज

संवाददाता, काशीपुर



- निर्माणाधीन मकान से शव बरामद महिला गिरफ्तार

**अमृत विचार** : आईटीआई थाना क्षेत्र में एक सौतेली मां ने मासूम बच्ची को हाथ पैर बांधकर निर्माणाधीन मकान में जिंदा दफना दिया। पुलिस ने सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया है।

खड़कपुर देवीपुरा निवासी इलेक्ट्रीशियन मोनू की 8 वर्ष पूर्व यहीं की रीना नाम की युवती से शादी हुई थी। रीना से मोनू की दो बेटियां 8 वर्षीय सोनी व 6 वर्षीय तनु हैं। दूसरी बेटी के जन्म के दौरान ही रीना की मौत हो गई थी। इसके बाद मोनू ने ग्राम फजलपुर, थाना डिलारी (मुरादाबाद) निवासी लक्ष्मी देवी से दूसरा विवाह कर लिया था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। लक्ष्मी सोनी व तनु के साथ भेदभाव करने लगी। 16 अप्रैल को मोनू अपने ममेरे भाई की लगन में बिजनौर के ग्राम गल्ला खेड़ी गया था। अगले दिन सोनी को कन्या पूजन के लिए तैयार कर उसकी दादी संतोष देवी भी चली गई। उसी दिन शाम के समय लक्ष्मी ने बच्ची की हत्या कर अपने पति को फोन कर उसके लापता होने की बात कही।

बेटी के गायब होने की सूचना पर मोनू घर पहुंचा और उसने तत्काल बेटी की गुमशुदगी की सूचना डायल 112 नंबर पर आईटीआई पुलिस को दी। पुलिस को लक्ष्मी की बातें कुछ अजीब लगीं। तब पुलिस ने आसपड़ोस के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए। फुटेज में आखिरी बार बच्ची को लक्ष्मी के साथ निर्माणाधीन मकान की तरफ जाते देखा गया। पुलिस ने सख्ती की तो लक्ष्मी से घटना उगल दी। पुलिस ने शव को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम कराया। एसपी ने बताया कि शव पर भी चोट के निशान मिले हैं।

**नई खोज** पांच वर्ष तक चला बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का शोध

## गन्ना किसानों के लिए संजीवनी बनेगा बीबीएयू का शोध

जीशान कदीर, लखनऊ



डॉ. यूसुफ अख्तर



प्रो. संगीता सक्सेना

- गन्ने की नई उपज से तीन गुना तक मुनाफा कमा सकेंगे

**अमृत विचार** : गन्ना किसानों के लिए बीबीएयू का शोध संजीवनी लेकर आया है। नई खोज के सहारे किसान उपजे गन्ने से तीन गुना तक मुनाफा कमा सकेंगे। इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम ने जिबरेलिन एसिड 3 (जीए3) की मदद का सहारा लिया और शर्करा को संचय करने का तरीका ढूंढ निकला। वैज्ञानिकों का दावा है कि नया शोध किसानों के लिए कारगर रहेगा।

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कम्प्यूटेशनल जीव वैज्ञानिक डॉ. यूसुफ अख्तर बताते हैं कि अब तक गन्ने में शर्करा (ग्लूकोज-फैक्टोज) बढ़ाने के लिए सक्रिप्टोमिक स्तर पर जिबरेलिन एसिड 3 (जीए3) को शामिल किया जाता रहा है। इससे शर्करा तो बढ़ जाती थी, लेकिन उसका संचय नहीं हो पाता। ऐसे में भण्डारण (सिंक) क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से पांच वर्षों तक गन्ने के सूक्ष्म जीनों पर अध्ययन किया गया। नई कोशिका के सहारे भण्डारण की क्षमता विकसित हुई। बताते हैं कि नव विकसित जीन गन्ने में शर्करा को संचित करने का विकास कर किसानों को तीन गुन्ना तक मुनाफा हासिल कराएंगे।

### इस तरह से किया गया शोध

शोध में ट्रांसक्रिप्टोम स्केल बिग डेटा का उपयोग किया गया। इसके सहारे जीए 3 से प्रभावित विशिष्ट जीन की पहचान की गई। इसे बढ़े हुए शुक्रोज संचय में सहयोगी बनाया गया। फिर गन्ने के नमूनों पर ट्रांसक्रिप्टोमिक विश्लेषण तकनीकी विकसित की और जीन अभिव्यक्ति की जांच की गई।

### शोध के दौरान नए जीनों की हुई पहचान

देश के पहले नवीन शोध के निष्कर्षों से उच्च शर्करा सामग्री से जुड़े कई जीनों का पता चला है। ये जीन पौधे के भीतर चीनी परिवहन और भंडारण में भूमिका निभाने के लिए जाने जाने वाले जीनों के समरूप (संरचना में समान) थे। इसमें चीनी-फॉस्फेट / फॉस्फेट ट्रांसलोकेटर, यूटीपी-ग्लूकोज-1-फॉस्फेट यूरिडिलिलट्रांसफेरेज और वी-एटीपीसेस पाया गया। वैज्ञानिकों का दावा है कि ये हाइड्रोलेज एंजाइम को एनकोड कर कार्य करा सकता है।

### भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान भी बना सहभागी

प्लांट बायोटेक्नोलॉजिस्ट प्रो. संगीता सक्सेना ने बताया कि पांच वर्षीय खोज में शोधार्थी छात्रा कृति रूपेन्द्र के अलावा भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की टीम भी शामिल रही। पहचाने गए जीन गन्ना ट्रांसक्रिपटॉमिक्स और कार्यात्मक जीनोमिक्स के मौजूदा ज्ञान आधार में एक महत्वपूर्ण वृद्धि करेंगे।



मतदान के बाद स्याही का निशान दिखातीं बीसलपुर नगर पालिका अध्यक्ष शशि जायसवाल व उनके पति अमन जायसवाल।


बिलसंडा में मतदान के बाद उंगली पर लगा निशान दिखाते चेयरमैन डीके गुप्ता और भाजपा नेता अजय जायसवाल।


वोट डालकर लौटे विधायक स्वामी प्रवक्तानंद।


वोट डालकर आए पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा।


राज्यमंत्री संजय गंगवार व उनकी पत्नी।



बसपा प्रत्याशी अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू।


बरखेड़ा चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल।


भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह।


शहर के नौगवां पकड़िया मतदान केंद्र पर लगी मतदाताओं की भीड़। ● अमृत विचार


मतदान के दौरान कार्यकर्ताओं संग भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार


शहर के एक मतदान केंद्र पर लगी मतदाताओं की लंबी कतारें। ● अमृत विचार

# कड़ी सुरक्षा के बीच 61.91% मतदान

## केंद्रों पर सुबह से लग गईं कतारें, तेज धूप और भीषण गर्मी के बावजूद लोगों में दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** तेज धूप और भीषण गर्मी होने के बावजूद पीलीभीत के मतदाताओं ने गजब का जोश और जज्बा दिखाया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतदान सुबह सात बजे शुरू होकर शाम छह बजे तक चला। पीलीभीत सूचना कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार यहां लगभग 63.39 प्रतिशत वोट पड़े। जबकि निर्वाचन आयोग की तरफ से देर रात जारी सूची के अनुसार पीलीभीत में लगभग 61.91 प्रतिशित मतदान हुआ। शुक्रवार सुबह मतदान के दौरान सात ईवीएम और 17 वीवीपैट मशीनें दगा दे गईं। इससे 45 मिनट से लेकर डेढ़ घंटे तक मतदान देरी से शुरू हो सका। पीलीभीत के दो गांवों बकसपुर और बीसलपुर विधानसभा के पुरैना गांव के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। अफसरों के मनाने पर बकसपुर के ग्रामीणों को तो मान गए, लेकिन पुरैना के ग्रामीण मतदान समाप्ति तक अपनी जिद पर अड़े रहे और वहां किसी ने मतदान नहीं किया। वहीं, वैधखेड़ा और खरुआ गांव में भी छिटपुट मामलों के चलते अधिकारियों को दौड़ लगानी पड़ी। संसदीय क्षेत्र के 1924 बूथों पर मतदान हुआ। मतदान के दौरान मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम संजय कुमार सिंह व एसपी अविनश पांडेय समेत तमाम अफसर मतदान पर पूरी नजर बनाए रहे।

पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र में मतदान के लिए सुबह साढ़े छह बजे से ही मतदाताओं का बूथों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सात बजे जब मतदान शुरू हुआ तब तक लंबी कतारें लग चुकी थीं। बूथों में सुबह और दोपहर बाद मतदान में तेजी आई। शहर में मतदान को लेकर दिन भर तस्वीर बदलती रही। मतदान केंद्र के भीतर और बाहर मतदाताओं की भीड़ को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहा। गर्मी होने की वजह से अधिकतर लोग सुबह ही मतदान के लिए पहुंच गए।


सदर विधानसभा के बरहा बूथ पर सुबह आठ बजे वोट डालने के लिए लाइन में खड़े मतदाता। ● अमृत विचार

- **2019 के लोकसभा चुनाव में हुआ था 67.38 फीसदी मतदान**
- **मंडलायुक्त, आईजी, डीएम और एसपी बनाए रहे सीधी नजर**

**पिछले चुनावों का प्रतिशत**

| | |
|---|---|
| 1999 | 65.66 |
| 2004 | 52.66 |
| 2009 | 63.94 |
| 2014 | 62.87 |
| 2019 | 67.38 |


**पीलीभीत सूचना कार्यालय की ओर से जारी मतदान प्रतिशत**

| | |
|---|---|
| पीलीभीत | 61.70 |
| बरखेड़ा | 67.41 |
| पुरनपुर | 65.16 |
| बीसलपुर | 58.96 |
| बहेड़ी | 64.1 |
| कुल प्रतिशत | 63.39 प्रतिशत लगभग |


तेज धूप की वजह से दोपहर में सूना रहा पूरनपुर विधानसभा का एक बूथ।


मतदान केंद्र पर वोट डालने को लाइन में खड़े मतदाता। ● अमृत विचार

> पीलीभीत लोकसभा सीट पर 63.70 प्रतिशत मतदान हुआ है। अभी आंकड़ा एक बार और टेली कराया जाएगा। जिसके आधार पर प्रतिशत में कुछ आंशिक परिवर्तन हो सकता है। – **संजय कुमार सिंह**, जिला निर्वाचन अधिकारी


शहर में आईटीआई कॉलेज में बने मतदान केंद्र पर जुटी मतदाताओं की भीड़।


ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में मतदान के बाद उंगली दिखातीं महिलाएं।


शहर से सटे बरहा गांव में मतदान केंद्र पर अपनी बारी के इंतजार में खड़े मतदाता।


शहर के इस्लाम नगर मतदान केंद्र पर वोट डालने को लाइन में खड़े वोटर।

# सुबह-शाम वोटों की बारिश, दोपहर में केंद्रों पर रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत लोकसभा सीट पर शुक्रवार को हुई वोटिंग के दौरान पारे के साथ मतदान घटता बढ़ता रहा। मौसम ठंडा होने पर सुबह और शाम को जमकर मतदान हुआ। वहीं दोपहर में शहर समेत नगर, कस्बों और देहात के मतदान केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। शुक्रवार को जिले का तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मतदान के शुरु में दो घंटों में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को खासी भीड़ नजर आई। शुरुआती दौर के दो घंटों में मतदान केंद्रों में बूथों के सामने मतदाताओं की कतारें नजर आईं। सड़कों पर भी मतदाताओं का रेला दिखाई दिया। सुबह नौ बजे तक 13.36 प्रतिशत मतदान हुआ। करीब दस बजे के बाद सूरज ने आंखें तरेरनी शुरू कर दीं। कतार में खड़े लोग पसीने से तरबतर होने लगे। ऐसे में अधिकांश लोग पेड़ों की छांव तलाशते दिखे। यही हालात ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर रहे। 11 बजते-बजते कतार में मतदाताओं की संख्या कम होना शुरू हो गई। जिले में 11 बजे तक 26.88 प्रतिशत वोटिंग हुई। सुबह नौ से 11 बजे के बीच 13.52 फीसदी लोगों ने मतदान किया। इसके बाद शहर के नगर पंचायत नौगवा पकड़िया, इनायतगंत, शेरमोहम्मद, आयुर्वेदिक कॉलेज, अवंतीबाई कॉलेज, आईटीआई, देशनगर समेत अधिकांश मतदान केंद्रों पर इक्का दुक्का मतदाता ही नजर आए। दोपहर एक बजे जिले में मतदान का प्रतिशत 38.49 पहुंच गया। इन दो घंटों में उमस भरी गर्मी के चलते महज 11.6 फीसदी लोगों ने ही मतदान किया। तीन बजे के बाद सूरज की तपिश कम होने लगी। गर्मी कम होने का अहसास होने पर मतदाताओं ने एक बार फिर जोर लगाया। दोपहर बाद मतदान केंद्रों की तरफ एक बार फिर मतदाताओं का रेला जाने लगा।


शाम पौने पांच बजे पीलीभीत के एक बूथ के बाहर लगी वोटरों की कतार।

- **तापमान के अनुसार घटता-बढ़ता रहा वोटरों का रुझान**
- **पूर्वाह्न 11 बजे तक 26.88 फीसदी हुई वोटिंग**


पत्नी के साथ सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा।


संयुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट।

# डीएम ने बेटी, एडीएम ने पति संग जाकर डाला वोट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम संजय कुमार सिंह ने अपनी पुत्री के साथ सुबह 7.05 बजे रामलुभाई साहनी महिला महाविद्यालय के पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं के साथ कतार में लगकर वोट डाला। वहीं, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया ने पति मोहन सिंह के साथ रामलुभाई साहनी महिला महाविद्यालय के पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील भी की।


वोट डालने के बाद पति मोहन सिंह के साथ सेल्फी लेतीं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया।


मतदान के बाद बेटी के साथ सेल्फी लेते जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह।

### कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखी गईं ईवीएम

**पीलीभीत।** चुनाव संपन्न होने के बाद सभी ईवीएम को सील कर मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में जमा कर दी गई। इसी के साथ पीलीभीत संसदीय क्षेत्र से भाग्य आजमा रहे 10 प्रत्याशियों की किस्मत भी बंद हो गई है, जिसका फैसला अब चार जून को किया जाएगा। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के अंतर्गत शुक्रवार को संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान हुआ। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के बाद पोलिंग पार्टियों का मंडी समिति परिसर में पहुंचना शुरू हो गया। मंडी परिसर में ईवीएम को जमा करने का दौर शाम करीब सात बजे से ही शुरू हो गया था।


शारदा नदी को नाव से पार करके वोट डालने के लिए जाते बुन्हान गांव के लोग।

# ईवीएम-वीवीपैट ने दिया धोखा, मतदान रुका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा के प्रथम चरण के मतदान के दौरान सात ईवीएम और 17 वीवीपैट धोखा दे दिया। ईवीएम और वीवीपैट के खराब होने से 30 मिनट से डेढ़ घंटे तक मतदान प्रक्रिया बाधित रही। इस दौरान कतार में खड़े मतदाता खासे परेशान रहे। हालांकि बाद में सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से खराब मशीनों को बदलावकर मतदान शुरू कराया गया।

मतदान शुक्रवार को अपने निर्धारित समय पर शुरू हुआ। सुबह सात बजे मतदाता बूथों पर पहुंच गए, लेकिन मगर गई जगह ईवीएम और वीवीपैटने मतदान कर्मियों का साथ नहीं दिया। एक के बाद एक बूथों पर ईवीएम के खराब होने की सूचनाएं आती रहीं। स्थिति यह रही कि शाम तीन बजे तक सात बूथों पर सात ईवीएम और 17 स्थानों पर वीवीपैट खराब होने की बात सामने आई। हालांकि प्रशासन ने खराब ईवीएम बदलवाकर मतदान सुचारु कराया। पूरनपुर विधानसभा के सिमरिया ताल्लुके महाराजपुर के एक बूथ संख्या पर 169 पर चार वोट ही पड़ पाए गए थे कि यहां वीवीपैट दगा दे गई। उस दौरान बूथ पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई थी। यहां कुछ देर तो मतदानकर्मी खुद ही मशीन को दुरुस्त करने में लगे रहे, लेकिन जब बात नही बनी तो अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सेक्टर मजिस्ट्रेट अजय गुप्ता मौके पर पहुंचे और वीवीपैट को दुरुस्त कराया गया। इस दौरान करीब 30 मिनट तक मतदान बाधित रहा। कुछ देर बाद ही अमरिया तहसील क्षेत्र में कैंचूटांडा के बूथ संख्या 60 पर ईवीएम मशीन खराब होने की सूचना मिली। इस बूथ सुबह 7.53 बजे तक 77 वोट डाले जा चुके थे। यहां भी मतदानकर्मी उधेड़बुन में लगे रहे, लेकिन असफल रहे। कतार में खड़े मतदाताओं ने शोर-शराबा करने के साथ नाराजगी जतानी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट मास्टर ट्रेनर के साथ मौके पर पहुंचे और ईवीएम को बदलवाया।

यहां करीब एक घंटे बाद मतदान शुरू हो सका। इसके अलावा बीसलपुर में परसिया के बूथ संख्या 163 पर अपरान्ह 11.45 बजे ईवीएम मशीन खराब हो गई। यहां भी मतदानकर्मियों की सूचना पर पहुंचे सेक्टर मजिस्ट्रेट ने खराब ईवीएम के स्थान पर दूसरी ईवीएम लगवाकर मतदान शुरू कराया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक मतदान बाधित रहा। बीसलपुर के ही मोहल्ला दुबे में बूथ संख्या 37 पर ईवीएम खराब हो गई। यहां भी खराब ईवीएम को हटाकर दूसरी ईवीएम लगवाकर मतदान शुरू कराया गया। इसी तरह जहानाबाद में सिरसी के एक बूथ पर ईवीएम खराब होने से मतदान बाधित रहा।

बाद में ईवीएम को बदलवाकर मतदान शुरू कराया गया। यहां करीब डेढ़ घंटे बाद मतदान शुरू हो सका। हालांकि प्रशासन के पास रिजर्व में पर्याप्त ईवीएम होने से मतदान को लेकर कोई खास दिक्कत नहीं रहीं।


अमरिया के बूथ पर मतदाताओं की लगी लाइन। ● अमृत विचार

- **कतार में खड़े मतदाता रहे परेशान, मशीन बदलने के बाद शुरू हो सकी वोटिंग**

### शुरुआत होने से पहले ईवीएम और वीवीपैट ने दिया दगा

शुक्रवार को सुबह सात बजे से पूर्व मॉक पोल किया गया, लेकिन मॉक पोल के दौरान ही कई ईवीएम और वीवीपैट दगा दे गईं। मॉक पोल के दौरान सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र में नौ बैलेट यूनिट और 32 कंट्रोल यूनिट खराब पाई गईं। 46 वीवीपैट खराब मिलीं। आनन फानन में खराब ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को हटाकर उनके स्थान पर दूसरी ईवीएम और वीवीपैट पहुंचाई गईं।

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


वोट डालने के बाद अंगुली पर स्याही का निशान दिखाते दंपती।

# पुरैना वालों ने नहीं डाले वोट, दिनभर मनाते रहे अफसर

## पुल निर्माण की मांग को लेकर किया मतदान का बहिष्कार, बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के पुरैना गांव में हैं 932 मतदाता

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** मतदान को लेकर वैसे तो कई जगह से बहिष्कार के सुर उठे, लेकिन अफसरों के आश्वासन देने पर लोग मान गए। मगर पुरैना गांव में मतदान का बहिष्कार करने वाले ग्रामीणों ने प्रशासन की भी नहीं सुनी। दिनभर ग्रामीणों को मनाने का सिलसिला चला। दोपहर में डीएम-एसपी खुद वहां पहुंचे और लोगों वार्ता की गई। मगर ग्रामीण पुल बनने तक मतदान का बहिष्कार करने का ठान चुके थे। मतदान केंद्र पर दिनभर टीमें मतदाताओं के आने का इंतजार करती रहीं, लेकिन कोई वोट डालने नहीं पहुंचा। खास बात यह रही कि यहां का कोई व्यक्ति किसी प्रत्याशी का एजेंट तक नहीं बना।

बरखेड़ा क्षेत्र का पुरैना गांव में 932 मतदाता हैं। ग्रामीण एक दशक से अधिक समय से गांव के बाहर से गुजर रही नदी पर पुल बनाने की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर कई बार धरना प्रदर्शन भी हो चुकें। ग्रामीणों ने भाजपा के बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा के आवास के सामने भी धरना दिया था। इसके अलावा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आदि को मांगपत्र दे चुके है। मगर, इस पर कोई ठोस आश्वासन तक नहीं मिला। लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही ग्रामीण एकजुट हो गए और मतदान बहिष्कार की चेतावनी दे दी। बुधवार को मतदान के दिन एसडीएम, सीओ समेत कई अफसर गांव पहुंचे। उन्होंने वार्ता के बाद दावा कर दिया था कि ग्रामीण मतदान के लिए मान गए हैं। मगर दूसरे ही दिन दोबारा बहिष्कार का शोर बढ़ गया। मगर जिम्मेदारों ने सुध नहीं ली और ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ता गया।


पुरैना में ग्रामीणों की मान मनोब्बल करते प्रशासन व पुलिस के अफसर। ● अमृत विचार

शुक्रवार को सुबह से मतदान को लेकर बूथ पर कर्मचारी मतदाताओं की राह देखते रहे, लेकिन कोई वोट डालने नहीं वहुंख्स। इस पर इंस्पेक्टर बरखेड़ा पुरैना गांव गए और पता किया तो ग्रामीणों ने मतदान के बहिष्कार की बात कही। इसके बाद क्षेत्र के मजिस्ट्रेट लगाए गए और दिनभर मतदान के लिए ग्रामीणों को मनाया जाता रहा। मगर ग्रामीणों की जिद के आगे किसी की एक न चल सकी। अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय अफसरों संग पुरैना गांव पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। अफसरों ने कहा कि प्रशासन उनके साथ है। उनकी बात को शासन स्तर पर प्रमुखता से रखेगा। मगर ग्रामीण किसी तरह के आश्वासन पर मानने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद अफसर लौट गए। टीम छह बजे के बाद तक मतदान केंद्र पर रही, वहां लेकिन एक भी वोट नहीं पड़ा। खास बात यह रही कि ग्रामीण न तो वोट डालने गए और न ही किसी प्रत्याशी का कोई एजेंट बना। इस दौरान गांव में कई बार अफसरों के काफिले पहुंचते रहे।


मतदान बहिष्कार के चलते पुरैना गांव के बूथों पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

### ग्रामीण बोले- पुल नहीं बना तो आगे भी नहीं करेंगे मतदान

पुल न बनने से आ रही दिक्कत के समाधान को ग्रामीण अबकी बार पूरी तरह से एकजुट होकर मन बना चुके है। उन्होंने साफ कर दिया है कि वह आगे भी किसी चुनाव में मतदान नहीं करेंगे फिर चाहे वह ग्राम प्रधान, विधायक या फिर किसी अन्य जनप्रतिनिधि को चुनने का हो। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पुल नहीं कोई मतदान नहीं होगा।

### जिम्मेदारों ने पहले से नहीं दिया खास ध्यान

चाहे पुरैना गांव का मतदान बहिष्कार हो या फिर अन्य जगह स्थानीय समस्याओं को लेकर हुआ हंगामा। सभी में कहीं ना कहीं जिम्मेदारों की लापरवाह कार्यशैली अहम रही। पहले से उम्मीद जताए जाने के बाद भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।


बीसलपुर में दिव्यांग बुजुर्ग को मतदान के लिए ले जाते परिजन।


बीसलपुर के भाजपा विधायक विवेक वर्मा व उनके पिता पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा।


बिलसंडा में पहली बार वोट डालने के बाद खुश होतीं छात्रा मुस्कान जायसवाल।

# जीवित वोटर भटकते रहे, स्वर्ग सिधारने वालों की जारी कर दीं मतदाता पर्चियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कांशीराम कॉलोनी में सभासद समेत 200 से अधिक लोगों के नाम मतदाता सूची से गायब
- ईदगाह कॉलोनी के वार्ड नंबर पांच के सभासद ने नगर निकाय में किया था मतदान

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले प्रशासन की ओर से मतदाता सूची को ठीक कराने के लिए अभियान चलाया गया था। मगर मतदान के दिन ये दावे हवा हवाई साबित हो गए।

नगर पंचायत नौगवां पकड़िया क्षेत्र के कांशीराम आवास कॉलोनी ईदगाह के वार्ड नंबर पांच के सभासद विशाल ने बताया कि वह भाजपा के समर्थक हैं। उन्होंने भाजपा के चुनाव चिह्न पर सभासद का चुनाव लड़ा था। लोकसभा चुनाव को लेकर वह कई दिनों से क्षेत्र में मतदान के लिए लोगों को जागरूक कर रहे थे, लेकिन मतदान के लिए सभासद उनकी ही पर्ची प्रशासन की ओर से जारी नहीं हो सकी। जब वह बूथ पर सूची में नाम तलाशने के लिए पहुंचे तो उनका नाम वहां भी नहीं मिला। कई अफसरों का फोन किए मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। उनका कहना था नगर निकाय चुनाव में चुनाव लड़ा था वोट भी डाला। लेकिन लोकसभा की सूची से उनका नाम गायब कर दिया गया। इतना ही नहीं कॉलोनी की रहने वाली चंद्रकली ने बताया कि उनके बेटे सुरेश की चार साल पहले और मनोज की दस साल पहले मौत हो चुकी है। लेकिन फिर भी उनकी हर बार मतदाता पर्ची जारी कर दी जाती है। जबकि उनकी बेटी नीलू जो वर्तमान में कॉलोनी में ही रह रही है। उसका मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं है। बीएलओ को कई बार इसकी सूचना दी, लेकिन मृत बेटों के नाम सूची नहीं कटे और बेटी का नाम भी नहीं जुड़ा। कॉलोनी के अन्य लोगों की मानें तो करीब दो से अधिक लोगों का मतदाता सूची से नाम गायब था। जिस वजह से वह मतदान नहीं कर सके।

# बकसपुर में रास्ते को लेकर हंगामा, पांच घंटे बंद रहा मतदान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ग्रामीण बोले- जेल भेज दो पर रास्ता खुले बगैर नहीं डालेंगे वोट अधिकारियों से हुई नोकझोंक
- आखिर में बैकफुट पर आया प्रशासन, जेसीबी से दीवार तुड़वाकर खुलवाया रास्ता

**अमृत विचार:** प्रशासन द्वारा बकसपुर गांव का रास्ता ऑफीसर्स कॉलोनी की ओर से बंद कराए जाने का मुद्दा मतदान के दिन शुक्रवार को फिर गरमा गया। बकसापुर के ग्रामीण रास्ता खोलने की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार कर दिया और कई घंटे तक हंगामा करते रहे। इस दौरान पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच तीखी बहस हुई। मगर ग्रामीण अपनी बात पर अड़े रहे। आखिर में प्रशासन को बैकफुट पर आना पड़ा और दीवार तोड़कर बकसापुर का रास्ता ऑफीसर्स कॉलोनी की तरफ से खोल दिया गया। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे मतदान शुरू हो सका।

कुछ दिन पहले बकसपुर गांव के लोगों का ऑफिसर्स कॉलोनी की तरफ का रास्ता प्रशासन ने बंद करा दिया था। प्रशासनिक अफसरों ने अवैध तरीके से आवाजाही होने की बात कहकर खासी सख्ती दिखाई थी। इसकी शिकायतें करने पर गांव के 50 से अधिक लोगों को मुचलका पाबंद कर दिया गया था। मतदान के दिन शुक्रवार को बकसपुर के ग्रामीणों की ओर से उठाई जा रही मांग मुद्दा बनकर प्रशासन के लिए परेशानी का सबब बन गई। ग्रामीणों ने ऑफिसर्स कॉलोनी की तरफ से रास्ता मिले बगैर वोट डालने से इनकार कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम अजीत प्रताप सिंह व आशुतोष गुप्ता, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ बकसपुर जा पहुंचे और ग्रामीणों को मनाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी एक नहीं चली।


मतदान बहिष्कार को लेकर ग्रामीणों से वार्ता करते अधिकारी। ● अमृत विचार

ग्रामीणों का कहना था कि वे पिछले सौ सालों से अधिक समय से इस रास्ते का इस्तेमाल करते आ रहे हैं, जिसे अचानक बंद कर दिया गया। वे अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के यहां चक्कर लगाते रहे, लेकिन उनकी किसी ने नहीं सुनी। वह मतदान तभी करेंगे जब ऑफिसर्स कॉलोनी की तरफ से रास्ता मिल जाएगा। वरना चाहे जेल भेज दिया जाए, लेकिन वे मतदान नहीं करेंगे। बकसपुर गांव में करीब एक हजार वोटर हैं। ग्रामीणों की शर्त सुनकर पुलिस-प्रशासन सकते में आ गया। ग्रामीण आश्वासन पर मानने को राजी नहीं हो रहे थे। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कई बार तीखी बहस हुई। ग्रामीणों का कहना था कि प्रशासन की ओर से जितनी जगह छोड़ी गई है, उस पर तो पैदल भी ठीक से निकल पाना मुश्किल है। इस मामले को लेकर आला अधिकारियों से भी वार्ता हुई, लेकिन ग्रामीण मानने को राजी नहीं थे। आखिर में प्रशासन को बैकफुट पर आना पड़ा और आनन-फानन में जेसीबी मंगाकर कुछ दिन पहले बनाई गई दीवार को ध्वस्त कराया गया। इसके बाद ग्रामीण मान गए। यहां दोपहर 12.30 बजे से मतदान शुरू हुआ। कहीं तब जाकर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।



बहिष्कार के दौरान बकसपुर के बूथ पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

### ...और फजीहत के बाद भाग गए नेताजी

बकसपुर गांव में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच वार्ता चल रही थी। वहीं नजदीक गांव के एक पूर्व प्रधान वहां पहुंच गए। पहले तो वह ग्रामीणों की मांगों को रखते रहे। इसके बाद जब अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाना शुरू किया तो वह अधिकारियों की बात को ही सही ठहराने में जुट गए। इस पर भीड़ भड़क गई और नेताजी पर बरस पड़ी। पूर्व प्रधान एक जनप्रतिनिधि के करीबी माने जाते हैं। ग्रामीणों ने इस बात पर भी घेरा कि जब वह जनप्रतिनिधि के पास अपनी मांग लेकर गए थे तो उन्होंने भी अनसुना कर दिया था। इसके बाद तो ग्रामीणों ने नेताजी को एक मिनट नहीं रुकने दिया।

### सीओ सिटी के बोल पर गुस्साए ग्रामीण

प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों को आश्वासन देकर मनाने में जुटे हुए थे। इसी दौरान सीओ सिटी भी आ गए थे। उनकी ओर से सख्त लहजे में बात की गई। जब कुछ ग्रामीणों ने ये कहा कि वहां से साइकिल लेकर भी छात्राएं नहीं निकल पा रही है। तो सीओ ने ये कह दिया कि उस मार्ग से पैदल निकलने की जगह दी गई है। अब वहां से ट्रैफिक तो चालू नहीं करा दिया जाएगा। इसे सुनकर कुछ ग्रामीण भड़क गए और सीओ की भाषा को लेकर नाराजगी जताई।

# पीठासीन अधिकारी पर सपा को वोट डलवाने का आरोप, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** मतदान के दौरान खरुआ गांव के मतदान केंद्र पर एक ग्रामीण ने पीठासीन अधिकारी पर सपा को वोट डलवाने का आरोप लगाकर हंगामा किया। इसका पता लगने पर पहुंचे डीएम-एसपी ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। साथ ही पीठासीन अधिकारी पर लगे आरोपों की जांच के निर्देश दे दिए। कहीं तब जाकर माहौल शांत हुआ। हालांकि इस दौरान मतदान चलता रहा।

मामला जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम खरुआ के मतदान केंद्र का है। बालपुर गांव निवासी मोहनलाल नाम के बुजुर्ग वोट डालने को मतदान करने गए। आरोप है कि उनका वोट पीठासीन अधिकारी ने साइकिल का बटन दबाकर डलवा दिया। पीठासीन अधिकारी पर आरोप लगाते हुए उन्होंने बाहर निकलकर परिसर में हंगामा शुरू कर दिया, जिस पर अन्य लोग जमा हो गए। कुछ अन्य लोग भी पीठासीन अधिकारी की कार्यशैली पर संदेह जताने लगे। इससे कुछ ही देर में मामला तूल पकड़ने लगा। भाजपा के कुछ नेता बूथ पर जा पहुंचे। इसके बाद मामले को और हवा दे दी गई। इसकी जानकारी मिलने पर जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को निष्पक्ष मतदान का भरोसा दिलाते हुए पीठासीन अधिकारी पर लगे आरोपों की जांच के आदेश कर दिए।



खरुआ गांव के बूथ पर मतदान करने पहुंचे मतदाता। ● अमृत विचार

- डीएम-एसपी ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया, आरोपों की जांच के निर्देश दिए

> खरुआ में तैनात किए गए पीठासीन अधिकारी की कार्यशैली को लेकर शिकायत संज्ञान में आई थी। इस पर मौके पर जाकर जानकारी की गई। असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर को पीठासीन अधिकारी की जांच दी गई है। निष्पक्ष मतदान कराया जा रहा है।
> – **संजय कुमार सिंह**, जिला निर्वाचन अधिकारी

### मतदान केंद्र पर बेसुध हुई महिला सिपाही

**पूरनपुर।** शेरपुर कलां के उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थित मतदेय स्थल पर तैनात महिला सिपाही शालू कसाना तैनात थी। अचानक महिला सिपाही गश खाकर गिर गई। इससे खलबली मच गई। जानकारी लगते ही एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला और सीओ आलोक कुमा मौके पर पहुंचे। महिला सिपाही को पीएचसी शेरपुरकलां से चिकित्सक को बुलाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। हालत में सुधार न होने पर सीओ ने अपनी गाड़ी भेजकर पुलिस कर्मी को पूरनपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# बीएलओ ने भाजपा के बिस्तर पर बांटीं मतदान पर्ची, वीडियो वायरल

**पूरनपुर, अमृत विचार :** नगर के राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज में बूथ संख्या 306, 307 और 308 पर मतदाताओं ने वोट डाले। नगर पालिका की बीएलओ रजनी वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के बस्ते पर बैठकर मतदाताओं को पर्ची वितरित की। जबकि बीएलओ को चुनाव के दौरान निष्पक्ष रहने के निर्देश दिए गए थे। विपक्षी दलों के नेताओं ने बीएलओ का विरोध किया। उनका आरोप है कि बीएलओ ने कुछ लोगों के नाम भी सूची से हटवा दिए। इस दौरान कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# बिलसंडा क्षेत्र में धीमी रही मतदान की रफ्तार

**बिलसंडा, अमृत विचार :** बिलसंडा क्षेत्र के मतदाताओं में कम उत्साह दिखाई दिया। नगर में इस बार भी 11 बूथ बनाए गए, जिनमें से सिर्फ एक बूथ पर मतदाताओं की दोपहर तक कतार दिखाई दी, लेकिन अन्य बूथों पर पूरे दिन सन्नाटा जैसा पसरा रहा। यही स्थिति ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर रही। गांव कल्यानपुर तालुके करेली, बमरोली, ईटगांव, तिल्छी ,बिलासपुर, फिरसाह चुराह, इलाहाबास सिमरा, मुड़िया बिलहरा लिलहर, हेमपुर, नगरिया तिलागिरि ,पिपरगना, सिंमरोली, इरादतपुर पगार, मार, घनश्यामपुर की स्थिति भी ऐसी ही रही।


गांधी स्मारक सुंदर लाल इंटर कॉलेज मतदान केंद्र के बूथ पर लगी वोटरों की लाइन।

# सपा एजेंट व उसके पिता को पुलिस ने पीटा, डेढ़ घंटे बाधित रहा मतदान

संवाददाता, बीसलपुर

- मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने वार्ता कर ग्रामीणों को किया शांत फिर शुरू हुआ मतदान
- मोबाइल ले जाने को लेकर पुलिस से भिड़े पिता-पुत्र, ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार

**अमृत विचार:** मतदान केंद्र पर मोबाइल ले जाने से रोकने को लेकर हुई बहस के बाद वैधखेड़ा गांव में हंगामा हो गया। पुलिस ने सपा के बूथ एजेंट व उनके पिता की पिटाई कर दी। इसके बाद काफी ग्रामीण एकजुट हो गए और मतदान के बहिष्कार का ऐलान कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे और पिता-पुत्र को हिरासत में ले लिया। इसके बाद बातचीत कर मतदान के लिए ग्रामीणों को मना लिया गया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक मतदान बाधित रहा।

बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम वैधखेड़ा निवासी राजेश कुमार गांव के मतदान केंद्र पर सपा प्रत्याशी के एजेंट रहे। वह अपना छोटा सा मोबाइल साथ ले गए।

सुबह करीब दस बजे राजेश के पिता सोहनलाल वोट डालने के लिए बूथ पर पहुंचे। उनके पास भी मोबाइल था। मतदान केंद्र पर मौजूद फोर्स के जवानों ने मोबाइल पर प्रतिबंध होने की बात कहकर ऐतराज जताया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच बहस होने लगी। आरोप है कि इस बीच सुरक्षा कर्मियों ने पिता-पुत्र की पिटाई कर दी। इसके बाद लाठीचार्ज होने की चर्चा फैल गई। इस पर तमाम ग्रामीण एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।


सुरक्षा बलों की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए मतदान के बहिष्कार का ऐलान कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस में खलबली मच गई। इस पर कोतवाल अशोक पाल पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। पिता-पुत्र को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गए। उधर, मतदान के बहिष्कार का पता लगने पर पुलिस-प्रशासनिक के अधिकारी गांव जा पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता कर शांत किया। इससे 10 बजे से बंद हुआ मतदान 11:30 बजे दोबारा चालू हो गया।

# मोबाइल लेकर वोट डालने पहुंचे लोग, वीडियो किया वायरल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** प्रतिबंध होने के बावजूद कई लोग मोबाइल लेकर मतदान केंद्र पहुंचे और ईवीएम का बटन दबाते समय वीडियो बना लिया। वोट डालते समय के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो। पुलिस और प्रशासन में खलबली मची गई। वीडियो सामने आने के बाद सुरक्षा इंतजाम पर सवाल उठने लगे।

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण में पीलीभीत सीट पर हुए मतदान को लेकर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। गेट पर लगाए गए फोर्स की ओर से रोकटोक की जाती रही। हालांकि अधिकांश मतदान केंद्रों पर चेक करने से फोर्स बचता दिखाई दिया। इसी बीच दोपहर करीब 12 बजे फेसबुक एकाउंट पर एक वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में एक व्यक्ति वोट डालने को ईवीएम का बटन दवा रहा है। इसमें वीवीपैट भी साफ दिखाई दे रहा था। किसे वोट डाला गया ये भी सार्वजनिक हो गया। ईवीएम में उन्हीं 10 प्रत्याशियों के नाम दिखाई दे रहे हैं, जो यहां चुनाव मैदान में हैं।


वायरल वीडियो का फोटो।

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत, तीन घायल

## दोस्त की शादी में शामिल होने के बाद बाइक से घर लौट रहा था प्रदीप, बरखेड़ा-गजरौला मार्ग हुआ हादसा

संवाददाता, बरखेड़ा



मृतक प्रदीप कुमार।

**अमृत विचार:** बरखेड़ा-गजरौला मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि किशोर समेत तीन लोग घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी की।

गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम उगनपुर निवासी रामबहादुर का 20 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार श्रीवास्तव उत्तराखंड के रुद्रपुर की एक फैक्ट्री में काम करता था। वहां से वह कुछ दिन पहले ही घर आया था। गुरुवार देर शाम वह अपने दोस्त की शादी में शामिल होने बरेली जनपद के थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम बरखन गया था। रात को वहीं पर रुक गया। शुक्रवार सुबह किसी वाहन से कस्बा बरखेड़ा पहुंचा।



विलाप करते मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाती पुलिस। ● अमृत विचार

वहां से उसने फोन करके गांव के रहने वाले अपने दोस्त दीपक शर्मा को बुला लिया। इसके बाद दीपक व प्रदीप बाइक पर बरखेड़ा से अपने गांव उगनपुर जा रहे थे। उधर, आमडार गांव निवासी रंजीत पुत्र छोटेलाल के भाई रामू का शुक्रवार को तिलक था। रंजीत दावत के लिए पनीर लाने को बाइक पर अपने मौसेरे भाई निखिल (14) के साथ गया था। नगरा चौराहा से पनीर खरीदने के बाद दोनों अपने घर लौट रहे थे। बरखेड़ा-गजरौला मार्ग पर आमडार और नगरा चौराहा के बीच दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

फौरन चारों घायलों को सीएचसी ले जाया गया। वहां प्रदीप को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रदीप की मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया। इसके बाद परिवार वाले बरखेड़ा सीएचसी जा पहुंचे। मां रामश्री जवान बेटे की लाश देखकर बेसुश हो गईं। उन्हें परिजन और रिश्तेदार संभालने में जुटे रहे।

### बाइक की टक्कर से लखीमपुर के बुजुर्ग की जान गई

पूरनपुर। लखीमपुर के कस्बा मोहम्मदी निवासी पुत्तन कश्यप (75) की रिश्तेदारी गुलड़िया भूपसिंह में है। गुरुवार को वह रिश्तेदारी में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। गुरुवार देर रात गांव के बाहर सड़क पार करते वक्त तेज रफ्तार बाइक ने पुत्तन कश्यप को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी जानकारी मिलने पर रिश्तेदार मौके पर जा पहुंचे। आनन-फानन में उन्हें पूरनपुर सीएचसी लेकर आए। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसका पता लगने पर पुलिस ने बाइक चालक को हिरासत में ले लिया है। परिवार से कार्रवाई के लिए तहरीर मांगी है।

> दो बाइकों की टक्कर एक युवक की मौत हो गई थी। तीन लोग घायल हुए हैं। तहरीर मिलने पर उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
> – **अरविंद सिंह चौहान**, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

# भाजपा प्रत्याशी के लिए एक मंच पर दिखे नगर निकाय चुनाव में विरोधी रहे नेता



चेयरमैन डीके गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल व अन्य। ● अमृत विचार

**बिलसंडा, अमृत विचार:** राजनीति में सब जायज है। इसकी बानगी मतदान के दौरान बिलसंडा में दिखी। नगर के धुर विरोधी नेता भी भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के लिए एक साथ नजर आए। उन्हें साथ देख कस्बे के लोग भी हैरान रह गए।

निकाय चुनाव से पहले ही नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन अटल जायसवाल भाजपा में शामिल हो गए थे, लेकिन पार्टी ने उनकी बजाय नरेंद्र मोहन सक्सेना को टिकट दे दिया था। बसपा से अधिवक्ता रमेश चंद्र गुप्ता, सपा से बागीश मिश्रा चुनाव लड़े थे। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े डीके गुप्ता चेयरमैन बने। उधर, लोकसभा चुनाव में जब भाजपा ने जितिन प्रसाद को प्रत्याशी बनाया तो चेयरमैन डीके गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल के साथ ही बसपा के रमेशचंद्र गुप्ता भाजपा प्रत्याशी के लिए एक मंच पर आ गए। शुक्रवार को हुए मतदान के बाद नगर के इन नेताओं को एक साथ देखकर नगर की जनता भी हतप्रभ रह गई।

# मतदाता पर्ची न मिलने पर मायूस लौटे कई लोग

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** यहां मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं का पहुंचना शुरू हो गया। पुरुष मतदाताओं के साथ ही महिलाओं ने भी मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया। मतदान का प्रतिशत कम होता गया।

दोपहर में तेज धूप और गर्म हवा के चलते लोग मतदान के लिए नहीं निकले। दोपहर बाद एक बार फिर बड़ी संख्या में मतदाता वोट डालने पहुंचे। मगर नगर के मोहल्ला रजागंज देहात, नूरी नगर, अहमदनगर के दर्जनों मतदाता मतदान पर्ची न मिलने की वजह से वोट नहीं डाल सके। सीओ कार्यालय के पीछे बने मनरेगा भवन में बूथ से संबंधित बीएलओ ने पर्ची वितरित की। इस दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं को मतदान पर्ची नहीं मिली, जिससे वे मतदान करने से वंचित रह गए। इसको लेकर उनमें नाराजगी देखी गई। मगर कोई अधिकारी वहां नहीं पहुंचा।

## हाथी की चाल धीमी, साइकिल ने पकड़ी रफ्तार

**सुरेश जायसवाल, बिलसंडा।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में हुए मतदान में पीलीभीत सीट पर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। बसपा प्रत्याशी फूल बाबू ने भले ही त्रिकोणीय संघर्ष बनाने का भरसक प्रयास किया हो, लेकिन मतदान के दिन इसका असर देखने को नहीं मिला। अधिकांश बूथों पर कमल व साइकिल की टक्कर रही। लोगों का कहना है कि हाथी की धीमी चाल का फायदा साइकिल की रफ्तार बढ़ाने में कारगर साबित हो सकता है। पिछले साढ़े तीन दशक में हुए नौ में से आठ चुनावों में छह बार मेनका गांधी और दो बार वरुण गांधी सांसद चुने गए। इस बार भाजपा हाईकमान ने वरुण गांधी का टिकट काटकर कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद को चुनाव मैदान में उतार दिया। भाजपा ने इस सीट को प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 अप्रैल को पीलीभीत और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने भी दो बार जिले में और एक बार बहेड़ी आकर जनसभा की। इसके अलावा भाजपा के अन्य तमाम नेताओं ने यहां आकर माहौल बनाने का प्रयास किया। वहीं, सपा प्रत्याशी व पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार के पक्ष में केवल सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सिर्फ पूरनपुर में जनसभा की थी। बसपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के समर्थन में बसपा सुप्रीमो मायावती ने 15 अप्रैल को बीसलपुर में जनसभा की थी। मुकाबला त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा प्रत्याशी ने खूब प्रयास किए। मगर मतदान के दिन इसका असर कम ही दिखा। सजातीय मतदाताओं के अलावा मुस्लिम, यादव एवं सिख मतदाताओं के बीच साइकिल की रफ्तार तेज दिखाई दी। इतना ही नहीं लोध राजपूतों वोटरों के बीच भी कमल के साथ-साथ कई जगह साइकिल दौड़ने की चर्चाएं रहीं। शुरुआत से माना जा रहा था कि वरुण गांधी का भी एक बड़ा वोट बैंक खामोश है। मतदान के दिन अचानक बढ़ी रफ्तार को भी इसी से जोड़कर देखा जाता रहा। भाजपा से सीधी टक्कर में समाजवादी पार्टी आती दिखाई दी। हाथी चाल कहीं तेज हुई तो कहीं बेहद सुस्त रही। इसकी चर्चाएं मतदान के साथ ही तेज हो गई हैं। फिलहाल अब कौन जनता की परीक्षा में पास हुआ।

### आग से तीन एकड़ गेहूं जला

**पीलीभीत।** बिजली के तार से निकली चिंगारी से खेत में खड़ी गेहूं की फसल जल गई। हादसा गजरौला क्षेत्र के ग्राम नगफन फार्म में शुक्रवार दोपहर हुआ। आग की लपटें देख किसान जमा हुए और ट्रैक्टर से जुताई कर आग पर काबू किया। हादसे में ग्रामीण काबुल सिंह और राजवीर उर्फ राजू सिंह की तीन एकड़ गेहूं की फसल जल गई। जबकि बिट्टू सिंह की एक एकड़ नरई में भी आग लग गई। राजस्व विभाग को सूचना दे दी गई है।

### महिला का शव नहर में मिला

**घुंघचिहाई।** हरदोई ब्रांच नहर में मटेहना झील के पास एक महिला का शव शुक्रवार को पानी पर उतराता मिला। राहगीरों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। शव मिलने का शोर मचते ही काफी लोग जमा हो गए।

# कोई सात समुंदर पार से आया, किसी ने शादी से पहले किया मतदान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** लोकतंत्र के उत्सव में तमाम युवाओं ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसको लेकर युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। कुछ ऐसे भी रहे जो सात समंदर पार से वोट करने आए तो कुछ ने शादी करने से पहले मतदान का फर्ज निभाया।

### मान्या ने सात फेरे से पहले डाला वोट



शहर की बल्लभ नगर कॉलोनी निवासी मान्या अग्रवाल का शुक्रवार को विवाह था। इस खास अवसर पर वह लोकतंत्र के पर्व में शामिल होना नहीं भूली। मान्या ने शुक्रवार सुबह सबसे पहले मतदान किया। इसके बाद शादी की तैयारियां कर परिजनों के साथ मैनपुरी वैवाहिक स्थल रवाना हो गईं। मान्या जनपद गोरखपुर स्थित यूको बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। मान्या ने कहा कि विवाह और मतदान दोनों ही खास हैं। प्राथमिकता तय कर दोनों कार्यों को पूर्ण करना उचित समझा। सुबह पहले मतदान किया। इसके बाद शादी के लिए मैनपुरी जा रहे हैं।

### कनाडा से मतदान करने पहुंचे आजम



पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं में शामिल शहर के रहने वाले आजम जिलानी कुछ खास रहे। वह कनाडा से पीलीभीत ले वोट डालने के लिए आए थे। सुबह अपने पिता व्यापारी नेता अफरोज जिलानी के साथ वह राम लुभाई कॉलेज के बूथ संख्या चार पर मतदान किया। आजम जिलानी ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान बहुत आवश्यक है। कनाडा से वोट डालने पीलीभीत आने के सवाल पर कहा कि पहली बार वोट डाला है। वोट कैसे डालते हैं इसको लेकर भी उत्सुकता थी। साथ ही वेकेशन भी था।

### रूस से वोट डालनें आईं टटियाना जायसवाल



रूस के मोलडवा की रहने वाली टटियाना जायसवाल ने अपने पति नीरज के साथ बिलसंडा में मतदान किया। लंबे समय से पति के साथ यहां रहते हुए उनको यहां की नागरिकता मिली थी। मतदान के बाद टटियाना ने बताया कि उनको लगा पीलीभीत अभी विकास में पीछे है। यहां विकास होना चाहिए। उन्होंने अपना मत विकास के मुद्दे और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किया है। उन्होंने अन्य लोगों से भी इन्हीं मुद्दों पर मतदान की अपील की। इस दौरान पति ने भी अपना मतदान किया।

### पहले निभाई जिम्मेदारी फिर दुल्हनिया लेने गए



**पूरनपुर।** शुक्रवार को गांव घुंघचाई के अमन दुबे पुत्र संजीव दुबे ने शादी के दिन पहले मतदान किया। शुक्रवार को अमन की बारात एटा जा रही थी। बारात से पहले दूल्हा भेष में सजे अमन ने पहले गांव के मतदान केंद्र पर जाकर वोट डाला। उसके बाद बैंड बाजे के साथ गाड़ी में सवार होकर बारात लेकर एटा के लिए रवाना हो गए। अमन की इस जागरूकता की लोगों ने सराहना की। मतदान केंद्र पर भी मौजूद पीठासीन अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों ने अमन की प्रशंसा की।

## पहली बार किया मतदान



जिले में विकास और रोजगार अहम मुद्दा है। इसके ऊपर ही वोट दिया है। अभी तक वह परिवार के लोगों को वोट डालते देखा था, लेकिन इस बार मतदान करने का मौका मिला। खुद पर गर्व महसूस हो रहा है कि वह भी इस लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा है। हमें शिक्षित प्रतिनिधि की जरूरत है, जो जिले वासियों की समस्या को सुनकर उनका निस्तारण कराएं।

– श्रुति सिंह



लोकतंत्रिक व्यवस्था में सहभागिता करके काफी खुश हूं। जिले के विकास, शिक्षा आदि की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पहला वोट दिया है। पहली बार मतदान करने के लिए इतना उत्साह था कि सभी काम छोड़कर पहले मतदान करने के लिए केंद्र पर पहुंच गई थी। वोट देकर हमने अपना फर्ज निभाया। अब जीते हुए प्रत्याशी की बारी होगी कि वह विकास करे।

–अनामिका जैसवार



मतदान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। मुझे पहली बार मतदान करने का मौका मिला। जिसको लेकर मैं बहुत खुश हूं। परिवार के साथ पहली बार मतदान केंद्र तक पहुंची। जहां वोट डालकर अच्छा लगा। पहली बार का वोट ऐसे प्रतिनिधि को दिया है। जो महंगाई और रोजगार के मुद्दे को ध्यान में रखेगा।

–स्वनिल शर्मा



लोकतंत्र का महापर्व है। हमेशा उत्सुकता रहती थी कि वोट कैस डालते हैं। उंगली पर अमिट स्याही कब लगेगी। आज यह मौका मुझे मिला है। इससे मैं हमेशा याद रखूंगी। अपना पहला वोट देश हित की बात और नारी सम्मान के साथ महंगाई को नियंत्रण करने वाली सरकार को चुनने के लिए दिया है।

–ज्योति

# बैलगाड़ी से वोट डालने पहुंचे इकबाल सिंह



मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद स्याही दिखाते बुजुर्ग दंपती।



मतदान करने के बाद बैलगाड़ी से वापस जाते बुजुर्ग इकबाल सिंह।



राम लुभाई साहनी महाविद्यालय में मतदान केंद्र पर नाती के साथ पहुंचे बुजुर्ग।



व्हीलचेयर पर वोट डालने पहुंचें बुजुर्ग

कार्यालय, संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मतदान के दिन हर कोई उत्साहित दिखा। मतदान केंद्रों पर पहुंचे 70 से 90 साल तक के बुजुर्गों में युवाओं से कम जोश नहीं दिखा। इकबाल नाम के बुजुर्ग तो वोट डालने के लिए बैलगाड़ी पर बैठकर मतदान करने के लिए पहुंचे।

जिले में मतदान को लेकर बुजुर्गों में भी खासा उत्साह दिखा। आयोग के निर्देश पर 85 साल से अधिक आयु वाले मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं से घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जा चुका था। बावजूद इसके कई बुजुर्ग मतदाताओं ने शुक्रवार को बूथ पर जाकर मतदान किया। सुबह आठ से नौ बजे तक मतदान केंद्रों पर युवाओं और बुजुर्गों की भीड़ लगी रही। दिव्यांग व्हीलचेयर के सहारे मतदान करने के लिए पहुंचे।

शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी इकबाल सिंह सुबह सात बजे अपने खेत पर काम करने के लिए चले गए। वहां काम निपटाने के बाद वह बैलगाड़ी पर पोलिंग बूथ तक गए। जहां उन्होंने वोट डाला और उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। सदर तहसील में बने मतदान केंद्र पर चौक बाजार की रहने वाली 102 वर्षीय महमूद जहां मतदान करने के लिए अपने बेटे के साथ पहुंची। हर बार बेहतर सरकार चुनने के लिए ही मतदान करती है। डिग्री कॉलेज में बने मतदान केंद्र शहर के मोहल्ला सरफराज खां के रहने वाले एक बुजुर्ग तल्ख धूप में अपने परिजनों के साथ वोट डालने के लिए पहुंचे। पैर से दिव्यांग होने की वजह से उन्हें गोद में लेकर मतदान कक्ष तक ले जाया गया।



राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए पहुंचा दिव्यांग।



सदर तहसील में 80 साल की बुजुर्ग महिला को मतदान के लिए लेकर पहुंचा युवक।

चर्म रोग एवं गुर्दे की पथरी के लिए
निःशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर
दि. 22.04.24 (सोमवार) से दि. 02.05.24 तक
दवाईयों में भी 30% तक की छूट दी जायेगी।
क्या आपको पथरी है? बिना ऑपरेशन सम्भव है
पथरी का इलाज
डॉ. ब्रजेश कुमार
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन (निकट संजय नगर पेट्रोल पंप), बरेली।
9058575790
8077383286
• पथरी,
• चर्म रोग,
• बवासीर,
• बालों का झड़ना,
• सर्वाइकल,
• गुप्त रोग,
• लकवा,
• मानसिक रोग (डिप्रेशन)
होम्योपैथी से बिना ऑपरेशन पथरी निकली
प्रहलाद सक्सेना, बरेली 9 mm
अरशद, सैंथल 6 mm & 4 mm
राम, बीसलपुर 12 mm
मिलने का समय
प्रातः 11:00 से 4:00 बजे तक
सायं 06:00 से 8:30 बजे तक
रविवार
दोपहर 12 से 2 बजे तक

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

## एक नजर

### व्यय प्रेक्षक से मुलाकात का समय निर्धारित

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा धौरहरा सीट के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस ऑफीसर सुमित बेसरा का मोबाइल नंबर 9532608140 है। व्यय प्रेक्षक लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह (एलआरपी) में ठहरे हुए हैं। इच्छुक व्यक्ति प्रात: 10 :30 बजे से प्रात: 11 : 30 बजे तक व्यय प्रेक्षक से मुलाकात कर सकते हैं।

### बीमारी से त्रस्त बुजुर्ग ने फंदा लगाकर जान दी

**उचौलिया।** पुत्र की ससुराल में रहने वाले एक वृद्ध ने बीमारी से त्रस्त होकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बाबू (70) मूलत: शाहजहांपुर के गांव निगोही के निवासी थे। वह काफी समय से उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम बनका गांव में अपने लड़के आसिफ की ससुराल में अपने लड़के के साथ ही रहे थे। बाबू काफी समय से कई बीमारियों से ग्रस्त थे, जिससे परेशान होकर शुक्रवार की सुबह उसने घर से थोड़ी दूरी पर एक पेड़ पर फंदा लगा लिया। थाना उचौलिया की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पीएचसी पर पहुंची एंटी रैबीज इंजेक्शन की खेप

**भीरा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंटी रैबीज इंजेक्शन की खेप पहुंच गई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उबैस अहमद खान के अनुसार इस अस्पताल क्षेत्र में किशनपुर सेंच्युरी के सघन वनों के आसपास बसे ग्रामीणों किसानों को जंगली पशुओं और कुत्तों के काटने पर एंटी रैबीज इंजेक्शन न होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। उन्हें लखीमपुर जाना पड़ता था। अब यहां एआरबी की सुविधा मिल सकेगी।

### एसडीएम ने बूथों का किया निरीक्षण

**पलिया कलां।** एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने शुक्रवार को पलिया क्षेत्र के कई बूथों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को दिशा-निर्देश भी दिए। एसडीएम ने गांव बसंतापुर कलां, बसंतापुर खुर्द, मलिनिया एवं मरुआ पश्चिम आदि में बनाए गए मतदान केंद्रों के बूथों का निरीक्षण किया। बिजली, पानी शौचालय और बूथों तक अपंग एवं वृद्धों के लिए आराम से पहुंचने आदि की व्यवस्था देखी। जहां कहीं कोई कमी देखी, उसे पूरा करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए।

# दूसरे दिन दो प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन

## नामांकन को देखते हुए कलेक्ट्रेट पर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी से हो रही निगरानी

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** नामांकन के दूसरे दिन धौरहरा लोकसभा सीट से पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार और निर्दलीय प्रत्याशी नरसिंह ने रिटर्निंग ऑफिसर सीडीओ अनिल कुमार सिंह के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। दूसरे दिन खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ।

वहीं खीरी व धौरहरा से चार-चार लोगों ने नामांकन पत्र प्राप्त किए। नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुबह से कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। साथ ही सीसीटीवी से भी निगरानी की जा रही है। दिन में तेज हवाएं चलने से धूल से बचाव के लिए नगर पालिका ने पानी का छिड़काव कराया। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय 11 बजे से 03 तक निर्धारित किया गया है। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन शुक्रवार को खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए निर्धारित आरओ कक्ष से चार-चार व्यक्ति नामांकन पत्र लेकर गए हैं।


नामांकन करने जाते पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के प्रत्याशी राजेश कुमार सिद्धार्थ।


पर्चा दाखिल करने जाते निर्दलीय प्रत्याशी नरसिंह यादव। ● अमृत विचार

### व्यय प्रेक्षक ने किया निरीक्षण, अफसरों संग की बैठक

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए आयोग से नामित व्यय प्रेक्षक सुमित बेसरा ने निर्वाचन व्यय पर निगरानी रखने के लिए गठित टीमों की बैठक ली और प्रत्याशियों के व्यय पर पैनीनजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निष्पक्ष रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण भी किया। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को व्यय प्रेक्षक सुमित बेसरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सीडीओ/रिटर्निंग अधिकारी धौरहरा संसदीय क्षेत्र अनिल कुमार सिंह ने जनपद में निर्वाचन सबंधी अब तक की गई तैयारियों के बारे में बताया। बैठक में एडीएम/डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी (व्यय लेखा) अमित कुमार राय, एआरओ एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, विनीत उपाध्याय, राजेश कुमार, हरगांव से एआरओ एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, महोली से एआरओ एसडीएम अभिनव यादव, प्रभारी अधिकारी (एमसीएमसी) एसडीएम रेनू मिश्र आदि अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में पानी का छिड़काव करता नगर पालिका का टैंकर।

# एसपी के आदेश पर जेल रोड से हटाए गए बैरियर


बैरियरों का निरीक्षण करते एसपी गणेश प्रसाद साहा। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** नामांकन को लेकर लागू की गई ट्रैफिक व्यवस्था गुरुवार को पहले दिन ही ध्वस्त हो गई थी। एसपी ने इसे गंभीरता से लेकर शुक्रवार को जेल रोड से बैरियर हटाने के निर्देश दिए थे। इस पर जेल रोड और विलोबी हाल के निकट अंबेडकर पार्क के पास लगाए गए बैरियरों को हटा दिया गया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को ट्रैफिक पुलिस ने कलक्ट्रेट के चारों तरफ लोहिया भवन से कचहरी, डीसी रोड तिराहा, नौरंगाबाद चौराहा. शहपुरा कोठी चौराहा और विलोबी हाल से कांग्रेस कार्यालय की तरफ जाने वाले मार्ग को पूरी तरह से बंद कर फोर्स तैनात कर दिया था। इससे हमदर्द दवाखाना से शाहपुरा कोठी, खीरी रोड, जेल रोड पर वाहनों का अत्यधिक दबाव बढ़ गया था। वाहन पूरे दिन जाम में जूझते रहे थे। जाम की समस्या को लेकर एसपी गणेश प्रसाद साहा ने शुक्रवार को बैरियरों का निरीक्षण किया।

इसके बाद उन्होंने सिर्फ डीसी रोड पर पेट्रोल पंप और कलक्ट्रेट तिराहे पर बैरियर चालू रखने के निर्देश शहर कोतवाल अंबर सिंह को दिए। शहर कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि लोहिया भवन, जिला सहकारी बैंक और विलोबी के निकट कलेक्ट्रेट रोड पर लगाए गए बैरियरों को हटा दिया गया है।

# युवा, व्यापारी, महिलाएं, किसान मजदूर सभी लोग परेशान: उत्कर्ष


पत्रकारों से वार्ता करते खीरी सीट से सपा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा। ● अमृत विचार

**संवाददाता, पलिया कलां**

**अमृत विचार:** खीरी संसदीय क्षेत्र से सपा (गठबंधन) प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा ने कहा है कि इस बार का लोकसभा चुनाव जनता खुद लड़ रही है। पिछले 10 सालों में उसने भाजपा के झूठे वायदों की हकीकत जान ली है।

आज देश का युवा, व्यापारी, किसान, महिलाएं, मजदूर सब परेशान हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर जिले में रुके हुए विकास कार्य पूरे कराए जाएंगे। गठबंधन से सपा प्रत्याशी ने पलिया नगर में अपने चुनाव कार्यालय पर प्रेस वार्ता में यह बात कही। सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, प्रदेश सचिव गुरप्रीत सिंह जार्जी, पलिया प्रभारी प्रीतेन्द्र सिंह कक्कू, कांग्रेस के प्रदेश सचिव बलराम गुप्ता, रिसाल अहमद, माकपा माले के कमलेश राय, सपा के जावेद अख्तर, जियाउर्रहमान मौजूद रहे।

# हीटवेव: रिजर्व वार्ड का सीएमएस ने किया निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** जिला अस्पताल में हीटवेव को लेकर बनाए गए 10 बेड के वातानुकूलित वार्ड का शुक्रवार को सीएमएस डॉ. आरके कोली ने निरीक्षण किया। इस दौरान स्टाफ से ऑक्सीजन कंसलटेटर चलवाकर देखा और फिर ऑक्सीजन सिलेंडर की जांच कर स्टाफ नर्स को साफ सफाई रखवाने और उपकरणों को समय समय चलवाकर चेक करते रहने के निर्देश दिए। सीएमएस ने वार्ड में रखी दवाइयों की उपलब्धता का मेडिसिन स्टॉक रजिस्टर से मिलान किया। इस दौरान एक ऑक्सीजन कंसलटेटर में ऑक्सीजन प्रवाह में समस्या लगने पर उसे सही करवाने के निर्देश दिए। आपात स्थिति के लिए वार्ड में तीन ऑक्सीजन कंसलटेटर एवं दो ऑक्सीजन सिलेंडर रखवाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान स्टाफ नर्स अर्चना यादव के छुट्टी पर जाने पर चार्ज और अलमारी की चाबी संबंधित स्टाफ को न देने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया।

# अलर्ट: सुबह 11 से शाम चार बजे तक घर में ही रहें

- हीटवेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग हो गया सतर्क
- सीएमओ का दावा, बचाव के हैं पुख्ता इंतजाम

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** धूप की तेजी से शुक्रवार को तापमान 41 डिग्री पहुंच गया है। इससे हीट वेव का खतरा बनने लगा है। हीटवेव की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी सजग है। शुक्रवार को सीएमओ ने जिला अस्पताल स्टाफ संग बैठकर लू ग्रसित रोगियों के उपचार और देखरेख करने के बारे में जानकारी दी। लोगों से अपील की कि जरूरी न हो तो सुबह 11 से चार बजे तक सड़कों पर न निकलें।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि अप्रैल, मई और जून माह में लू का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। लू से पीड़ित रोगी का इलाज व देखरेख करने के लिए बेहद सजग रहने की जरूरत है। इसके लिए जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी स्तर तैयारियां पुख्ता कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि स्टाफ को प्रशिक्षत किया गया है, जिससे वह विपरीत परिस्थितियों में मरीज को तत्काल राहत पहुंचा सके। सीएमओ ने बताया कि तेज गर्मी एवं उमस शरीर के लिए खतरनाक है। खासकर शिशुओं, बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिए। तेज धूप और गर्मी में में हीट स्ट्रोक हो सकता है, जिससे मौत तक हो सकती है। सावधानी बरतकर हीट वेव से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि हीटवेव के खतरे को भांपते हुए जिला अस्पताल एवं सीएचसी पर ओआरएस से लेकर आईवी फ्ल्यूड का पर्याप्त स्टॉक मुहैया कराने के साथ स्टाफ को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

### इस तरह करें बचाव

एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि इस मौसम में पानी खूब पीएं, सूत्री और हल्के वस्त्र पहने, धूप में निकलते समय आंखों पर चश्मा और पैरों में चप्पल पहनें। संभव हो तो 11 से चार बजे के बीच घर से न निकलें। यदि निकलें तो छाता लगाएं। लस्सी, नींबू पानी, छाछ, ओआरएस घोल का प्रयोग करें। पेट में मरोड़, घमौरियां, शरीर में कमजोरी लगना, चक्कर आना, सिर में तेज दर्द, उबकाई आदि के लक्षण महसूस होने पर नजदीकी सरकारी अस्पताल जाकर दिखाएं।


हीटवेव से बचाव के बारे में बताते सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता। ● अमृत विचार


दोपहर को तेज धूप में छुट्टी होने पर स्कूल से घर जातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### नहाते समय नदी में डूबकर किशोर की मौत

**बिजुआ, अमृत विचार:** रिश्तेदारों को नदी दिखाने ले गए एक किशोर की नहाते समय नदी में डूब कर हुई मौत हो गई। भीरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत करसौर के मजरा लंगड़ीपुरवा निवासी राजेश का पुत्र निखिल (17) शुक्रवार को अपने रिस्तेदारों को साथ लेकर शारदा नदी दिखाने गया था। नदी में स्नान करते समय अचानक गहरे पानी में चला गया जिससे डूबकर उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया गुरुवार को परिवार में मृतक के चचेरे भाई का तिलक था। वह रिश्तेदारों को शारदा नदी कटान दिखाने के लिए चला गया। गर्मी होने के चलते सभी नदी में स्नान करने लगे। सभी स्नान करके बाहर आ गए लेकिन निखिल जब बाहर नहीं निकला तब सभी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। रिश्तेदारों ने फोन पर जानकारी घर वालों को दी। करीब एक घंटे के बाद निखिल को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो गई थी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


मृतक निखिल।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# स्कूल और मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिदायत नगर के समीप बसे कुमार नगर स्थित गुरुकुल एकेडमी के संचालक रामनरेश ने बताया कि गुरुवार की रात चोरों ने उनके स्कूल का ताला तोड़कर सामान सहित गैराज में रखा लोहे का सामान, बड़ा बैट्रा, बड़ा इनवर्टर, 16 सौ रुपये नगदी आदि सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं गोला गोकर्णनाथ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अगौना निवासी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि 17 अप्रैल को उनके भाई के घर मुंडन का कार्यक्रम था। वह पूरे परिवार के साथ गए थे। देर रात जब घर वापस लौटे तो मकान के ताले टूटे पड़े थे। सभी कमरों के दरवाजे खुले पड़े थे। सोने चांदी के आभूषण सहित करीब तीन लाख रुपये का सामान चोरी हो गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# मैलानी-पीलीभीत होकर दो और चलेंगी साप्ताहिक ट्रेन

- लालकुआं से हावड़ा और बनारस एवं रामनगर से लखनऊ तक चलेगी ट्रेन

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी- मैलानी**

**अमृत विचार:** जिले को दो और साप्ताहिक ट्रेनें मिली हैं। इस तरह मैलानी-पीलीभीत रेलखंड पर तीन साप्ताहिक ट्रेनें हो गईं। इनमें से एक ट्रेन लालकुआं से हावड़ा, दूसरी लालकुआं से बनारस और तीसरी ट्रेन उत्तराखंड के रामनगर से लखनऊ जंक्शन तक चलेगी। रेलवे ने इसकी समय सारिणी भी जारी कर दी है। इससे गर्मी के दिनों में जिलेवासियों को नैनीताल, रामनगर एवं बनारस तक जाने के लिए सीधी ट्रेन मिलेगी।

पहली ट्रेन लालकुआं से हावड़ा के लिए 25 अप्रैल से चलेगी। इसके बाद दूसरी ट्रेन लालकुआं से बनारस के लिए 29 अप्रैल और रामनगर से लखनऊ जंक्शन के लिए तीसरी ट्रेन 26 अप्रैल को चलेगी।

इसी क्रम में हावड़ा से लालकुआं के लिए 26 अप्रैल, बनारस से लालकुआं के लिए 30 और लखनऊ जंक्शन से रामनगर के लिए 26 अप्रैल को चलेगी। इनमें से लालकुआं से हावड़ा और बनारस के लिए ट्रेन सीतापुर से बुढ़वल होकर और रामनगर से लखनऊ जंक्शन तक चलने वाली ट्रेन सीतापुर सिधौली होकर चलेगी।

# एसडीएम से नाराज वकीलों का प्रदर्शन

- अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान, नारेबाजी

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचार:** एसडीम की कार्यप्रणाली से नाराज वकीलों ने शुक्रवार को सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों संग बैठक कर अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी। एसडीएम पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए निंदा प्रस्ताव पारित कर नारेबाजी की।

सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा और महामंत्री राकेश त्रिपाठी ने बताया कि एसडीएम रत्नाकर मिश्रा वकीलों के साथ अच्छा व्यवहार न कर अपने चेंबर में तहसीलदार, नायब तहसीलदार के साथ बैठकर बातें करते हैं। जिससे आम जनता, वादकारी और वकील परेशान होते रहते हैं। सुरेश चंद्र गुप्ता, लालबिहारी वर्मा, विजय प्रकाश मिश्रा, नरेंद्र शुक्ला टाइगर, कमलकिशोर वर्मा, आदर्श वर्मा, संत कुमार भारती, अवधेश तिवारी, सुनील वर्मा, हरिनाम पांडे आदि वकील मौजूद रहे।


गोला तहसील में नारेबाजी करते वकील। ● अमृत विचार

> इन दिनों लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग के तमाम दिशा-निर्देशों का पालन करना होता है, फिर भी वह वादकारियों को सुनते हैं। ऑफिस में बैठकर अधिकारियों से बातें करते रहने की बात निराधार है। **- रत्नाकर मिश्र, एसडीएम**

# विपक्ष पर निशाना, सरकार के गिनाये काम

- डिप्टी सीएम ने निघासन में खीरी प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में की जनसभा

**संवाददाता, निघासन**

**अमृत विचार:** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा का ये चुनाव देश को 100 साल आगे ले जाने वाला चुनाव है। 1000 साल की मजबूत नींव डालने वाला चुनाव है। उन्होंने सरकार के कार्य और योजनाएं गिनाईं। विपक्ष खासकर सपा पर तीखे सियासी हमले किए।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करने के बाद जनता से संवाद किया। उन्होंने करीब तीस मिनट में पार्टी की नीतियों और सरकार के विकास कार्य गिनाए। कहा कि मोदी के आने के बाद विकास की गारंटी पूरी हो रही है। गांव से लेकर शहरों तक विकास की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में सपा का झंडा लगाकर गाड़ियों के भीतर गुंडे बैठते थे। सपा अपराधियों को पैदा करने वाली पार्टी है। पिछली सरकार थी तो बिजली की किल्लत बनी रहती थी। भाजपा सरकार में फर्क साफ नजर आ रहा है। भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी ने भी संबोधित किया।

जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, कार्यक्रम संयोजक जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विनीत मनार, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, विधायक योगेश वर्मा, बद्री प्रसाद मौर्य, जगन्नाथ मौर्य, अंशुल दीक्षित, विनोद लोधी आदि लोग मौजूद रहे।


डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत करते भाजपा नेता।

# गन्ने की पेराई कर बंद हुई अजबापुर चीनी मिल

**पसगवां, अमृत विचार:** अजबापुर चीनी मिल के पेराई सत्र का समापन हो गया। चीनी मिल ने एक करोड़ 95 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की है। उप महाप्रबंधक गन्ना अतिउल्लाह सिद्दीकी ने बताया कि चीनी मिल ने क्रय किये गये गन्ने का 12 अप्रैल तक का लगभग 693 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान 75 हजार 846 किसानों के बैंक खातों में भेजा है। यूनिट हेड कुलदीप सिंह और गन्ना महाप्रबंधक विवेक तिवारी ने बताया कि आगामी पेराई सत्र के लिए गन्ना सर्वे का कार्य इसी माह से प्रारम्भ हो जायेगा। सट्टा संचालन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए किसान गन्ना की वेवसाइट पर अपना घोषणा-पत्र सर्वे से पहले भर दें। साथ ही सर्वे के समय अपने गन्ने की फसल की पैमाइश अवश्य कराएं।

# ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

- धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा के लिए मतदाताओं से मांगा समर्थन

**संवाददाता, मोहम्मदी-खीरी**

**अमृत विचार:** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा के समर्थन में जनसभा की। इससे पहले उन्होंने बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में जोश भरा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी वर्गों को जोड़ने का कार्य किया है।

सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाई, श्री राम मंदिर का भव्य निर्माण कराया। उन्होंने कार्यकर्ताओं याद दिलाया कि मोहम्मदी अटल जी की कर्मभूमि रही है। अपने विभाग की उपलब्धि बताते हुए कहा कि मोहम्मदी में आठ विद्युत उपकेंद्र बने, जिससे बिजली आपूर्ति बेहतर हुई है जो कार्य शेष बाकी है वे भी जल्द होंगे। प्रत्याशी रेखा वर्मा व विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। जिला महामंत्री ज्योतिर्मय बरतरिया, नगर अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी, पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता सहित सभी संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।


जनसभा को संबोधित करते ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, साथ में प्रत्याशी रेखा वर्मा।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा.शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार

मालियों की पुलिया बरेली

9837023223



सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षो का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202



खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्खलन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306


# तमाम विकार लेकर आता है क्रोध, इससे दूर रहें


- चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर हुआ निरंकारी सत्संग

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी में ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर निरंकारी सत्संग में लोगों को क्रोध से दूर रहकर प्रेम करने की शिक्षा दी गई।

निरंकारी सत्संग का शुभारंभ निरंकारी संतो के साथ पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने किया। दिल्ली के संत निरंकारी मिशन के महात्मा राकेश मुट्रेजा ने कहा कि इंसान को क्रोध नहीं करना चाहिए। क्रोध में हार ही हार है। सद्‌गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज हमें प्रेम करना सिखा रही हैं। ईश्वर प्रेम है, प्रेम ही ईश्वर है। क्रोध हर समस्या की जड़ है। क्रोध अकेला नहीं आता। वह अपने साथ तमाम विकार लेकर आता है। प्रेम गली अति सांकरी जामे दो न समाय, जब मैं था तब हरि नहीं अब हरि है मैं नाहि।

लखीमपुर की निशा साहनी, श्वेता साहनी, गीता भारती ने सुनाया- मेरे मिशन का एक है नारा, जग में हो भाईचारा, न तकरार करो, हर तन में है भगवान सभी से प्यार करो।पुवायां की जसविंदर सिंह ने सुनाया, मेरा सद्‌गुरु यह बताने आया है तू कहां जाएगा तू इंसान कहां से आया है। शाहजहांपुर के विवेक देव ने कहा- मुझमे भी तुझमे भी इसमें भी उसमे भी सबमे राम समाया है। काजल ने गीत के माध्यम से सुनाया-ओ दुनियां बालो सुनो जग वालों बड़े ध्यान से,मेरा सद्‌गुरु तो मिलाये भगवान से। संचालन रामकरन राठौर ने किया। व्यवस्था में जोनल इंचार्ज प्रीतपाल सिंह, संयोजक प्रवेश साहनी, क्षेत्रीय संचालक रंजीत सिंह, गोला मुखी प्रमिला खुराना, दिल्ली की हेमा, संचालक लालजी प्रसाद, शिक्षक रामनरेश सोनी, मीडिया प्रभारी करन सिंह राठौर सहित क्षेत्र के तमाम निरंकारी महात्मा और सेवादल के कार्यकर्ता मुस्तैद रहे।



सत्संग करते महात्मा राकेश मुट्रेजा।

### चैती मेला में आज

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय कलाकारों की संगीत संध्या रात्रि आठ बजे से।

## महात्मा राकेश मुट्रेजा ने बच्चों को दिए टिप्स

**गोला गोकर्णनाथ।** संत निरंकारी मिशन के महात्मा राकेश मुट्रेजा ने कोटवारा स्थित सिल्वर सिटी एकेडमी में बच्चों से मुलाकात कर उनसे दिनचर्या तथा पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के टिप्स दिए। राकेश मुट्रेजा ने बच्चों से कहा कि वह मन लगाकर लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें। सफलता उनके कदम चूमेगी। जोनल इंचार्ज प्रथिपाल, हेमा और शालू के अलावा संस्था प्रबंधक हरमोहन सिंह खुराना, प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। विद्यालय के शिक्षक अजीत कुमार, अशोक कुमार, अश्विनी मिश्रा, गुरु सिमरन कौर, नूर, रघुवीर आदि मौजूद रहे।

## सिद्ध बाबा स्थान पर आयोजित किया भंडारा

**महंगापुर।** पलिया–संपूर्णानगर रोड स्थित लालपुर ढाका त्रिकौलिया के सिद्ध बाबा मंदिर स्थान पर राम चरित मानस पाठ के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजक पप्पू यादव त्रिकौलिया, प्रधान होरी लाल यादव सहित क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने सिद्ध बाबा स्थान के नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण में रामचरितमानस का पाठ करा तीसरा वार्षिक उत्सव समारोह पूर्वक बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। आचार्य वेद प्रकाश मिश्र व्यास बौधिया वालों के निर्देशन में मंदिर के वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि लालपुर शत्रोहन लाल मिलन, सचिन, हरीश कुमार, राजेंद्र यादव, डॉ. रमेश कुमार, तरुन कुमार यादव, साजन यादव आदि मौजूद रहे।

## कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ।** मोहल्ला मुन्नू गंज निवासी उमा गुप्ता ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि नगर में उनके दो प्लाट हैं। जो उसने सदर कोतवाली क्षेत्र के बरखेरवा निवासी विश्वजीत गुप्ता उर्फ विस्सू के मुख्तियार आम राजेश गुप्ता से खरीदा था। जिसका नगर पालिका परिषद से दाखिल खारिज भी होकर उसके नाम दर्ज हो जा चुका है। 20 दिसंबर 2023 की दोपहर मोहल्ला निवासी अनुज कुमार शुक्ला, अपनी पत्नी मंजू शुक्ला, पुत्र नमन शुक्ला के साथ मकान पर आए और अभद्रता करते हुए कहा कि मकान उन्होंने खरीद लिया है। मना करने पर आरोपियों ने ताला तोड़कर, समान फेंकने और जबरन मकान पर कब्जा करने की धमकी दी। सुधा गुप्ता का आरोप है कि उन लोगों ने धोखाधड़ी कर, कूट रचित तरीके से दस्तावेज तैयार कर लिए हैं।

## मारपीट में तीन महिलाओं सहित पांच घायल

**पसगवां।** थाना क्षेत्र के ग्राम कोयलाजार में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में कहासुनी हो गई। चार लोगों ने दरवाजे पर आकर मारपीट की, जिसमें परिवार की तीन महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए। गांव कोयलाजार निवासी गंगा देवी ने बताया कि वह अपने दरवाजे पर खड़ी थी कि गांव के नन्हे पुत्र मेवाराम और उनके पुत्र अनिल, प्रमोद व कुलदीप आकर गाली गलौज करने लगे। उसने जब विरोध किया तो आरोपी भड़क गए और पिटाई करने लगे। शोर सुनकर उसके बेटे पंकज व धर्मवीर, बहू मोनिका व प्रियंका उसे बचाने आईं तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसमें सभी चोटिल हो गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा है।

## 14 दिन बाद पुलिस ने दर्ज की चोरी की रिपोर्ट

**लखीमपुर खीरीः** गांव महाराज नगर निवासी अबरार ने बताया कि चार अप्रैल की रात उसके घर चोर घुस आए और नकदी व जेवर चोरी कर ले गए थे। घटना के अगले दिन उसने चोरी करने का शक जाहिर करते हुए गांव के ही फिरोज और सीतापुर जिले के थाना व कस्बा तंबौर निवासी मेहताब के खिलाफ थाना धौरहरा पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहते हुए रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। वह आज कल करते हुए टरकाती रही। पुलिस ने गुरुवार को दोनो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि पीड़ित ने गुरुवार को घटना की तहरीर दी थी, जिसके आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की तहकीकात चल रही है।


डॉ. अमन रस्तोगी

BAMS, MD

Consultant Physician



- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384



गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

# आग बरपा रही कहर, खेत में खड़ा 80 बीघा गेहूं राख

## करनपुर में हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से भड़की आग, मुर्तिहा और नकहिया में भी फसल में लगी आग

संवाददाता, रजागंज

**अमृत विचारः** गर्मियां बढ़ने के साथ आगजनी की घटनाएं किसानों और ग्रामीणों पर कहर बरपा रही हैं। विद्युत उपकेंद्र गोला क्षेत्र के गांव करनपुर में शुक्रवार को करनपुर खजुहा लिंक मार्ग पर निकली हाइटेंशन लाइन में स्पार्किंग होने के कारण आग लग गई, जिससे गांव किनारे खड़ा पांच बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। मुर्तिहा में भी 15 बीघा गेहूं जल गया। उधर धौरहरा के गांव नकहिया में 60 बीघा गेहूं आग की भेंट चढ़ गया।

करनपुर निवासी इकबाल खां अपने खेत में ही झाला बनकर रह रहे हैं। घर के पड़ोस से निकली विद्युत लाइन में स्पार्किंग होने से उनके खेत में खड़ा गेहूं जल गया, लपटे देख गांव के लोग दौड़ पड़े। किसी तरह आग पर काबू पाया। इकबाल खां ने बताया कि विद्युत कर्मियों को पहले भी सूचना दी जा चुकी थी, लेकिन किसी कर्मचारी ने संज्ञान नहीं लिया। यदि पहले ही झूलते तारों का सुधार हो जाता तो यह नुकसान नहीं होता। उपखंड जेई मिथलेश कुमार ने बताया घटना की सूचना मिली है। उन्होंने संविदा लाइनमैन विजेंदर, नरेन्द्र को गांव भेजकर लाइन ठीक करवा दी है। दूसरी घटना में तहसील सदर क्षेत्र के गांव मुर्तिहा में हुई। शुक्रवार की दोपहर गांव के पश्चिम खेतों में आग लग गई।

धुआं उठता देख खेतों में काम कर रहे लोगों ने शोर मचाकर गांव में फ़ोन कर खेतों में आग लगे होने की सूचना दी। सूचना पाकर खेते की तरफ़ दैडे ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन हवा तेज होने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे तुफैल खां, जमाल अहमद, कमाल अहमद, झब्बन खां के गेहूं के खेत, इस्लाम अहमद की पेड़ी जल कर राख हो गई। ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों से आगे खड़ी फसल जोतकर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की सूचना के घंटों बाद भी फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच सकी। किसानों ने जान जोखिम में डाल कर खुद आग बुझाई है।


धौरहरा के नकहिया में जली गेहूं की फसल और उठती लपटें। ● अमृत विचार

उधर अज्ञात कारणों के चलते तहसील धौरहरा के गांव नकहिया में गेहूं के खेत में लगी भीषण आग लगी। इस अग्निकांड में 12 से अधिक किसानों का करीब 60 बीघा गेहूं जल गया। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। किसानों ने बताया कि मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी एक घंटे तक स्टार्ट ही नहीं हुई। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर आई तकनीकी कमी को दूर किया। तब जाकर गाड़ी स्टार्ट हुई।


मुर्तिहा में ट्रैक्टर से खेत जोतकर आग बुझाता किसान। ● अमृत विचार

## गदनापुर में मारपीट में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज

**पसगवां, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम गदनापुर में अनुराग और भंवर लाल के बीच हुई मारपीट मामले में पुलिस ने शुक्रवार को दूसरे पक्ष की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गुरुवार को अनुराग और भंवर लाल के बीच मारपीट हुई थी। इस मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष के भंवर लाल की तहरीर पर भी चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

भंवर लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कि वह अपने बग्गर में मोबाइल पर मैच देख रहा था। शाम साढ़े सात बजे गांव के आशाराम, अखिलेश उर्फ महात्मा, अनुराग, शिवराज उर्फ राजबहादुर ने बग्गर में घुसकर गाली गलौज की। लाठी-डंडों और थप्पड़ों से पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया।

शोर मचाने पर गांव के तमाम लोग मौके पर आ गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। इससे पहले अनुराग ने रामदेव, कलट्टर, सत्यपाल और भंवरलाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## महिला को झांसा देकर पार किए लाखों के जेवर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● सफाई करने के नाम पर दो लोग ले उड़े जेवर, दी तहरीर

**अमृत विचारः** शातिर उचक्के ने एक महिला को झांसा देकर उसके लाखों के आभूषण पार कर लिए हैं। नगर के मोहल्ला ऊंचीभूड़ निवासी उमाशंकर शुक्ल की पत्नी रीना शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 अप्रैल की सुबह 10 बजे वह घर में अकेली थी। किसी ने उनके घर की कुंडी खटखटाई।

उन्होंने दरवाजा खोला तो एक अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि वह सफाई करने वाला हार्पिक बेचता है। घर से पूजा का लोटा ले आओ साफ करके दिखाता हूं। वह लोटा लाई और उसने लोटा साफ कर दिया। इसी दौरान उसका एक अन्य साथी भी दरवाजे पर आ गया। दोनों ने पहले लोटा फिर पायल साफ करके दिखाई। उसके बाद दोनों ने बातों में उलझा कर उसके कुंडल, चार पैंडिल की सोने की माला सफाई करने के लिए ले ली। गंदा न होने की बात कह कर जेवरात एक पॉलीथिन में रखकर आधा घंटा बाद खोलने को कहा। संदेह होने पर जब पॉलिथीन खोली तो जेवर गायब थे। जिनकी कीमत लगभग 90 हजार रुपये है। इस बीच दोनों उचक्के रफूचक्कर हो गए। महिला का आरोप है कि उचक्के बातों में उलझाकर दूसरी पॉलीथिन पकड़ा गए, जबकि आभूषण वाली पॉलिथीन टप्पेबाज लेकर फरार हो गए। कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया कि महिला के साथ हुई घटना उनके संज्ञान में है। उचक्कों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़

**गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवती घर पर अकेली थी, परिजन कहीं गए थे। जिसका फायदा उठाकर गांव का ही एक युवक उसके घर में दाखिल हो गया और उससे जबरदस्ती करने लगा। छेड़छाड़ का विरोध करने पर उसने युवती को मारा पीटा। युवती के चीखने चिल्लाने पर वह जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया। युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना शारदा नगर पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उसकी काफी समय से तलाश कर रही थी। गिरफ्तार आरोपी का पुलिस ने शुक्रवार को चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे जेल भेज दिया है। गांव रेंगवा निवासी पिंकू पर छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया था, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी।

## दुर्घटनाओं में बच्चा समेत दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** थाना मोहम्मदी में दो स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। उधर थाना पसगवां क्षेत्र में बरवर-जहानीखेड़ा मार्ग पर ई-रिक्शा की टक्कर से छह साल के बालक की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार पहला हादसा शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे शाहजहांपुर मार्ग पर पावर हाउस के निकट हुआ। कांशीराम कालोनी भानपुर निवासी फुन्दन (65) मोहम्मदी से अपने घर जा रहे थे। रोड क्रॉस करते समय मोहम्मदी की ओर से तेज गति से आ रही बिना नंबर की बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे फुन्दन दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये।मौके पर पहुंची पुलिस घायल फुन्दन को लेकर सीएचसी पहुंची, जहां डाक्टर ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना गांव बरैंचा में लगे रोड निर्माण प्लांट के सामने हुई। कार ने बाइक में टक्कर मार दी।


मृतक फुन्दन।

हादसे में बाइक सवार हरनाम (50) निवासी बरौड़ा थाना पसगवां व राहुल (25) निवासी खिरिया थाना पसगवां के दोनों पैर टूट गए। गंभीर हालत में दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बालक की मौत

**पसगवां, अमृत विचार :** गांव सोहौना निवासी रामनरेश बरवर-जहानीखेड़ा मार्ग पर शुक्रवार को अपने छह वर्षीय पुत्र यश कुमार को अंगुली पकड़कर सड़क पर किनारे टहला रहा थे। सुबह करीब 10 बजे जहानीखेड़ा की ओर से आए ई-रिक्शा ने यश कुमार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे,इसी बीच बच्चे ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


मृतक यश कुमार।

## वाहन चोर पकड़े, ई-रिक्शा व सात बाइक बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** थाना खीरी पुलिस ने बाइक चोर गैंग का खुलासा करते हुए शुक्रवार को गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से चोरी की सात बाइक, एक ई-रिक्शा, तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि थाना खीरी पुलिस ने शारदा नहर के किनारे लोनियनपुरवा सायफन के पास से राहुल वर्मा निवासी मुद्रासन थाना हरगांव जिला सीतापुर और दानिश उर्फ शहंशाह निवासी चन्दोई कोतवाली नगर जनपद पीलीभीत को गिरफ्तार किया है। दानिश वर्तमान समय में मोहल्ला राजेंद्र नगर थाना गोला में रह रहा था। आरोपियों की निशानदेही पर साइफन के निकट स्थित जंगल में छुपाकर खड़े किया गया एक ई-रिक्शा और सात बाइकों को बरामद किया है। पुलिस बरामद ई-रिक्शा और बाइकों के मालिकों का पता लगा रही है। दानिश के खिलाफ कोतवाली सदर लखीमपुर में चोरी, गैंगस्टर समेत दस मुकदमे दर्ज हैं। राहुल वर्मा काके खिलाफ थाना हरगांव (सीतापुर) में चोरी का एक मामला दर्ज हैं।


चोरी का ई- रिक्शा और बाइकों के साथ गिरफ्तार आरोपी। ● अमृत विचार

### जान प्यारी है तो मुकदमे में कर लो सुलह...

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार

शहर के मोहल्ला संकटा देवी निवासी इमरान खान ने बताया कि वह 01 नवंबर 2022 को अपने साथी खुर्शीद अली के साथ बाइक से रामापुर बाजार जा रहा था। लखीमपुर-बहराइच रोड पर नहर पटरी के पास बड़ागांव निवासी आफाक खां, एतसाम, रामापुर निवासी गुफरान खां अपने एक अज्ञात साथी के साथ आ गए। पुरानी रंजिश के कारण आफाक ने लाइसेंसी राइफल से जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली कनपटी के किनारे से निकल गई। गोली चलाने के बाद आरोपी गाली गलौज करते हुए भाग निकले। सदर कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों को नामजद कर एक अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके अलावा गुंडा एक्ट का भी एक वाद सरकार बनाम गुफरान खां जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में चल रहा है, जिसमें भी वह (इमरान खान) वादी है। उन्होंने बताया कि आरोपी गुफरान खान गुंडा एक्ट के मामले में सुलह का दबाव बना रहा है। सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। कहता है कि जान प्यारी हो तो मुकदमे में सुलह कर लो नहीं तो हम तुम्हे स्वयं जान से मार देगें या सड़क दुर्घटना में मरवा देंगे। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि जांच एसआई दिनेश कुमार शुक्ला को सौंपी गई है।

### भाई के साथ जा रही युवती से युवक ने की छेड़छाड़

**लखीमपुर खीरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती ने तहरीर दी कि घटना 17 अप्रैल की रात करीब 11 बजे गांव का संतोष और उसका भाई मंगतराम डीजे बजा रहा था। वहां लालू भी मौजूद था। वह अपने ममेरे भाई के साथ निकल रही थी। इसी बीच संतोष ने उसे पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। उसने और भाई ने विरोध किया तो तीनों आरोपी गाली-गलौज करते हुए हाथापाई करने पर उतारू हो गए। आरोप है कि मंगतराम व लालू ने रिपोर्ट दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि संतोष इससे पहले भी उसके साथ कई बार राह चलते परेशान कर चुका है। थानाध्यक्ष पुष्प राज ने बताया कि युवती की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस जांच कर रही है।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल, दो रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सड़क हादसों में ग्राम पुनर्भूग्रंट निवासी अनिल, मैलानी थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर निवासी समरती और नगर के मोहल्ला अर्जुननगर कॉलोनी निवासी वैभव सिंह सड़क हादसों में गंभीर घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद समरती और वैभव सिंह की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम आशीष सागर (Ashish Sagar) अंकित है। मैंने अपना नाम आशीष सागर से बदलकर आशीष सिंह (Ashish Singh) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना व पहचाना जाये। आशीष सिंह पुत्र स्व. पप्पू सिंह निवासी 212, बिलवा इलाका नगरिया, तह. फरीदपुर, जिला बरेली (उ.प्र.)

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
निकट क्रिस्टल पब्लिक स्कूल पटियाला किचन हाउस के बराबर में
मो. 9259082174

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Admission Open 2024-25
योगा सिखायें स्वस्थ रहें



COURSE OFFERED
PGDYN
Post Graduate Diploma in Yoga and Naturopathy
Course Duration : 1 year
योग्यता : स्नातक
Contact : 8755922339
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India
Email : ramchorg@gmail.com

# मोटापा बांझपन का मुख्य कारण, व्यायाम के साथ खानपान का रखें ध्यान

## बरेली ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोकॉलोजिकल सोसायटी की ओर से 35 वीं प्रादेशिक वार्षिक गाइनी कॉन्फ्रेंस और हैंड्स ऑन कार्यशाला शुरू

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** बरेली ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोकॉलोजिकल सोसायटी की ओर से शुक्रवार को 35 वीं प्रादेशिक वार्षिक गाइनी कॉन्फ्रेंस और हैंड्स ऑन कार्यशाला की शुरुआत की गई। तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का पहला सत्र बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में लाइव एंडोस्कोपी और क्रिटिकल केयर विधि के विषय पर हुआ। जिसका आरंभ बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, प्रति कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कंचन डालमिया, डॉ. कीर्ति दुबे, डॉ. भारती माहेश्वरी ने किया।

कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में वरिष्ठ डॉक्टरों ने मानव डमी पर गर्भावस्था के दौरान आने वाली जटिलताओं को किस प्रकार एंडोस्कोपी विधि से दूर किया जाता है, इसके संबंध में अहम जानकारी दी। वहीं, एक रिसोर्ट में फिटल मेडिसिन, एआरटी कार्यशाला, कॉसमेटिक गाइनिकोलॉजी को लेकर पैनल डिस्कशन में वरिष्ठ डॉक्टरों ने अपने अनुभव साझा किए।



बरेली ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोकॉलोजिकल सोसायटी की 35वीं प्रादेशिक वार्षिक गाइनी कान्फ्रेंस और हैंड्स ऑन कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथि। ● अमृत विचार




कार्यशाला में मौजूद बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति-कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, प्रति-कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल।

- **पहले दिन वरिष्ठ डॉक्टरों ने गर्भावस्था की जटिलताओं के संबंध में दी अहम जानकारी**

### कांफ्रेंस में आज

आयोजन सचिव डॉ. लतिका अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को पद्मश्री डॉ. ऊषा शर्मा, डॉ. अमित पटकी, डॉ. आभा मजूमदार, डॉ. शिखा सेठ अन्य डॉक्टरों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे।

कॉन्फ्रेंस की आयोजन सचिव डॉ. लतिका अग्रवाल ने बताया कि दिल्ली से आईं वरिष्ठ डॉ. आभा मजूमदार ने कृत्रिम गर्भाधान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन महिलाओं की महावारी रुक गई हैं, जिनके अंडे विकसित नहीं हो रहे हैं, अब ऐसी दवाएं आ गई हैं, जिनसे अंडे विकसित किए जा सकते हैं। ऐसी महिलाएं भी अब मातृत्व सुख प्राप्त कर सकती हैं। मुंबई से आए डॉ. अमित पटकी ने कहा कि मोटापा आज भी बांझपन का सबसे मुख्य कारण है, इसलिए व्यायाम के साथ खानपान का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. मृदुला शर्मा, आयोजन सचिव डॉ. प्रगति अग्रवाल, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. नीरा अग्रवाल, डॉ. भारती सरन, डॉ. गायत्री सिंह मौजूद रहे।

### खांसने पर पेशाब आए, पेट पर पड़ गए हैं निशान तो न घबराएं

गुरुग्राम से आए वरिष्ठ कॉसमेटिक गाइनिकोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. नवनीत मग्गों ने बताया कि प्रसव के कुछ साल के बाद ही महिलाओं में खांसते, सोते या फिर कोई शारीरिक गतिविधि करते समय अचानक पेशाब आ जाता है, जिससे महिलाएं घबरा जाती हैं। दूसरों इस बारे में बताने पर भी संकोच करती हैं, इसके साथ ही प्रसव के कुछ दिनों बाद ही पेट पर निशान पड़ने की समस्या महिलाओं में सबसे अधिक है, लेकिन कॉसमेटिक गाइनिकोलॉजी विधि के माध्यम से इन बीमारियों का इलाज संभव है।

### शादी में देरी करना गर्भधारण में बन रहा बाधक

दिल्ली से आईं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योत्सना सूरी ने बताया कि अक्सर महिलाएं सही उम्र में शादी नहीं करती हैं, जिसका दुष्प्रभाव उनके मातृत्व सुख में बाधक बन रहा है। तमाम ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें महिलाओं ने 30 से 35 साल के बाद वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। बाद में गर्भधारण करने में उच्च जोखिम उठाना पड़ा, इसलिए जरूरी है कि सही समय पर शादी कर पहले साल में ही गर्भधारण करें। वहीं इस दौरान संयमित खानपान और दिनचर्या से सामान्य प्रसव होने के भी विकल्प काफी बढ़ जाते हैं।

### अब गर्भाशय में ही बच्चे को चढ़ाया जा सकता है ब्लड

नई दिल्ली स्थित एम्स की पूर्व प्रोफेसर डॉ. दीपिक डेका ने बताया कि चिकित्सा पद्धति में लगातार विस्तार हो रहा है। अगर किसी महिला के गर्भ में पल रहे शिशु की जांच करने पर वह एनीमिया (खून की कमी) से ग्रसित मिलता है तो इंट्रा यूट्राइन ब्लड ट्रांसफ्यूजन के माध्यम से गर्भाशय में ही बच्चे को ब्लड चढ़ाया जा सकता है। हालांकि, इस विधि से खून चढ़ाने की आवश्यकता अधिकांश जुड़वां बच्चों में होती है। वहीं अधिकांश मरीजों का अल्ट्रासाउंड जांच कराने पर जोर अधिक रहता है। इसलिए बिना कुशल डॉक्टर की सलाह के जांच न कराएं।

### अवसाद, करियर की चिंता बिगाड़ रही दांपत्य जीवन

आगरा से आईं वरिष्ठ आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. जयदीप मल्होत्रा ने बताया कि इस बदलते परिवेश में गर्भधारण करना महिलाओं के लिए चुनौती बन गया है। भागदौड़ भरी जिंदगी और करियर की चिंता के चलते अधिकांश महिला और पुरुषों का दांपत्य जीवन प्रभावित हो रहा है। साथ ही फास्ट और जंक फूड, मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग करना भी शुक्राणुओं की संख्या को प्रभावित कर रहा है, जिसमें सुधार करना बेहद आवश्यक है।

# बदायूं के किसान ने किया आत्मदाह का प्रयास

संभल कार्यालय

- **जमीन के विवाद में उठाया आत्मघाती कदम, किसान के भाई ने व्यापारी से खरीदी थी साढ़े पांच बीघा जमीन**
- **जमीन का दाखिल खारिज नहीं हो सका, नायब तहसीलदार के यहां हो रही थी सुनवाई**

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में बदायूं जिले के किसान ने जमीन के विवाद के चलते व्यापारी के प्रतिष्ठान पर खुद पर डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। भाई और अन्य लोगों ने किसान को बचाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घंटों तक चलते उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत में किसान को मुरादाबाद रेफर कर दिया।

जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बहटा अंतर्गत गांव थानपुर निवासी ओमकार ने 2021 में संभल के आनंद विहार कॉलोनी निवासी व्यापारी हरिकिशन अग्रवाल से बदायूं के ही गांव नगला जैतपुर में 11 लाख रुपये में साढ़े पांच बीघा जमीन खरीदी थी। जमीन पर गेहूं की फसल खड़ी है लेकिन विवाद के चलते उसकी कटाई शुरू नहीं हो सकी है। व्यापारी हरिकिशन अग्रवाल ने यही जमीन वर्ष 2014 में गांव नगला जैतपुर के नेमपाल से खरीदी थी लेकिन वर्ष 2021 में ओमकार को बेचने के बाद दाखिल खारिज नहीं हो सका। दस्तावेजों में नेमपाल का नाम चला आ रहा है। जिसे लेकर मामला बिसौली में नायब तहसीलदार के यहां चल रहा है। शुक्रवार को सुबह ओमकार और उसका भाई मुकेश व्यापारी के हल्लू सराय तिराहा पर स्थित प्रतिष्ठान पर पहुंचे। यहां मुकेश ने जमीन के विवाद के लेकर पहले बोतल से डीजल पीया और फिर शरीर पर उड़ेलकर आग लगाने का प्रयास किया। हालांकि ओमकार और अन्य लोगों ने मुकेश को रोक लिया। जिसके बाद मुकेश की हालत बिगड़ गई और तड़पने लगा। मौके पर भीड़ जुट गई तो सूचना मिलने पर कोतवाल पवन कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच गए। कोतवाल ने व्यापारी हरिकिशन अग्रवाल से मामले की जानकारी की तो उन्होंने कहा कि पूरे मामले में उनका कोई कसूर नहीं है। करीब छह साल तक दस्तावेज में उनके नाम पर ही जमीन रही लेकिन नायब तहसीलदार के स्तर से किसी तरह फिर से नेमपाल का चलने लगा। पुलिस ने मुकेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के बाद डॉक्टर ने मुकेश को रेफर कर दिया।

# आईएमसी जिलाध्यक्ष भी चुनाव मैदान में

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने सियासी तीर छोड़ ही दिया। आईएमसी जिलाध्यक्ष फरहत खान को बरेली से चुनाव मैदान में उतारा गया है। फरहत ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पर्चा भरने के बाद एलान किया कि आईएमसी उन्हें समर्थन देगी। आखिरी दिन कुल मिलाकर 24 प्रत्याशियों की ओर से 27 नामांकन कराए गए। बरेली के लिए 13 प्रत्याशियों ने 14 और आंवला के लिए 11 प्रत्याशियों ने 13 पर्चे भरे गए हैं।

बरेली और आंवला सीट के लिए 12 अप्रैल को शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी हो गई। शुक्रवार सुबह से आईएमसी प्रत्याशी के नामांकन कराने की सुगबुगाहट होने लगी। एक से डेढ़ बजे के बीच का समय भी दे दिया गया लेकिन ढाई बजे तक नामांकन न होने के बाद कयास लगाए जाने लगे कि शायद पर्चा दाखिल नहीं किया जाएगा। करीब 2:40 बजे कुछ लोगों के साथ पहुंचे आईएमसी जिलाध्यक्ष फरहत खान ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। पर्चा भरने के बाद बाहर निकले फरहत ने कहा कि उन्होंने निर्दलीय पर्चा भरा है। आईएमसी ने उन्हें समर्थन दिया है।



नामांकन कराने पहुंचे आईएमसी जिलाध्यक्ष फरहत खान। ● अमृत विचार

- **निर्दलीय के तौर पर भरा नामांकन, आई एमसी के समर्थन का ऐलान**

### आंवला सीट पर 20 नामांकन, आज जांच

पांच दिन चली नामांकन प्रक्रिया बरेली से 28 प्रत्याशियों ने 42 नामांकन और आंवला से 20 प्रत्याशियों ने 27 पर्चे दाखिल किए हैं। इनकी शनिवार को जांच की जाएगी। 22 अप्रैल को नाम वापसी के साथ प्रत्याशियों की संख्या अंतिम रूप से तय हो जाएगी।

# इनायतपुर के लोगों ने दोपहर तक नहीं डाला एक भी वोट

बरेली कार्यालय

- **गांव में ट्रांसफार्मर न लगाने पर गुस्सा, एसडीओ ने आश्वासन देकर मनाया**

**अमृत विचार :** जनप्रतिनिधियों और बिजली विभाग के अफसरों की बेपरवाही ने बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र के गांव इनायतपुर में लोगों को मतदान का बहिष्कार करने के लिए मजबूर कर दिया। चुनाव बहिष्कार की सूचना पर प्रशासन सक्रिय हुआ। जल्द ट्रांसफार्मर लगाने का भरोसा दिलाकर लोगों को मनाया गया, तब कहीं दोपहर बाद लोगों ने मतदान शुरू किया।

इनायतपुर के लोगों के मुताबिक उनके गांव में ट्रांसफार्मर नहीं है। पड़ोस के गांव गौंटिया में 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिससे दोनों गांव में सप्लाई दी जाती है।

एक ट्रांसफार्मर से दो गांव में बिजली देने से रोज-रोज फाल्ट होते हैं। कुछ समय पहले अफसरों ने गौंटिया में लगे ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 63 केवी करा दी लेकिन इनायतपुर में ट्रांसफार्मर लगाने की पुरानी मांग को अनदेखा कर दिया। इससे नाराज इनायतपुर के लोगों ने शुक्रवार को सामूहिक रूप से चुनाव के बहिष्कार का एलान कर दिया।

सुबह से दोपहर तक गांव में एक भी वोट नहीं पड़ा। दोपहर में एसडीओ बहेड़ी अमित गंगवार पुलिस के साथ गांव पहुंचे। उन्होंने भरोसा दिया कि आचार संहिता खत्म होते ही ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा। इसके बाद दोपहर डेढ़ बजे लोगों ने मतदान शुरू किया।

# तो मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के लिए मौलाना तौकीर का सियासी तीर

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हुई मौलाना तौकीर की सक्रियता पर 2010 के दंगे के केस में गैरजमानती वारंट जारी होने के बाद विराम लग गया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद उन्हें दांव चलने का मौका मिल गया। आईएमसी जिलाध्यक्ष फरहत खान को चुनाव मैदान में उतारने के फैसले को फिलहाल मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण की मंशा के तौर पर ही देखा जा रहा है। हालांकि देखना बाकी रहेगा कि मौलाना का यह तीर बरेली की चुनावी तस्वीर को बदल पाएगा या नहीं।

फरहत के नामांकन के बाद मौलाना तौकीर ने कहा कि चुनाव में भाजपा की साजिशों को बेनकाब किया जाएगा। खुली तानाशाही कर मुसलमानों के खिलाफ एजेंडा चला रही भाजपा को नाकाम करना है। दूसरी तरफ तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दल हैं जो मुसलमानों का वोट तो लेना चाहते हैं लेकिन उनके साथ खड़े नहीं रहना चाहते। मुस्लिम कयादत को खत्म करने की कोशिशें हो रही हैं। ऐसे लोगों से होशियार रहने की जरूरत है जो मुसलमानों के हमदर्द बनकर उनके वोट पर हक जता रहे हैं। शहर के अमन के लिए उनके किरदार भी दागदार हैं जो साजिश रचकर उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि मौलाना तौकीर ने निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यकर्ता फरहत के चुनाव प्रचार के लिए घर-घर संपर्क करें। लोगों को वोट की अहमियत समझाएं और खुद की ताकत।

### तौकीर के चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम

तीन दिन पहले मौलाना तौकीर ने नगर निगम से नो ड्यूज सर्टिफिकेट लिया था तो कयास लगाए जाने लगे थे कि वह खुद चुनाव के मैदान में उतर सकते हैं। शुक्रवार को फरहत के नामांकन से इन अटकलों पर विराम लग गया। मुनीर इदरीसी ने बताया कि पार्टी सिंबल से चुनाव नहीं लड़ेगी। मौलाना तौकीर ने दलित और मुस्लिम मुद्दों की बात करने वाली पार्टियों को इकट्ठा कर सामाजिक न्याय मंच का गठन किया था। वह उनके प्रत्याशियों के समर्थन में भी चुनाव प्रचार करेंगे।



तौकीर रजा।

- **बोले- एंटी मुसलमान एजेंडा चला रही भाजपा को करना है नाकाम**
- **मुस्लिमों का वोट चाहिए पर साथ नहीं खड़े हो रहे धर्मनिरपेक्ष दल**

# एडीजी कार्यालय में तैनात सिपाही के बैग से 14 लाख के जेवर चोरी

- **साले के बेटे की शादी में शामिल होने रोडवेज बस से जा रहे थे, चोरों ने ट्राली बैग काटा**

**बरेली कार्यालय, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में रामगंगा पुलिस चौकी के पास रोडवेज बस में एडीजी कार्यालय में तैनात सिपाही का ट्राली बैग काट कर चोरों ने 14 लाख रुपये की ज्वेलरी चोरी कर ली। सुभाषनगर पुलिस ने तीन अज्ञात चोरों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुरानी पुलिस लाइन निवासी सिपाही महेशचंद्र रघुवंशी ने बताया कि वह एडीजी कार्यालय में तैनात हैं। एटा में उनके साले के बेटे की शादी थी। वह बुधवार शाम 4 बजे पुराने बस अड्डे से बस में सवार होकर एटा जा रहे थे। उनके पास एक ट्राली बैग था। उन्होंने बैग को बस की गैलरी में रखा था। उन्होंने बताया कि तीन युवक बदायूं रोड पर रामगंगा पुलिस चौकी से कुछ पहले बस रुकवाकर उतर गए। जबकि तीनों ने बिनावर जाने के लिए टिकट लिए थे। शक के आधार पर उन्होंने बैग देखा तो साइड से कटा हुआ था और बैग में रखा सामान भी गायब था। उन्होंने तीनों को आवाज दी लेकिन वह भाग गए। बैग चेक करने पर पता चला कि बैग में रखा छह तोले का हार, छह तोले की चार चुड़ियां, दो तोले का एक छोटा हार, एक तोले का मांग टीका, 20 के नोट की एक गड्डी समेत करीब 14 लाख रुपये का सामान गायब था। उन्होंने मामले की जानकारी एडीजी पीसी मीना को दी। एडीजी ने तुरंत सुभाषनगर पुलिस को फोन कर रिपोर्ट दर्ज करने के साथ चोरों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया।

# पुलिस अधिकारियों से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा की नोकझोंक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुगलपुरा क्षेत्र में शाम चार बजे के दौरान अंसार इंटर कॉलेज के बाहर गाड़ी रोकने को लेकर सपा प्रत्याशी रुचि वीरा और एसएसपी हेमराज मीना के बीच बहस हो गई। पुलिस कर्मियों ने रुचि वीरा की गाड़ी हटाने को कहा तो वह गाड़ी से उतर गईं और पुलिस कर्मियों से बहस करने लगी। इसी दौरान एसएसपी हेमराज मीना और एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया भी वहां पहुंच गए थे। इस बहस का सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में रुचि वीरा और एसएसपी के बीच बहस होती दिख रही है। इसमें पुलिस अधिकारियों से सपा प्रत्याशी कहती सुनाई दे रही हैं कि उनकी कार के आगे एक अन्य वाहन था वह इसी चक्कर में रुकीं, अन्यथा वह तो जा ही रही थीं। रुचि वीरा ने पुलिस अधिकारियों से यह भी कहा कि आप हमें परेशान कर रहे हो...गिरफ्तार कर लो। हालांकि इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि कोई ऐसी बात नहीं थी लेकिन, प्रत्याशी की कार मतदान केंद्र के सामने बीच मार्ग पर खड़ी थी इसलिए टोका गया था।

# किसान आंदोलन की वजह से देरी से पहुंचीं कई ट्रेनें

बरेली कार्यालय

- **हिमगिरी और पंजाब मेल हुईं नौ घंटे से ज्यादा लेट**

**अमृत विचार :** अंबाला रेल मंडल और पंजाब और हरियाणा के शंभू बार्डर पर किसान आंदोलन की वजह से शुक्रवार को भी कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। सियालदह, गंगा सतलुज और पंजाब मेल समेत कई ट्रेनों के देरी से आने से यात्री परेशान हुए। यात्री बार-बार पूछताछ कार्यालय में भी पूछने पहुंचे।

किसान आंदोलन की वजह से 13152 सियालदह एक्सप्रेस को डायवर्ट किया गया था। इसकी वजह से ट्रेन बरेली जंक्शन पर करीब छह घंटा की देरी से पहुंची। इसके अलावा 14674 शहीद एक्सप्रेस तीन घंटे 39 मिनट, 13308 गंगा सतलुज पांच घंटे 20 मिनट, 13006 पंजाब मेल नौ घंटे 41 मिनट, 15212 जननायक दो घंटे 30 मिनट और 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस नौ घंटे 16 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। इन ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग-सनेहवाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट से संचालित किया गया।

इसके अलावा 12470 जम्मूतवी-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस निरस्त रही। इसके अलावा 15212 अमृतसर -दरभंगा एक्सप्रेस को अंबाला कैंट स्टेशन से संचालित किया गया।

### मुंबई की ट्रेन में बुकिंग खुलने के घंटे बाद ही वेटिंग

- **मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम स्पेशल ट्रेन में शुरू हुई बुकिंग**

**बरेली, अमृत विचार :** मुंबई सेंट्रल-काठगोदाम समर स्पेशल ट्रेन में शुक्रवार को बुकिंग खुलने के कुछ घंटे बाद ही वेटिंग शुरू हो गई। ट्रेन का संचालन 24 अप्रैल से होगा। मुंबई से बरेली आने के टिकट लगातार बुक हो रहे हैं, हालांकि बरेली से मुंबई से बरेली के लिए अभी टिकट उपलब्ध हैं। यात्रियों की मांग पर रेलवे ने 09075 मुंबई सेंट्रल काठगोदाम समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिा है। ट्रेन के लिए शुक्रवार से बुकिंग शुरू हुई। ट्रेन में अगले तीन सप्ताह के लिए बरेली से मुंबई के लिए कोई टिकट नहीं बचा। ट्रेन में मई के पहले सप्ताह तक वेटिंग दिखा रहा है। दूसरे सप्ताह के भी चंद टिकट बचे हुए थे। ट्रेन की स्लीपर श्रेणी में 24 अप्रैल को 48 वेटिंग, एक मई को 22 वेटिंग, 8 मई को 16 वेटिंग, 15 मई को 15 टिकट उपलब्ध, 22 मई को 140 टिकट उपलब्ध और 29 मई को 145 टिकट उपलब्ध ऑनलाइन दिखा रहा था। वहीं एसी श्रेणियों में अप्रैल और मई की बुकिंग पहले ही दिन फुल हो गई। जून में ही ट्रेन में टिकट उपलब्ध हैं। इसके अलावा ट्रेन संख्या 09076 काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस की स्लीपर श्रेणी में 25 अप्रैल को 0417 टिकट, 2 मई को 0469 टिकट, 9 मई को 499 टिकट उपलब्ध दिखा रहा था।

**सफलता के लिए** | सिविल सेवा परीक्षा में 77 वीं रैंक लाने वाले शोहम ने विद्यार्थियों को तैयारी के महत्वपूर्ण टिप्स दिए

# नियमित अखबार पढ़ने के साथ सरकार की नीतियों पर रखें नजर

**बरेली कार्यालय, अमृत विचार :** यूपीएससी (सिविल सेवा परीक्षा) 2023 में 77 वीं रैंक लाकर जिले का नाम रोशन करने वाले शहर के माधोबाड़ी निवासी शोहम टेबड़ीवाल को शुक्रवार को रामपुर गार्डन स्थित श्रेष्ठ आईएएस कोचिंग संस्थान में सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राओं को सफल होने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। बताया कि कैसे उन्होंने तैयारी की और सफलता पाई। बातचीत के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए।

उन्होंने बताया कि परीक्षा की अच्छी तैयारी के लिए अखबार को नियमित और गंभीरता से पढ़ें, सरकार की नीतियों पर नजर रखें। राष्ट्रीय और अंतर राष्ट्रीय समसामयिक घटनाओं की जानकारी को लेकर सजग रहें। अपने आसपास की प्रमुख घटनाओं पर भी फोकस होना चाहिए। बताया कि पहले की अपेक्षा अब सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त पाठ्यक्रम ऑनलाइन साइटों पर उपलब्ध है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भी तैयारी के लिए सभी संसाधन आसानी से जुटा सकते हैं। कई ऐसे शिक्षण संस्थान हैं, जो पूर्णतया निशुल्क परीक्षा की तैयारी कराते हैं। सोशल मीडिया भी उपयोगी प्लेटफार्म है। कार्यक्रम में विकल तिवारी, अरुण कुमार, जिया उर रहमान, मयंक अग्रवाल, विनीत कुमार, जोया कुमारी, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।



डॉ. केबी त्रिपाठी, शोहम टेबड़ीवाल।

### असफल होने पर हतोत्साहित नहीं हुआ, कमियों पर ध्यान दिया

शोहम ने बताया कि सिविल सेवा में जाने का सपना उन्होंने 12 वीं से ही देखना शुरू कर दिया था। आईआईटी मुंबई से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर 2021 में पहली बार सिविल सेवा की परीक्षा दी, लेकिन वह प्रारंभिक परीक्षा पास नहीं कर पाए। बताया कि इस परीक्षा में असफल होने पर मैं बिल्कुल हतोत्साहित नहीं हुआ। बल्कि मेरी तैयारी में जो कमियां थीं उनका आकलन कर और अच्छे से तैयारी में जुट गया। अगली साल दोबारा इस परीक्षा में भाग लिया और रेल मंत्रालय के अंतर्गत ग्रुप ए में उनका चयन हुआ, लेकिन इस चयन से भी संतुष्टी नहीं मिली। तीसरे प्रयास में उन्हें सफलता मिली।

### ऐसी की तैयारी और पाई सफलता

शोहम ने बताया कि सबसे पहले मैंने सिविल सेवा परीक्षा के प्रारूप को समझा, फिर प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार की तैयारी टाइमटेबल बनाकर की। समाचार पत्र का नियमित अध्ययन किया और उचित पाठ्य पुस्तकों का सहारा लिया। कहा कि उचित मार्गदर्शन के बिना सफलता हासिल नहीं की जा सकती है। बताया कि कोचिंग संस्थान के निदेशक डॉ. केबी त्रिपाठी ने उनका मार्गदर्शन किया।

# सपा सांसद के नर्सिंग होम में घुसी पुलिस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान के दौरान शुक्रवार दोपहर के बाद सपा सांसद डॉ. एसटी हसन के नर्सिंग होम पर अचानक पुलिस पहुंच गई। पुलिस का कहना है कि सांसद डॉ. एसटी हसन के नर्सिंग होम पर चुनाव आयोग की वेबसाइट खोलकर मतदाता पर्ची निकाली जा रही थी। इसकी सूचना पर मजिस्ट्रेट विनय पांडेय को लगी तो वह भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान मजिस्ट्रेट ने कहा कि आज वह किसी से मिलेंगे न ही कुछ सुनेंगे...आज वह केवल भारत निर्वाचन आयोग के अंडर में निर्वाचन कार्य संपन्न करा रहे हैं...। उधर, सपा सांसद ने सब इंस्पेक्टर पर अपने स्टॉफ से अभद्रता (मिसबिहेव) करने का आरोप लगाया है। इस कार्रवाई का वीडियो भी प्रसारित हो रहा है।

# प्रधानमंत्री के 1.2 किमी लंबे रोड शो में बनेंगे 35 ब्लॉक

बरेली कार्यालय

- **दिल्ली से ही आएगा रोड शो के लिए विशेष रथ**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के 26 अप्रैल को होने वाले 1.2 किलोमीटर लंबे रोड शो के लिए 30 से 35 ब्लॉक बनाए जाएंगे। रोड शो के लिए दिल्ली से विशेष रथ आएगा। सुरक्षा के लिहाज से चार दिन पहले ही एसपीजी आ सकती है। रोड शो स्वयंवर बरात घर से शुरू होकर शहीद पंकज अरोड़ा चौक पर संपन्न होगा।

रोड शो के संयोजक और जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक अलग-अलग लोगों के लिए आरक्षित रहेगा। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पर्वतीय, मराठी, बंगाली वेशभूषा में खड़े होने वाले लोगों के लिए अलग-अलग ब्लॉक रहेंगे। इसी तरह से महिलाओं का भी ब्लॉक अलग रहेगा। गुरुकुल के बच्चे भी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। घंटे, घड़ियालों के साथ ही शंख की ध्वनि से प्रधानमंत्री का स्वागत करने की भी तैयारी चल रही है। प्रधानमंत्री जिस रथ पर सवार होकर रोड शो करेंगे, वह विशेष रथ दिल्ली से ही आएगा। रथ एसपीजी की निगरानी में रहेगा। एसपीजी 22 अप्रैल की शाम तक आ सकती है। रथ के सजावट का काम स्थानीय स्तर पर किया जाएगा। रोड शो की तैयारियों के लगातार बैठकें की जा रही हैं।


राज्य में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट, पिछली बार कांग्रेस ने कुल 20 में 15 सीटें जीत ली थीं

# डबल डिजिट के फेर में फंसा केरल

मनोज त्रिपाठी

केरल में लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। यहां लोकसभा और विधानसभा चुनाव प्रमुख रूप से दो गठबंधनों के बीच तय होता है। कांग्रेस की अगुवाई में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) और वामपंथी दलों का माकपा की अगुवाई में बना लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस यहां सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई थी। यह राहुल गांधी के राज्य की वायनाड सीट से चुनाव लड़ने का असर था कि कांग्रेस को केरल की कुल 20 में 15 सीटों पर जीत हासिल मिली थी। इसके मुकाबले सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) केवल एक सीट जीत सकी थी। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने दो सीटें जीती थी। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (भाकपा) को एक सीट मिली थी। भाजपा ने करीब 13 फीसदी वोट लेकर चौंकाया था, लेकिन इसके बावजूद पार्टी कोई भी सीट जीतने में सफल नहीं हो सकी थी। कांग्रेस इस बार अपना पिछला प्रदर्शन दोहराना चाहती है, तो भाजपा के साथ ही वामपंथी गठबंधन डबल डिजिट में सीटें जीतने की उम्मीद लगा रहा है।

इस बार के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबंधन में वामपंथी दल कांग्रेस के साथ हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल की तरह केरल में तस्वीर पुरानी ही है। केरल में वामपंथी दल और इंडिया गठबंधन अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा इस बार मिशन-400 का लक्ष्य पाने के लिए केरल में वोट प्रतिशत बढ़ाने के साथ कम से कम तीन या चार सीटें जीतने की तरफ देख रही है। यही वजह है कि बीते कुछ समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधा दर्जन बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। 2019 के चुनाव को गठबंधन की सफलता के आधार पर देखें तो यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने राज्य में 20 में से 19 सीटें जीती थीं, जबकि लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट की तरफ से माकपा सिर्फ अलप्पुझा सीट पर जीत हासिल कर पाई थी।



### कांग्रेस-भाजपा की परीक्षा

**13%** वोट लेकर भी भाजपा रह गई थी खाली हाथ

- लेफ्ट गठबंधन में माकपा को मिली थी सिर्फ एक सीट

### अनिल एंटनी को उतार भाजपा का ईसाई समाज को साधने का प्रयास

- केरल में डबल डिजिट में सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा ने हर सीट पर मजबूत प्रत्याशी उतारे हैं। पथानामथिट्टा से कद्दावर कांग्रेस नेता एके एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी को उतार कर पार्टी ने राज्य के ईसाई समुदाय को साधने का प्रयास किया है। अनिल को भाजपा ने राष्ट्रीय सचिव और प्रवक्ता बनाया है। 2019 में इस सीट से कांग्रेस के एंटो एंटनी जीते थे। इस बार भी वह कांग्रेस उम्मीदवार हैं, जबकि लेफ्ट गठबंधन ने पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक पर दांव लगाया है।

### तिरुवनन्तपुरम में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और शशि थरूर के बीच जंग हुई दिलचस्प



- केरल की राजधानी तिरुवनन्तपुरम लोकसभा सीट पर केंद्रीय इलेक्ट्रनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर को भाजपा ने दिग्गज कांग्रेस नेता शशि थरूर के खिलाफ मैदान में उतारा है। शशि थरूर 2019 में इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। तिरुवनन्तपुरम में भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी जड़ें तेजी से मजबूत की हैं। इसी का परिणाम है कि 2019 के चुनाव में यहां कांग्रेस और भाजपा में सीधा मुकाबला हुआ था। वामपंथी गठबंधन से उतरा भाकपा का प्रत्याशी तीसरे स्थान पर चला गया था। 2019 में कांग्रेस के शशि थरूर को 4,16,131 वोट मिले थे। भाजपा के कुम्मन राजशेखरन ने 3,16,142 वोट लेकर उन्हें सीधी चुनौती दी थी। इस बार माना जा रहा है कि शशि थरूर को यहां केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर कड़ी टक्कर दे रहे हैं, इन दोनों की लड़ाई में वरिष्ठ भाकपा नेता पूर्व सांसद पन्नयन रवींद्रन तीसरा कोण बना रहे हैं।



### त्रिशूर में कांग्रेस नेता मुरलीधरन त्रिकोणीय मुकाबले में फंसते नजर आ रहे

- तीन हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों के कारण त्रिशूर लोकसभा सीट पर भी मुकाबला रोचक हो गया है। कांग्रेस ने यहां से अपने दिग्गज नेता रहे के करुणाकरन के पुत्र के.मुरलीधरन को मैदान में उतारा है। मुरलीधरन वर्तमान में कोझिकोड जिले की वडकारा लोकसभा सीट से सांसद हैं। वह चार बार सांसद और दो बार विधायक रह चुके हैं। त्रिशूर में मुरलीधरन का मुकाबला अभिनेता से नेता बने भाजपा उम्मीदवार सुरेश गोपी और भाकपा प्रत्याशी पूर्व कृषि मंत्री वीएस सुनील कुमार से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में सुरेश गोपी के लिए ही त्रिशूर से एनडीए का चुनाव अभियान शुरू किया था। उधर, भाकपा के वीएस सुनील कुमार इस लोकसभा क्षेत्र में जाना-पहचाना चेहरा हैं। मुरलीधरन त्रिशूर को अपना गृह जनपद होने का हवाला दे रहे हैं। इस सीट पर 2019 में कांग्रेस के टीएन प्रतापन ने भाकपा के राजाजी मैथ्यू थॉमस को 93,633 वोटों से हराया था।

### 2019 में किसको कितनी सीटें और मत प्रतिशत

| दल | सीट | प्राप्त वोट | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 15 | 7596610 | 37.3 |
| आईयूएमएल | 02 | 1111697 | 5.5 |
| केरल कांग्रेस (एम) | 01 | 421046 | 2.1 |
| आरएसपी | 01 | 499677 | 2.5 |
| माकपा | 01 | 5270241 | 25.9 |
| भाकपा | 00 | 1233886 | 6.1 |
| भाजपा | 00 | 2635810 | 12.9 |
| अन्य | 00 | 1616249 | 7.9 |

### 2014 के चुनाव में दलीय जनादेश

| दल | सीट | प्राप्त वोट | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 08 | 5590285 | 31.1 |
| आईयूएमएल | 02 | 816226 | 4.5 |
| केरल कांग्रेस (एम) | 01 | 424194 | 2.4 |
| आरएसपी | 01 | 408528 | 2.3 |
| माकपा | 00 | 11070 | 0.1 |
| भाकपा | 01 | 1364010 | 7.6 |
| भाजपा | 00 | 1856796 | 10.3 |
| अन्य | 07 | 7504786 | 41.7 |



### अलाप्पुझा से दो बार के सांसद रहे वेणुगोपाल के सामने माकपा से सीट वापस छीनने की चुनौती

इस बार अलाप्पुझा की सीट माकपा से छीनने के लिए कांग्रेस ने अपने दिग्गज और एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल को मैदान में उतार दिया है। वेणुगोपाल वर्ष 2009 और 2014 के चुनाव में यहां से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। पिछली बार 2019 में यहां से माकपा के ए एम आरिफ चुनाव जीते थे। उन्होंने नजदीकी मुकाबले में कांग्रेस के शनिमॉल उस्मान को मात दी थी। माकपा प्रत्याशी को 4,45,970 तो कांग्रेस उम्मीदवार को 4,36,496 मत मिले थे। भाजपा के डॉ. एसके राधाकृष्णन 1,54,152 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। मजे की बात यह है कि इस सीट पर बसपा ने भी चुनाव लड़ा था, लेकिन उसके प्रत्याशी प्रसनाथिभम को सिर्फ 2431 वोट मिले थे। इस बार भाजपा ने अलाप्पुझा सीट से शोभा सुरेंद्रन को मैदान में उतारा है।

## राहुल गांधी के लिए इस बार वायनाड में वॉक ओवर नहीं

### भाकपा की एनी राजा के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन पेश कर रहे हैं कड़ी चुनौती

आज देश की चर्चित और हॉट लोकसभा सीटों में शुमार वायनाड लोकसभा सीट 2009 में अस्तित्व में आई थी। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनावों में यहां से कांग्रेस के एमआई शानवास ने जीत दर्ज की थी। 2019 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव लड़कर वायनाड को हाई प्रोफाइल सीट बना दिया। इस सीट पर मुख्य संघर्ष कांग्रेस और भाकपा में ही होता रहा है। लेकिन इस बार भाजपा ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारकर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। भाकपा के टिकट पर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन की महासचिव और भाकपा की राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य तथा दिग्गज भाकपा नेता डी राजा की पत्नी एनी राजा चुनाव मैदान में हैं। राहुल गांधी पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी में भाजपा की स्मृति इरानी से भले ही हार गए हों, लेकिन वायनाड में उन्होंने बड़ी जीत दर्ज की थी। वायनाड में राहुल गांधी ने कुल पड़े 10,87,783 वोटों में 7,06,367 मत हासिल किए थे। उनके प्रतिद्वंदी पीपी सुनीर को 2,74,597 वोट मिले थे। इस तरह राहुल गांधी ने 4.3 लाख से भी ज्यादा वोटों से जीत का रिकार्ड बनाया था। हालांकि इस बार राहुल गांधी के सामने त्रिकोणात्मक चुनौती नजरआ रही है। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है। सुरेंद्रन 2020 में केरल भाजपा के अध्यक्ष बनने के बाद से लगातार पार्टी को मजबूत करने की कोशिश में लगे हैं। वह अब तक तीन लोकसभा चुनाव लड़े हैं और तीनों में हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह सुरेंद्रन ने पांच विधानसभा चुनाव लड़े और सभी में हारे। लेकिन दो मुकाबले कांटे के रहे। इनमें उन्हें मात्र 89 और 745 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। वायनाड में तीसरा कोण भाकपा के महासचिव और पूर्व राज्यसभा सांसद डी. राजा की पत्नी एनी राजा बना रही हैं। लेफ्ट गठबंधन ने उनकी जीत के लिए पूरी ताकत भी लगा रखी है।



## दक्षिण का दुर्ग जीते बिना कैसे लहराएगा 400 पार का झंडा

महेश शर्मा



**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नैरेटिव सेट किया, अबकी बार 400 पार और सारा विमर्श इसी के इर्द-गिर्द घूम गया। अब मतदान प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही राजग गठबंधन की सीटें क्या इस बार 400 पार होंगी, इसकी परीक्षा भी शुरू हो गई है। 2019 के चुनाव में दक्षिण भारत 130 सीटों में 29 सीटें भाजपा का बेस्ट प्रदर्शन था। लेकिन बड़ा लक्ष्य निर्धारण करने व उसे प्राप्त करने के लिए जीजान से जुटने में माहिर मोदी का आत्मविश्वास गजब का है। भाजपा थिंक टैंक ने दक्षिण में तमिलनाडु, केरल, आंध्र, तेलंगाना, कर्नाटक व पुडुचेरी में लोकसभा चुनाव जीतने की योजना पर काफी पहले से काम शुरू कर दिया था। तमिलनाडु और केरल में इस बार पार्टी 10 से ज्यादा सीटें जीटने की जुगत में जुटी है। लेकिन भाजपा दक्षिण में मजबूत भाषाई सांस्कृतिक गौरव को पुशअप करने वाली पार्टियों को तोड़ने में नाकाम रही है, इसके साथ वही वह उत्तर-दक्षिण विभाजन की खाई भी नहीं कम कर पायी। विश्लेषक कहते हैं कि भाजपा की वोट में हिस्सेदारी बढ़ सकती है पर यह सीट बढ़ाने मे कारगर होगी? इसमें संदेह है। भाजपा की पार्टनर रही तमिलनाडु की एआईडीएमके को 2021 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद एहसास हो गया कि भाजपा से गठजोड़ करके उसकी द्रविड़ पहचान पर ग्रहण लगा रहा है, तो उसने बीते साल सितंबर 2023 माह में भाजपा से गठबंधन तोड़ दिया। हालांकि दक्षिण के हर राज्य में सीटें हासिल करने में जुटी भाजपा ने मोदी के दूसरे कार्यकाल के शुरुआती दिनों से ही अभियान शुरू कर दिया था। ममल्लापुरम में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर सम्मेलन, लोकसभा में सेंगोल की स्थापना, धार्मिक लिहाज से काशी टू चेन्नई योजना इसके प्रमाण हैं। लेकिन चुनावी अभियान आगे बढ़ने के साथ जानकार मान रहे हैं कि दक्षिण में बढ़त हासिल करके 400 पार का लक्ष्य जिसमें भाजपा का अपने दम पर 370 सीटें जीतना शामिल है, इतना भी आसान नहीं है। दक्षिण के मैदान-ए-जंग में भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 21 सीटें जीती थी और 2019 में 29 सीटें जीती थीं।

तमिलनाडु में 39 लोकसभा सीटें हैं। 2014 में छह फीसद वोट के साथ भाजपा ने एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में चार फीसद वोट के साथ स्कोर शून्य रहा। एआईडीएमके ने 2014 में 45 फीसद वोट के साथ 37 सीटें जीती डीएमके शून्य पर रही, पर 2019 में डीएमके ने 34 फीसद वोट के साथ 23 सीटें जीतीं। उसके सहयोगी दलों ने सात, कांग्रेस ने आठ व एक एआईडीएमके ने जीती। अब आंध्र (25) को देखिए, 2014 में यहां भाजपा ने सात फीसद वोट के साथ दो सीटें जीती थीं जबकि 2019 में एक फीसद वोट के साथ खाता नहीं खुला। मतलब आधार और सीट दोनों ही जाती रहीं। तेलंगाना (17 )में 2014 में भाजपा ने 11 फीसद वोट के साथ एक सीट जीती जबकि 2019 में 20 फीसद वोट के साथ चार सीटें जीतीं। केरल (20) राज्य में 2014 में दस फीसद वोट पर सीट शून्य तो 2019 में 13 फीसद वोट फिर भी सीट शून्य। कांग्रेस ने यहां पर 2014 में 31 फीसद वोट पाकर आठ सीटें जीतीं और 2019 में 37 फीसद वोटों के साथ 15 सीटें जीतीं। अब आइए कर्नाटक (28) में। भाजपा के लिए यह राज्य बमबम है। 2014 में 43 फीसद वोट हासिल कर 14 सीटें पायीं तो 2019 में 51 फीसद वोट हासिल कर 25 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने क्रमशः 9 और एक सीटें पाईं। जेडीएस दो और एक पर सिमटी रही। पुडुचेरी (1) में 2014 में भाजपा ने एक 2019 में कांग्रेस ने एक सीट जीती।

### चुन लिया सांसद



तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता। यहां मतदाताओं में वोट डालने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। देर शाम तक मतदाता बूथों पर डंटे रहे।

## हिसार में चौटाला परिवार से ससुर व दो बहुओं में संग्राम

- भाजपा के रणजीत चौटाला के सामने जेजेपी से दुष्यंत की मां नैना, लोकदल से सुनैना

**चंडीगढ़।** हरियाणा की हिसार लोकसभा सीट पर भाजपा, आईएनएलडी और जेजपी के उम्मीदवार सामने आने के बाद मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने इस सीट पर रणजीत चौटाला को मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले जेजेपी और आईएनएलडी ने भी चौटाला परिवार से ही प्रत्याशी उतारकर हिसार की जंग रोचक बना दी है। जेजेपी ने अजय चौटाला की पत्नी और दुष्यंत की मां नैना चौटाला को उम्मीदवार बनाया है, तो आईएनएलडी ने देवी लाल के पौत्र रविंद्र उर्फ रवि चौटाला की पत्नी सुनैना चौटाला पर चुनावी दांव लगाया है। रणजीत चौटाला रिश्ते में नैना और सुनैना के चाचिया ससुर लगते हैं। ऐसे में हिसार का मुकाबला अब चौटाला परिवार के बीच सिमट गया है। रणजीत चौटाला अब तक आठ चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन उनका जीत का रिकॉर्ड बढ़िया नहीं है। उन्हें केवल तीन बार ही जीत मिली है और पांच बार हार का सामना करना पड़ा है। जानकार हिसार के चुनावी मुकाबले में ससुर और बहुओं की लड़ाई में नैना चौटाला की संभावनाएं मजबूत मान रहे हैं। इसकी वजह यह है कि नैना ने अब तक दो विधान सभा चुनाव लड़े हैं और दोनों में ही उन्होंने जीत हासिल की है। उधर, सुनैना चौटाला की बात करें तो यह उनका पहला चुनाव है।

अतीत के झरोखे से

7 करोड़ 32 लाख पड़े वोटों में कांग्रेस को मिले थे 4,76,65,951 वोट

## पहले ही चुनाव में 55 फीसदी लोगों ने नहीं डाले थे कांग्रेस को वोट



### लोहे की 20 लाख मतपेटियां बनवाई गईं

- पूरे भारत में कुल 2 लाख 24 हज़ार मतदान केंद्र बनाए गए थे. इसके अलावा लोहे की 20 लाख मतपेटियां बनाई गई थीं जिसके लिए 8200 टन इस्पात का इस्तेमाल किया गया था। कुल 16500 लोगों को मतदाता सूची बनाने के लिए छह महीने के अनुबंध पर रखा गया था।

### केरल में हुआ था 80 फीसदी से ज्यादा मतदान

- राजस्थान के कोट बूंदी सीट पर सबसे कम 22.59 फीसदी लोगों ने ही वोट डाले, जबकि केरल की कोट्टायम सीट पर सबसे ज्यादा 80.49 फीसदी लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

**1952** में जब पहली लोकसभा का चुनाव हुआ तो 80% से ज्यादा आबादी निरक्षर थी। इस चुनाव में लोकसभा की 489 सीटों के लिए 17 करोड़ 32 लाख (44.87 फीसदी) मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। कांग्रेस ने कुल 4,76,65,951 यानी 44.99 वोट हासिल किए। उस वक्त एक निर्वाचन क्षेत्र में एक से अधिक सीटें भी होती थीं, लिहाजा 489 स्थानों के लिए 401 निर्वाचन क्षेत्रों में ही चुनाव हुआ। 1960 से इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया। एक सीटों वाले 314 निर्वाचन क्षेत्र थे। 86 निर्वाचन क्षेत्रों में दो सीटें और एक क्षेत्र में तीन सीटें थीं। इस चुनाव में 14 पार्टियों को राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता दी गई। कुल 53 पार्टियों ने चुनाव लड़ा।

1952 के चुनाव में कांग्रेस ने 364 सीटों पर जीत हासिल की थी लेकिन पार्टी को 55 प्रतिशत लोगों ने वोट नहीं दिया था। कांग्रेस के पक्ष में लगभग 45 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। इसके बावजूद कांग्रेस ने संसद में 489 सीटों में से 364 और राज्य विधानसभाओं में 3,280 में से 2,247 सीटें हासिल करके आराम से जीत हासिल की। पहले आम चुनाव में सीपीआई उपविजेता बनकर उभरी। 16 सीटें जीतकर कांग्रेस के बाद दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, हालांकि उसे केवल 3.29% वोट ही मिले। इसके बाद जयप्रकाश नारायण और राम मनोहर लोहिया की सोशलिस्ट पार्टी थी, जिसने 254 सीटों पर चुनाव लड़कर 12 सीटें हासिल कीं। कृपलानी की केएमपीपी उन 145 सीटों में से केवल नौ जीतने में सफल रही, जिन पर उसने चुनाव लड़ा था। । वहीं 37 निर्दलीय उम्मीदवार भी जीतने में सफल रहे थे। इनके अलावा गणतंत्र परिषद को 6, हिंदू महासभा को 4, शिरोमणि अकाली दल को 4, अखिल भारतीय राम राज्य परिषद को 3, जनसंघ 49 सीटों पर चुनाव लडी और तीन सीटें जीतने में सफल रही और इसके संस्थापक डॉ. मुखर्जी स्वयं कलकत्ता दक्षिण पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से जीते । 1952 के चुनाव में डॉ. अम्बेडकर की एससीएफ को ज्यादा सफलता नहीं मिली और उसने जिन 35 सीटों पर चुनाव लड़ा उनमें से केवल दो सीटें ही हासिल कीं।

पहले आम चुनाव में कुल 53 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया था। जिसमें 14 राष्ट्रीय और 39 क्षेत्रीय दल शामिल थे। इसमें 22 पार्टी कम से कम एक सीट जीतने में कामयाब रही। इसमें सोशलिस्ट पार्टी को कुल 10.6 प्रतिशत वोट मिले और 12 सीटों पर जीत मिली। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने मात्र 3.3 प्रतिशत वोट पाया और 16 सीटें जीतने में कामयाबी हासिल की। किसान मजदूर प्रजा पार्टी को 5.79 प्रतिशत वोट मिले और 9 सीटों पर जीत हासिल हुई। पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) 1.3 प्रतिशत वोट प्राप्त कर 7 सीट जीतने में कामयाब रही थी।

गणतंत्र परिषद ने 1 प्रतिशत से भी कम 0.91 फीसदी वोट प्राप्त किए और 6 सीटों पर जीत हासिल की थी। हिंदू महासभा को भी 0.95 प्रतिशत वोट मिले और 4 सीटों पर जीत मिली। इसी तरह शिरोमणि अकाली दल को 0.99 प्रतिशत वोट के साथ 4 सीटों पर जीत मिली। तमिलनाडु टॉयलर्स पार्टी ने 0.84 प्रतिशत वोट के साथ 4 सीटें प्राप्त की। अखिल भारतीय राम राज्य परिषद को 1.97 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन जीत सिर्फ 3 सीटों पर ही हुई। भारतीय जनसंघ को 3.06 प्रतिशत वोट के साथ 3 सीटों पर जीत मिली। कॉमनवेल पार्टी को 0.31 प्रतिशत वोट मिले लेकिन जीत 3 सीटों पर हुई। झारखंड पार्टी को 0.71 प्रतिशत वोट के साथ 3 सीटों पर जीत मिली।

- प्रो. विवेकानंद तिवारी

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं,जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# वर्षा का पूर्वानुमान सुखद

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा में परिवर्तन हो रहा है। वर्ष-दर-वर्ष प्राकृतिक परिवर्तनशीलता भी हो रही है। देश के कुछ हिस्सों में 1950 के बाद से मानसूनी वर्षा में कमी आई है। देश का करीब 46 फीसदी कार्यबल कृषि क्षेत्र में काम करता है, इसलिए मानसून भारतीय कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए काफी मायने रखता है। कई राज्यों में बढ़ते तापमान और लू के मद्देनजर, भरपूर बारिश का पूर्वानुमान सुखद है। 1 जून से 30 सितंबर तक पूरे देश में कुल वर्षा का औसत 87 सेंटीमीटर औसत के साथ 106 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार 1971 से 2020 तक के वर्षा के आंकड़ों के अध्ययन में नई दीर्घकालिक औसत और सामान्य शुरुआत की। भारत में अच्छे मानसून से जुड़ी ला नीना की स्थिति अगस्त-सितंबर के बीच विकसित होगी। आईएमडी के अनुमान और आकलन के अनुसार चूंकि बीते साल सामान्य से कम बारिश हुई थी, लिहाजा इस बार यह संभावना सुखद लग रही है। यदि बारिश सामान्य से अधिक हुई तो मानसून खरीफ की फसलों के लिए लाभकारी हो सकता है। सवाल उठता है कि क्या अब भी कृषि, किसान और उनके जरिए देश की अर्थव्यवस्था मानसून की बारिश के भरोसे है?

2002 और 2009 में कृषि का उत्पादन घटा था,क्योंकि बारिश कम हुई थी, लेकिन खाद्य सुरक्षा का कोई भी संकट सामने नहीं आया, लिहाजा उन दोनों अनुभवों को भूल जाना चाहिए। आईएमडी जून और जुलाई में बारिश की मात्रा को लेकर मौन है,लेकिन उम्मीद है कि उस समय "तटस्थ स्थिति" (न तो अल नीनो, न ही ला नीना) व्याप्त होगी। दो शुष्क मानसून महीने और आखिरी दो महीनों में मूसलाधार बारिश कृषि के लिए मुफीद हो सकती है,लेकिन इसके परिणामस्वरूप अत्यधिक बाढ़ आने की संभावना है। भारत प्राकृतिक आपदाओं के मामले में असुरक्षित है। आईएमडी के वर्तमान संकेत पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए। राज्यों को आपातकालीन योजनाएं बनानी चाहिएं कि बुनियादी ढांचे मजबूत हों, लोगों की निकासी की योजनाएं तैयार रहें, बांधों की संरचनात्मक स्थिरता एवं उनके संकट-संकेतन नेटवर्क की पर्याप्त जांच-परख हो और व्यापक पूर्व-चेतावनी नेटवर्क मौजूद रहे। यदि मौसम विभाग का अनुमान सही साबित हुआ, भूजल को रिचार्ज करने का भी सकारात्मक प्रयास किया जा सकता है। बारिश के पानी को जमा करने और फिर उसे भूजल के तौर पर इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति हमारे देश में 100 फीसदी नहीं है। शोधकर्ता अभी भी जांच कर रहे हैं कि भविष्य में जलवायु परिवर्तन से मानसूनी वर्षा की मात्रा कैसे प्रभावित होगी? कृषि की नियति जलवायु-परिवर्तन पर भी आश्रित होगी, इसके आसार दुनियाभर में बनते जा रहे हैं, लिहाजा मानसून की बारिश के पानी को सहेजना सीखें।

# जायंट किलर बन रही हैं सड़कें


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

अपने देश में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सफर' और 'सुरक्षित यात्रा' नाम से दो कॉमिक बुक्स जारी की गई हैं।

देश में एक तरफ सड़कों का निरंतर विस्तार हो रहा है तो दूसरी तरफ उस पर वाहनों की बढ़ती रफ्तार जन-धन की क्षति भी बढ़ाते जा रहा है। तेज रफ्तार की इस जिंदगी में पल-प्रतिपल मौत तेजी से जिंदगी से आगे निकलती जा रही है। अंधाधुंध रफ्तार के साइड इफेक्ट में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिदिन जाने-अनजाने लोग लगातार बिछड़ रहे हैं। सही कहते हैं कि काल का दूसरा नाम सड़क दुर्घटना हो गया है। पिछले एक दशक में देश में सड़क दुर्घटनाओं में 13 लाख से भी ज्यादा लोगों की जानें जा चुकी हैं। सड़क परिवहन की इसी खतरनाक स्थिति पर चिंता जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कभी देश की सड़कों को 'राक्षसी हत्यारे' या जायंट किलर कहा था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपने रिपोर्ट में सड़क दुर्घटनाओं को "सबसे बड़े कातिल" की संज्ञा दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि हर साल दुनियाभर में सड़क हादसों में 1.2 मिलियन लोगों की मृत्यु हो जाती है और 50 मिलियन लोग इससे प्रभावित होते है। साल 2022 में 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 1.68 लाख लोगों की मौत हो गई। वहीं लाखों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,इनमें से कई लोग ऐसे भी हैं,जिन्होंने अपने शरीर के अंग हमेशा के लिए खो दिए। प्रत्येक घंटे सड़क दुर्घटना में लगभग 19 लोगों की मौत होती है। भारत में दुर्घटनाओं की संख्या 2021 की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत बढ़ गई है और मरने वालों की संख्या 9.4 प्रतिशत बढ़ गई है। भारत को प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाला नुकसान भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग तीन प्रतिशत है। भारत में हरेक मिनट में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत होती है। लगभग 75 प्रतिशत दुर्घटनाओं का कारण वाहनों की तेज रफ्तार है। लगभग 42 प्रतिशत मामलों में पैदल चलने वाले होते हैं। लगभग 33 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं एक्सप्रेस वे सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई हैं। राज्य राजमार्गों पर लगभग 23 प्रतिशत दुर्घटनाएं हुई हैं। विश्व में सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली कुल मौतों में से 11 प्रतिशत भारत में होती हैं। विश्व में सड़क दुर्घटनाओं के कारण प्रत्येक 23 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु होती है। कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 76 प्रतिशत दुर्घटनाएं ओवर स्पीडिंग और गलत साइड पर गाड़ी चलाने जैसे यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। देश में दोपहिया वाहनों पर दुर्घटना के शिकार होने वाले 73 प्रतिशत लोग हेलमेट नहीं पहनते हैं,जबकि चार पहिया वाहनों में सीट-बेल्ट का प्रयोग नहीं करना है। गलत दिशा में ड्राइविंग के कारण लगभग छह प्रतिशत दुर्घटनाएं होती है। नशे में गाड़ी चलाना और गाड़ी चलाते समय फोन का उपयोग करना अन्य बड़े कारण हैं। भारत में अनिवार्य सीट बेल्ट नियम लागू करने के बावजूद, 2022 में इसे न पहनने के कारण लगभग 17 हजार लोगों की जानें चली गईं। इसका बहुत बड़ा उदाहरण उद्योग पति साइरस मिस्त्री की मौत है। हालांकि भारत में विश्व के लगभग 10 प्रतिशत वाहन ही हैं,लेकिन सड़क हादसों में एक चौथाई लोग भारत में जान गंवाते हैं। इसके पीछे अंधाधुंध रफ्तार,ट्रैफिक नियमों को तोड़ना,नशे में गाड़ी चलाना,गाड़ी चलाने के दौरान नींद आना, खस्ताहाल सड़कों या उन पर अतिक्रमण,गाड़ियों की खराब हालत और तत्काल चिकित्सा सहायता की अनुपलब्धता होना है। बिना हेलमेट लगाए स्कूटर सवार,एक बाइक पर एक साथ बैठे चार लोग,बिना सीट बेल्ट लगाए कार ड्राइवर,बिना लाइट का ट्रक और यात्रियों से ठसाठस भरी बस के खुले दरवाजे पर लटके तथा छत पर बैठे बीसियों लोग इत्यादि दुर्घटना और मौत के कारण हैं। बहुत सी सड़क-दुर्घटनाएं बस, ट्रक या कार ड्राइवर द्वारा शराब पीकर गाड़ी चलाने तथा लापरवाही से या गंतव्य पर पहुंचने की जल्दी में तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण भी होती हैं।

आस्ट्रेलिया ने प्रायोगिक तौर पर 'इग्निशन लाकिंग सिस्टम' लागू किया है जिसमें जब ड्राइवर अपनी श्वास का सैंपल देता है,तभी उसकी गाड़ी स्टार्ट होती है। अगर उसने शराब पी रखी है तो उसका वाहन स्टार्ट ही नहीं होगा। सिंगापुर में हेलमेट के लिए वायरलेस सेंसर बनाया गया है।

हालांकि सड़क परिवहन के संबंध में सरकारी नियम कानून पहले से बने हैं,परंतु उसे कठोरता से लागू करने की आवश्यकता है। हाल ही में भारतीय न्याय संहिता के उस प्रावधान का वाहन चालकों द्वारा विरोध किया गया जिसमें सड़क दुर्घटना में हिट एंड रन मामलों के लिए अधिकतम 10 साल तक की सजा एवं भारी जुर्माना का प्रावधान किया गया है। कानूनों के अलावा सड़क दुर्घटनाओं से बचने का सबसे प्रभावी उपाय है कि तकनीक में निवेश किया जाए। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई तकनीक इसमें काफी उपयोगी साबित हो सकती है। वाहनों को एआई से लैस करके उनकी ट्रैकिंग संभव है। इससे वाहन की ड्राइविंग और रफ्तार के पैटर्न पर नजर रखी जा सकती है और ड्राइवर का संपर्क स्टीयरिंग व्हील से टूटते ही इससे पता लगाकर ड्राइवर को सतर्क किया जा सकता है। यदि हम इसे जीपीएस से जोड़ दें और 'जियो-फेंसिंग' जैसी तकनीक का इस्तेमाल करें तो शहरी एवं दुर्घटना आशंकित क्षेत्रों में वाहनों की अधिकतम गति को अपने आप ही नियंत्रित कर सकेंगे जिससे हादसे का खतरा कम हो जाएगा। इसी तकनीक का इस्तेमाल रात के वक्त या घने कोहरे के समय भी किया जा सकता है। स्टेयरिंग व्हील के पैटर्न से लेकर ड्राइवर की आंखों और चेहरे की लगातार निगरानी की जाती है ताकि उसकी थकान का पता चल सके।

आस्ट्रेलिया ने प्रायोगिक तौर पर 'इग्निशन लाकिंग सिस्टम' लागू किया है जिसमें जब ड्राइवर अपनी श्वास का सैंपल देता है,तभी उसकी गाड़ी स्टार्ट होती है। अगर उसने शराब पी रखी है तो उसका वाहन स्टार्ट ही नहीं होगा। सिंगापुर में हेलमेट के लिए वायरलेस सेंसर बनाया गया है। यह चालक को पहुंचने वाली किसी भी चोट की खबर उसकी लोकेशन के साथ उसके परिवार और दोस्तों को देता है जिससे उसका बचाव तत्काल संभव हो सकता है। एआई से किसी भी ओवरलोडेड ट्रक और ट्राली को ट्रैक किया जा सकता है और उनके आकार को देखकर उन्हें रोका जा सकता है। किसी भी दुर्घटना के बाद पहले घंटे को 'गोल्डन आवर' कहते हैं। यदि इस आरंभिक एक घंटे में पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा मिल जाए तो दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जान बचाने में मदद मिल सकती है। इस गोल्डन आवर के उपयोग के संबंध में ड्राइविंग लाइसेंस लेते समय लोगों का 'फर्स्ट एड' टेस्ट पास करना अनिवार्य बनाया जा सकता है। इसके लिए सामान्य रूप से स्कूलों और कालेजों में भी युवाओं को आकस्मिक प्राथमिक चिकित्सा में दक्ष बनाना होगा। यूरोपीय देशों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वाहन चलाने के संबंध में एक आचार संहिता लागू है जिसका ज्यादातर देश पालन करते हैं। इसके अनुसार यदि किसी कार की गति 35 किमी प्रति घंटा है तो दो कारों के बीच की दूरी 74 फीट होनी चाहिए। 40 मील प्रतिघंटा की रफ्तार होने पर यह अंतर 104 फीट और 45 फीट की गति पर यह अंतर 132 फीट होना चाहिए। यदि चालक की मुट्ठी बंद करने की ताकत पौने सोलह किलोग्राम से कम निकलती है तो यह माना जाना चाहिए कि यह व्यक्ति वाहन चलाने लायक नहीं है। वाहन चलाने लायक उस व्यक्ति को माना जाएगा,जो 20 मीटर आगे चल रहे वाहन का नंबर आसानी से पढ़ ले। तीन चौथाई दुर्घटनाएं चालकों की लापरवाही के चलते होती हैं।

अपने देश में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सफर' और 'सुरक्षित यात्रा' नाम से दो कॉमिक बुक्स जारी की गई हैं। सड़क सुरक्षा को एक गंभीर मुद्दा मानते हुए वर्ष 2015 में भारत ने ब्रासीलिया घोषणा पर हस्ताक्षर किया था और सड़क दुर्घटनाओं तथा मृत्यु दर को आधा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की थी। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन की सड़क सुरक्षा पर ताजा वैश्विक स्थिति रिपोर्ट के अनुसार सड़क यातायात से होने वाली मौतों की वार्षिक संख्या 5 प्रतिशत घटकर 1.19 मिलियन प्रति वर्ष हो गई है। जबकि भारत में यह संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं विश्व स्तर पर संख्या में थोड़ी कमी आई है। वर्ष 2030 तक सड़क यातायात से होने वाली मौतों और चोटों को आधा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा कार्रवाई दशक 2021-2030 के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं जिसमें भारत को विशेष प्रयास की आवश्यकता है। बेलारूस,ब्रुनेई दारुस्सलाम, डेनमार्क, जापान, लिथुआनिया, नॉर्वे, रूसी संघ, त्रिनिदाद और टोबैगो, संयुक्त अरब अमीरात और वेनेजुएला जैसे देशों में सड़क यातायात से होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत से ज्यादा कम करने में सफलता पाई है तो भारत भी इसे प्राप्त कर सकता है। इसके लिए सेफ्टी नियमों के कठोरता से अनुपालन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

## प्रसंगवश


# दयानंद सरस्वती और मूर्ति पूजा

दयानंद सरस्वती की समाज सुधार आंदोलन में जो भूमिका रही है वह हम सब जानते हैं,लेकिन 1857,58 और 59 में तीन साल तक वे कहां रहे और क्या करते रहे,यह हम सब कम ही जानते हैं। इस प्रसंग में स्वामी दयानंद ने यही लिखा कि मैं "मैं इन तीन वर्षों में नर्मदा तट पर घूमता रहा।" कुछ इतिहासकार यह मानते हैं कि वे इस दौर में स्वाधीनता संग्राम के लिए आम जनता को संगठित करने का काम कर रहे थे। इस संदर्भ में वासुदेव वर्मा की लिखी किताब "अठारह सौ सत्तावन और दयानंद सरस्वती" महत्वपूर्ण कृति है। मूर्तिपूजा और सोमनाथ मंदिर के प्रसंग में दयानंद सरस्वती ने "सत्यार्थ प्रकाश" में लिखा है, एक प्रश्न सोमनाथ मंदिर के बारे में था, " देखो! सोमनाथ जो पृथिवि पर रहता था और बड़ा चमत्कार था। क्या यह भी मिथ्या बात है?" उत्तर, "हां मिथ्या है सुनो! नीचे-ऊपर चुंबक पाषाण लगा रखे थे। उसके आकर्षण से वह मूर्ति अधर खड़ी थी-जब ऊपर की छत टूटी तब चुंबक पाषाण पृथक होने से मूर्ति गिर पड़ी"। (सत्यार्थ प्रकाश, दिल्ली, 1954, पृ.334) इसके बाद अगला प्रश्न है, " द्वारकाजी के रणछोड़ की जिसने 'नरसी महता' के पास हुंडी भेज दी और उसका ऋण चुका दिया इत्यादि बात भी क्या झूठ है?" उत्तर, "किसी साहूकार ने रुपये दे दिए होंगे। किसी ने झूठा नाम उड़ा दिया होगा कि श्रीकृष्ण ने भेजे। जब संवत् 1914 के वर्ष में तोपों के मारे मंदिर-मूर्तियां अंग्रेजों ने उड़ा दी थीं तब मूर्ति कहां गई थी? प्रत्युत बाघेर लोगों ने जितनी वीरता की और लड़े,शत्रुओं को मारा,परंतु मूर्ति एक मक्खी की टांग भी न तोड़ सकी। श्रीकृष्ण के सदृश कोई होता तो इनके धुर्रे उड़ा देता और ये भागते फिरते। भला यह तो कहो कि जिसके रक्षक मार खाए उसके शरणागत क्यों न पीटे जाएं।"

श्रीकृष्ण के सदृश कोई होता तो इनके धुर्रे उड़ा देता और ये भागते फिरते। भला यह तो कहो कि जिसके रक्षक मार खाएं उसके शरणागत क्यों न पीटे जाएं।


प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

# ईश्वर को जानना या मानना


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इतना तो समझ में आता है,किंतु इसके आगे? कि स्व-चेतना में ही वैश्विक चेतना समाई है। आत्मा ही परमात्मा है। सबकी चेतना वही है। एक ही है। अहं ब्रह्मास्मि, तत्वमसि, सर्वं खलु इदं ब्रह्म।

मनुष्य की एक आंख विवेक और दूसरी सत्य के प्रति निष्ठा है। ये दोनों आंखें जिसके न हों वह शीघ्र ही अज्ञान के कुंए में गिर जाता है,इसमें कोई संदेह नहीं। विवेक से प्राप्त सत्य के प्रति निष्ठा। न धर्म,न ईश्वर। बस विवेक से जो भी सत्य लगे,उसके प्रति निष्ठा। सत्य को खोजना पड़ता है,फिर बुद्धि विवेक से तय करना पड़ता है कि जो मिला वह सत्य है या असत्य।

ईश्वर को खोजना नहीं,मानना पड़ता है। जाने कितने हजार साल से लोग कहते आए हैं कि वह है। मां-बाप, दादा-परदादा से यही सुनते आए हैं। इसलिए मान लिया। सवाल है कि यदि सबने किसी न किसी से सुना ही तो खोजा किसने, देखा किसने? वह कौन था जो ईश्वर जी से मिलकर आया और ईश्वर जी ने तस्दीक किया कि हां,यह बंदा मुझसे मिलकर जा रहा है, इसकी बात को मेरी बात मानो। कहने को तो कोई भी कह सकता है,ईश्वर जी से मिलकर आ रहा हूं। आगे जो भी कहूंगा,उन्हीं की बात कहूंगा। या जब मन में आए,ईश्वर जी से बात कर सकता हूं।

आदि शंकराचार्य मानव चेतना की रहस्यमयता को पकड़कर बैठ गए। हम सब कुछ जान सकते हैं,किंतु अपनी ही चेतना को, यानी अपने आपको (साधारणतः) नहीं जान सकते। न उसका वर्णन कर सकते हैं,न यह बता सकते हैं कि अगले क्षण वह क्या होगी, उसे क्या अनुभूति होगी,क्या आभास होगा। बस इतना समझ में आता है कि चेतना जो भी जानती है,पार्थक्य भाव से जानती है। जिसे जानना है वह मुझसे भिन्न है। मैं जानने वाला हूं और वह जानने योग्य है। ज्ञाता और ज्ञेय का पार्थक्य। इसलिए चेतना खुद को कैसे जानेगी? शंकर ने कहा,बस उसी को जान लो तो सब कुछ जान जाओगे,क्योंकि सब कुछ तुम्हारी चेतना में ही है। सबकी चेतना में वही है। पूरे ब्रह्मांड में वही है। सबकी चेतना की डोर एक ही स्रोत से बंधी है। सब उसी की प्रतिबिंब हैं। जान लोगे तो ज्ञाता ज्ञेय और ज्ञान का भेद खत्म हो जाएगा। सिर्फ शुद्ध चेतना रह जाएगी। बोध हो जाएगा कि बाकी सब भ्रम है,अध्यास है, माया है, विवर्त है।

क्वांटम भौतिकी की कृपा से अब तो पूरे ब्रह्मांड के बारे में ज्ञात हो चुका है कि इसमें मौजूद जड़,चेतन और रिक्त आकाश तीनों ऊर्जा के क्वांटा फील्ड (इलेक्ट्रॉन) और क्वार्क से बने परमाणुओं के संघटन हैं और सभी क्वांटा फील्ड एक एकीकृत क्वांटा फील्ड के अविभाज्य अंग हैं,जो परस्पर उलझे हुए हैं। करोड़ों प्रकाश वर्ष दूर होने पर भी एक इलेक्ट्रॉन पर पड़ने वाला प्रभाव दूसरे को संप्रेषित हो सकता है। तो समस्त ब्रह्मांड सूक्ष्मतम में एक जैसा नहीं, एक ही है। क्या इलेक्ट्रॉन में भी चेतना जैसी कोई चीज होती है? नहीं हो सकती। इलेक्ट्रॉन पदार्थ और ऊर्जा दोनों एक साथ है। ऊर्जा जो खंडों में काम करती है,लेकिन चेतना न पदार्थ है, न ऊर्जा। ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए पदार्थ को खर्च होना पड़ता है,चेतना की उत्पत्ति के लिए पदार्थ को खर्च नहीं होना पड़ता। वह मानव मस्तिष्क में अभिनिविष्ट होती है।

बच्चा जन्म के समय शरीर के साथ चेतना को भी लेकर आता है। समय बीतने के साथ एक क्षण आता है जब उसे स्वयं का यानी अपनी चेतना का और शेष विश्व का पृथक-पृथक एहसास हो जाता है। इसी को होश संभालना कहते हैं। उसका खुद का शरीर भी विश्व में शामिल होता है, "उसमें" नहीं। उसका शरीर और शरीर के अंग-प्रत्यंग सब "उसके" होते हैं, "वह" नहीं होते। वह माने उसकी चेतना,खुद के होने का एहसास। इतना तो समझ में आता है,किंतु इसके आगे? कि स्व-चेतना में ही वैश्विक चेतना समाई है। आत्मा ही परमात्मा है। सबकी चेतना वही है। एक ही है। अहं ब्रह्मास्मि,तत्वमसि, सर्वं खलु इदं ब्रह्म।

मुश्किल है,लेकिन कोशिश करके देखने में क्या हर्ज! जब तक समझ में नहीं आता, अनजान ही बने रहेंगे। अनजान होना स्वीकार भी कर लेंगे। सत्य और विवेक के सहारे तो इतना ही कह सकते हैं कि भैया,अभी तक स्वयं को, स्वयं की चेतना के आत्मरूप को,जो मेरा, आपका,सबका आत्मरूप हो, नहीं समझ पाया। जीते जी समझ में आ गया तो मान लूंगा। नहीं तो अंतिम क्षण तक अज्ञान में ही रहूंगा। स्वीकार भी करूंगा कि अज्ञान में हूं,लेकिन बिना खुद समझे मानूंगा नहीं।

## सोशल फोरम

# चंदा या धंधा


तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

इलेक्ट्रोल बांड पर मुझे कभी हैरानी नहीं हुई। दरअसल ये हमारी चंदाखोर संस्कृति का ही थोड़ा विस्तारित रूप था। चंदे को सामाजिक स्वीकृति तो हासिल है ही,ये चंदा रूपी बांड को भी वैधानिक स्वीकृति देने का प्रयास था। वो तो शुक्र है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी,लेकिन क्या आम जीवन मे हम चंदाखोरी पर रोक लगा पाने में सफल हुए हैं। इस व्यवस्था से परेशान सारे हैं,खासकर व्यापारी वर्ग,लेकिन बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे?

आजकल सब्जी बाजार जाता हूं तो लोगों के समूह को चंदा मांगते हुए देखता हूं। छोटे-छोटे दुकानदार बेचारे भी परेशान है कि आखिर कितनो को चंदा दें। चंदे से कोई सामाजिक आयोजन करना गलत नहीं। लोगों के सहयोग के बिना बड़े आयोजन सम्भव ही नहीं,लेकिन चंदा श्रद्धा और औकात के हिसाब से ही दिया जाता है। जब धार्मिक आयोजनों में चंदा देने का एक अदृश्य सामाजिक दबाव आप महसूस करने लगे तो मान लीजिए कि समस्या गंभीर है। एक बार मैं हरिद्वार गया। वहां हर की पौड़ी पर कुछ लोग रसीद ले चंदा मांगने पहुंच गए। कहने लगे मां गंगा और स्थान को साफ सुथरा रखने के लिए कुछ दान कीजिए। मैंने कहा मां गंगा खुद को साफ करना जानती हैं। मां को आपकी जरूरत नहीं। आप केवल इसे गंदा करने वाले कृत्य करना बंद कर दीजिए। वही मां गंगा पर आपका बहुत बड़ा अहसान होगा। ये घटना बहुत साल पहले की है। आज अगर ऐसा कुछ होता तो मैंने भी चुप चाप रसीद कटा ली होती।

वैसे कहने को तो मैं बहुत कुछ कहना चाहता हूं कि हजारों लोगों का रोज लंगर कैसे चलता है? कैसे मात्र कुछ रुपये में एमआरआई, सिटी स्कैन और अन्य टेस्ट किए जाते हैं? कैसे किसी आपदा में सबसे पहले यही नजर आते हैं? आखिर इसके लिए पैसा कहां से आता है? ये कभी चंदा मांगने क्यों नहीं जाते? क्यों यहां अपनों के साथ दूसरे लोग भी खुद आगे बढ़कर चंदा देते हैं? क्यों दान का सर्वाधिक सदुपयोग यहीं होता है? मैं इसमें बड़ाई नही कर रहा,लेकिन ध्यान जरूर दिला रहा हूं कि एक दूसरे के धर्म की बेहतर बातों से हम क्यों नहीं सीख सकते? और अगर हम सीखने में रुचि नहीं रखते हैं तो चंदे और धंधे वाला इल्जाम तो लोग लगाएंगे ही। -**फेसबुक वॉल से**

# बरेली में एक थे प्रोफेसर कृपानंदन


सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

वे बरेली कालेज में अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष थे। गांधीवादी थे और खादी पहनते थे। कुर्ता-पाजामा उनकी वेषभूषा थी। एक बार बरेली क्लब में उन्हें इसी पहनावे के कारण घुसने नहीं दिया गया। इससे वे बहुत आहत हुए और गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन सत्याग्रह पर बैठ गए। उनकी लड़ाई रंग लाई और बरेली क्लब को माफी मांगनी पड़ी। यह उनकी बहुत बड़ी जीत थी, लेकिन बरेली क्लब आज भी उस अंग्रेजियत से मुक्त नहीं हो सका है। 2005 में 20 अप्रैल को कृपानंदन जी का निधन हुआ तो लगा कि बरेली की जमीन का एक खालिस धर्मनिरपेक्ष और सिद्धांतप्रिय व्यक्ति हमारे मध्य से चला गया।

वे रुहेलखंड विश्वविद्यालय स्थापना समिति के संस्थापक अध्यक्ष थे। धार्मिक विश्वासों में उनकी कतई आस्था नहीं थी, बल्कि वे उन चीजों के विरोध में खड़े थे,जो मनुष्य को धर्म और ईश्वर का गुलाम बनाती हैं। उन्होंने मार्क्सवाद का अध्ययन किया था, पर वे उससे बंध नहीं पाए। यद्यपि अनेक कम्युनिस्ट उनके पक्के मित्र थे। उन्हें दकियानूसी और कट्टरता से सख्त नफरत थी और जातिवाद उनके लिए किसी गैरजरूरी चीज का नाम था। उन्होंने एक मुस्लिम महिला जकिया से विवाह किया था। उन्होंने उनका न तो धर्मपरिवर्तन किया और न ही नाम बदला। दरअसल वे धर्म के प्रति एकदम उदासीन थे। निजी और सार्वजनिक जीवन में भी। सुबह जल्दी उठना। टहलना। बागवानी करना। किताबें बहुत पढ़ते थे। रात में बिना पढ़े नींद नहीं आती थी। उनके पास शेक्सपीयर की काफी किताबें थीं। कुछ भारतीय लेखकों की भी। अंग्रेजी अध्यापन के बाद भी किसी पर रोब झाड़ने के लिए अंग्रेजी बोलना उन्हें स्वीकार नहीं था। उन्होंने कभी नहीं समझा कि वे अंग्रेजी के प्रोफेसर हैं। पहनावे में, न व्यवहार में। 77-78 के बाद उन्होंने खादी का कुर्ता-पाजामा ही पहना। पूरी तरह शाकाहारी थे। खाने के बहुत शौकीन थे। वे अंधविश्वासों के घोर विरोधी थे। निधन के दिन 12-1 बजे तक मित्रों के बीच चर्चा करते रहे और एकाएक रुखसत हो गए।

कृपानंदन जी की खेलों में भी बहुत रुचि थी। क्रिकेट, हॉकी, कैरम आदि उन्हें बहुत प्रिय थे। मेरे पास कृपानंदन जी का एक पुराना चित्र है 1976 में बरेली कालेज के अध्यापकों की हॉकी टीम में प्रोफेसर उस्मान और डॉ. मेहरा उनके साथ थे। 1944 में कृपानंदन जी को लोगों ने हाउजी खेलते-खिलाते भी देखा था। उन दिनों बरेली जंक्शन के रेलवे इंस्टिट्यूट में हाउजी होती थी। उन्हें ताश के पत्तों की रमी खेलने का भी शौक था। एलन क्लब में वह रमी के अच्छे खिलाड़ी रहे थे। एमएन रायवादी निरंकार देव सेवक से उनकी खूब पटती थी। वे 'सैटरडे क्लब' की मीटिंगों में भी जाते थे। सेवक जी के साथ रहकर भी वे एमएन रायवादी नहीं हो पाए। साम्यवाद की खूबियों को मानते हुए कृपानंदन जी गांधी की चीजों में भरोसा करते थे। वे राजनीतिक दर्शन में व्यक्ति चरित्र,सत्यनिष्ठा और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि मानते थे। धर्मनिरपेक्षता के मामले में वे पंडित नेहरू के अधिक नजदीक थे। उर्दू शायरी का दार्शनिक पक्ष उन्हें पंसद था। उर्दू और फारसी उनकी मातृभाषा जैसी थी। वे रूसी भाषा के भी अच्छे जानकार थे। फिराक, इकबाल, गालिब और चकबस्त उनके पसंदीदा शायर थे।



वर्ष 2000 में उन्होंने हमारी पत्रिका 'संदर्श' के निरंकार देव सेवक विशेषांक के लिए एक संस्मरण लिखा था जिसका शीर्षक था 'मुद्दत हुई कि ग़ालिब मर गया, पर याद आता है' जिसमें सेवक जी से उनकी मित्रता के अछूते प्रसंगों के साथ विभिन्न वैचारिक मुद्दों पर उनकी असहमतियां भी दर्ज हैं। 1937 में जवाहरलाल नेहरू और विजय लक्ष्मी पंडित ने कुतुबखाने के मोती पार्क में जब छात्रों में देशभक्ति का जज्बा फूंका, तब बरेली कालेज के हॉल पर लगा यूनियन जैक जलाकर कृपानंदन जी ने ही तिरंगा फहराया था। वे 1943 में बरेली कालेज छात्र यूनियन के अध्यक्ष भी रहे। अपने बाद के दिनों में कृपानंदन जी बरेली कालेज के शैक्षिक माहौल को लेकर बेहद चिंतित थे। उनके जेहन में संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था थी। बाद के दिनों में पंडित दीनानाथ मिश्र स्कूल के पिछले हिस्से की एक बगिया में अपना छोटा-सा आशियाना बनाकर वे रहने लगे थे। वे निहायत ईमानदार और पारदर्शी व्यक्तित्व के मालिक थे। सही अर्थों में प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को जीवन में उतारने वाले। उनका बाहर और भीतर एक समान था। उनकी सुनाई प्रिय कविता मुझे याद आ रही है, 'नार लव दाइ लाइफ नार हेट/बट व्हाट दो लिवेस्ट लिव वेल/ हाउ लांग ऑर शार्ट/परमिट टु हेवेन।' कृपानंदन जी के भीतर कविता की गजब की समझ थी। अक्सर वे कहने लगे थे कि मशीनों के इस हंगामी दौर में जहां हर वक्त हर तरफ शोर ही शोर है,कविता की नर्म-ओ-नाजुक आवाज पनप सकती है कहीं? बालजती मुहल्ले में उनके बेटों की रिहायश और उनके द्वारा संस्थापित दो विद्यालय हमें उनकी याद दिलाने के लिए काफी हैं,पर उनमें उनके विचारों की महक नहीं। विगत दिनों उनकी पत्नी जकिया का भी निधन हो गया जो एक प्रेमकथा का भी अवसान था।

# 400 पार में कितनी धार


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा चुनाव प्रारंभ हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने एक आकर्षक नारा दिया है,"अबकी बार चार सौ पार" यानी कुल 543 सीटों में यह पार्टी अपनी झोली में इतनी सीटें आ जाने की दम भर रही है। मीडिया का एक वर्ग तरह-तरह की खींचतान करके यह संख्या पौने चार सौ तक पहुंचा भी रहा है,लेकिन जमीनी हकीकत इससे मेल नहीं खाती। दक्षिण में इस दल का प्रभाव अत्यंत अल्प है। पश्चिम बंगाल में दूसरे नंबर पर और ओडीसा में सत्तारूढ़ पटनायक से तालमेल न बैठ पाने के कारण काफी कम। यूपी के पश्चिमी भाग,हरियाणा, पंजाब में अनेक जगह भाजपा विरोधी साइन बोर्ड लगे हैं कि भाजपाई यहां न आएं। विगत में केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान के काफिले पर पथराव तक हुआ जिसमें कई भाजपाई कार्यकर्ता घायल हुए। सदा भाजपा का साथ देने वाला क्षत्रिय समुदाय इस बार विरोध में है। ठाकुर चौबीसी गाजियाबाद से पूर्व सेनापति वीके सिंह का टिकट कटने व अपने वर्ग की उपेक्षा से असंतुष्ट है और विरोध में पंचायतें कर रहा है। डैमेज कंट्रोल के लिए स्वयं मुख्यमंत्री योगी और राजनाथ सिंह के विधायक पुत्र पंकज सिंह को दौड़ना पड़ा,जो क्षत्रिय हैं।

हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर भले ही हटा दिए गए हैं,किंतु उनकी और सहयोगी रही जजपा की किसान विरोधी छवि उभर चुकी थी जिसका प्रभाव विरोध प्रदर्शनों के रूप में वहां साफ दिख रहा है। राजस्थान में असंतुष्ट वसुंधरा राजे सिंधिया, स्टार प्रचारक होते हुए भी, अपने पुत्र दुष्यंत सिंह के निर्वाचन क्षेत्र झालावाड़ के अतिरिक्त कहीं पार्टी प्रचार में नहीं जा रहीं हैं। वे प्रधानमंत्री की सभा में भी नहीं गईं। उनका जनता पर प्रभाव है और विगत विधानसभाई चुनावों की सभाओं में राजनाथ और गडकरी उनकी तारीफ करते रहे हैं। यही हाल मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह का है,जिन्हें मोदी शाह ने किनारे लगा दिया है। शिवराज केवल विदिशा तक अपने को सीमित किए हैं,जबां से वे खड़े हैं। पीलीभीत से टिकट कटने के बाद सांसद वरुण गांधी यहां के चुनावी प्रचार से दूर हैं,उनका टिकट कटने से सिख खास तौर से नाराज हैं। नेहरू-गांधी परिवार से होने के कारण वरुण की राष्ट्रीय पहचान है। उत्तराखंड में अग्निवीर योजना को लेकर गहरा असंतोष है, यहां बहुसंख्यक फौजी हैं। बिहार में अब मोदी और नीतीश मंच साझा नहीं कर रहे हैं। एक सभा में नीतीश चार सौ को चार हजार कह गए, तो मोदी उनके मुंह की तरफ देखने लगे। साथ ही अब तक कथित सेकुलर पाले में रहे नीतीश अपने मुख्यमंत्रित्व काल मे सामाजिक सद्भाव की बात रेखांकित कर देते हैं जिसका मतलब हिंदू मुस्लिम एकता से होता है,किंतु भाजपा हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण चाह रही है। अतः भाजपा कार्यकर्ताओं को यह एकता राग रास नहीं आता है। इस बार विपक्षी गठबंधन काफी कुछ मिलकर टक्कर दे रहा है,भले ही बाद में आपस में लड़ें। ऐसे में चार सौ पार का यह नारा अतिरंजित और अहंकार मूलक ही लग रहा है और सहयोगी दल तो कभी भी कही खिसक सकते हैं।

## धर्मनिरपेक्षता सिद्धांत का उल्लंघन करने वाले को राहत नहीं

**विधि संवाददाता, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर शिव के बारे में टिप्पणी करने के आरोपी को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि धार्मिक भावनाएं नागरिकों के लिए अत्यधिक महत्व रखती हैं और ऐसी भावनाओं को अपमानित करने या विघटित करने के उद्देश्य से किया गया कोई भी कार्य सहिष्णुता और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का गंभीर अपमान है। कोर्ट ने माना कि रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य की जांच और मामले की गहन समीक्षा करने पर यह सिद्ध होता है कि याची द्वारा अपराध किया गया है।

स्वतंत्रतापूर्ण अधिकार दूसरों की भावनाओं और विश्वासों का सम्मान करने की जिम्मेदारी के साथ आता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने ओवैस खान के खिलाफ समन आदेश, आरोप पत्र एवं संपूर्ण आपराधिक कार्रवाही को रद्द करने से इनकार करते हुए की।

# निवेशकों का धन डकारने वाले ग्रुप ने किराये पर ले रखा है आईएएस अफसर का मकान

## डेढ़ लाख रुपये है मासिक किराया, रसूखदार पद पर तैनात है आईएएस अधिकारी

विनय सिंह, लखनऊ

- पैसा पाने के लिए मकान पता कर पहुंच रहे निवेशक, गेट के अंदर प्रवेश बंद
- ग्रुप का चेयरमैन था प्रभावशाली इसलिए पंचम तल के आदेश दर्ज हुई थी एफआईआर

**अमृत विचार:** सैकड़ों निवेशकों की गाढ़ी कमाई जमा करवाकर उनका करोड़ों रुपये डकारने वाले टाइमसिटी ग्रुप के चेयरमैन ने एक आईएएस अफसर का मकान भी किराये पर ले रखा है। किराया भी कम नहीं, बल्कि डेढ़ लाख रुपये महीने है। वह भी शहीद पथ स्थित पॉश रिहायशी इलाके में।

ग्रुप के चेयरमैन के खिलाफ जबसे धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है, उससे दो वर्ष पहले ही उसने आईएएस अफसर का मकान किराए पर ले रखा है। खास बात यह है कि ग्रुप के चेयरमैन निवेशकों का धन वापस नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन उक्त आईएएस के मकान का किराया लगातार खाते में पहुंच रहा है। कई निवेशक चेयरमैन को तलाशने किराए वाले मकान में भी पहुंचे, लेकिन कॉलोनी के मुख्य गेट से ही निवेशकों को एंट्री नहीं मिली। आईएएस अफसर महत्वपूर्ण पद पर तैनात है। निवेशकों का कहना है कि ग्रुप के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के लंबे समय बाद भी अगर मकान ग्रुप को दिया हुआ है, तो उस अफसर पर भी संदेह उत्पन्न होता है।

> प्रकरण की विवेचना अभी चल रही है। हालांकि एक शिकायतकर्ता दो दिन पहले विवेचक बदलवाने के उद्देश्य से प्रार्थनापत्र दिया था। जल्द ही कोई निर्णय लेकर विवेचना पूर्ण करा रहा हूं।
>
> **-जितेंद्र कुमार दुबे**, एडीसीपी, उत्तरी

### टाइमसिटी ग्रुप पर क्या है आरोप



पंकज कुमार। टाइम सिटी का लोगो।

टाइमसिटी ग्रुप पर 2018 से 2023 के बीच एफडी, आरडी, एमआईएस और डेली डिपॉजिट तथा अन्य स्कीमों के माध्यम से सैकड़ों निवेशकों का करोड़ों रुपये जमा कराकर फरार होने का आरोप है। निवेशकों का कहना है कि ग्रुप के चेयरमैन अंबेडकरनगर निवासी पंकज कुमार पाठक के खिलाफ तहरीरें दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। निवेशकों ने किसी तरह पंचम तल पर संपर्क स्थापित किया। फिर जाकर पंचम तल के आदेश पर गुडंबा पुलिस ने ग्रुप के आठ निदेशकों, एक एचआर, दो महाप्रबंधक और एक प्रबंधक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया था, जिसकी विवेचना अब भी जारी है। निवेशकों का कहना है कि टाइमसिटी ग्रुप ने सहारा की तर्ज पर एफडी, आरडी, एमआईएस और डेली डिपॉजिट जैसी स्कीमों को लागू करने के लिए जिलों और तहसीलों तक में बैंक शाखाएं खोल रखी थी। इनमें अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर आदि जिले शामिल थे। सभी बैंकों में प्रबंधक और अन्य बैंक कार्मिक कार्यरत थे।

## बच्ची का अपहरण कर बेरहमी से हत्या करने वाला गिरफ्तार

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र में मां के साथ घर में सो रही डेढ़ साल की मासूम बच्ची का अपहरण कर बेरहमी से हत्या करने वाला उसका चचेरा चाचा निकला। वारदात के 48 घंटे के अंदर हंडिया पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। शुक्रवार को पत्रकारों के सामने डीसीपी गंगानगर ने बताया कि वेजाइनल स्वॉब की रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाई जाएंगी और इसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करके फास्ट ट्रैक कोर्ट में आरोपी को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाएगी।

डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने बताया कि हंडिया थाना क्षेत्र में हुई डेढ़ साल की मासूम बच्ची की हत्या के आरोप में सूरज उर्फ लल्ली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूरज और उसके चचेरे भाई में मारपीट की नौबत आ गई थी। इससे सूरज की पत्नी नाराज होकर अपनी बेटियों को लेकर मायके चली गई। इसी बात से सूरज नाराज था।

# तीन आश्रम पद्धति विद्यालयों में शुरू हुई अध्यापकों की नियुक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से शुरू हुए तीन आश्रम पद्धति विद्यालय में प्राचार्य से लेकर अन्य कर्मियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। माह के अंत तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो सकती है। अयोध्या और जौनपुर में आश्रम पद्धति विद्यालय के भवन का निर्माण लगभग चार-पांच वर्ष पूर्व हो गया था मगर इसके बाद भी पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी थी।

आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन करने के लिए फरवरी माह से ही कवायद शुरू कर दी गई थी। आश्रम पद्धति विद्यालय में बच्चों ने दाखिला ले लिया है। पढ़ाई के लिए पुस्तकें भी पहुंच गई हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि दोनों जिलों के लिए कुल 40 लोगों को स्टाफ रखा जाना है। इसमें प्राचार्य, शिक्षक, कंप्यूटर प्रशिक्षक और चतुर्थ श्रेणी कर्मी रखे जाएंगे। इनकी नियुक्ति जल्द कर दी जाएगी। प्रयास किया जाएगा माह के अंत तक कक्षाएं विधिवत संचालित होने लगें।

### नए आश्रम पद्धति विद्यालयों के निर्माण का रास्ता साफ

**लखनऊ, अमृत विचार:** पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सकता है। इसके लिए 20 करोड़ का बजट विभाग को मिला है। बता दें कि कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत में नए आश्रम पद्धति विद्यालयों का निर्माण होना है। केंद्रीय बजट के दौरान ही एटीएस के लिए राशि बढ़ा दी गई थी। पांच जिलों में एटीएस निर्माण पर कुल 40 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। 20 करोड़ रुपये शासन से स्वीकृत हो चुके हैं और विभाग को मिल गए हैं।

# बांग्लादेश के 4 नागरिकों को पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता, रायबरेली

- रायबरेली और उन्नाव में चलाते थे दवाखाना

**अमृत विचार:** क्षेत्र में क्लीनिक चलाने वाले फर्जी तरीके से रहे चार बांग्लादेशी नागरिको को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने इनके कब्जे से बांग्लादेश के तीन पासपोर्ट भी बरामद किए है। उन्नाव जनपद के मौरांवा कस्बे व रायबरेली के खीरों कस्बे सहित कई जगहों पर क्लीनिक चलाने वाले चार बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह अपने रिश्तेदारों के साथ यहां पर क्लीनिक चलाते थे।

पुलिस को काफी समय से कस्बे में कुछ बांग्लादेशी रहने की सूचना मिल रही थी, लेकिन पकड़ ने नही आ रहे थे। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व कस्बे में ही जमीन खरीदकर मकान बनाने वाले कमल पुत्र दुलाल खीरो के अतरहर रोड क्लीनिक चलाता था उसकी के साथ मंतोष पुत्र नानत भी रहता था। वही तनमय पुत्र सफन हलदर क्षेत्र के महरानीगंज व इन सबको यहां लाने वाला प्रकाश हलदर पुत्र मुकुंद हलदर उन्नाव जनपद के मौरांवा में अपना क्लिनिक चलाता था। पुलिस को इनके ऊपर शक हुआ तो उसने अपनी तफ्तीश शुरू की। सबसे पहले पुलिस ने प्रकाश को उठाया और उसने सब कुछ बता दिया तभी तीन अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सभी से जब वैध पासपोर्ट मांगा तो वह नही दिखा सके। कमल खीरो में अपने को बनर्जी बताता था जिससे किसी को कोई शक न हो और उसे बंगाली माना जाए। पुलिस इनके कब्जे से 1 पासपोर्ट, 4 आधार कार्ड, 2 वोटर कार्ड, 1 ड्राइविंग लाइसेंस व 3 बांग्लादेशी पासपोर्ट बरामद किए है।

## चुनाव चिन्ह के मांग वाली अपना दल की याचिका खारिज

**लखनऊ, अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपना दल (कमेरावादी) की ओर से अध्यक्ष कृष्णा पटेल द्वारा दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें लिफाफा चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाने का आदेश चुनाव आयोग को देने की मांग की गई थी। न्यायालय ने याचिका को पोषणीयता के आधार पर खारिज करते हुए कहा कि आचार संहिता लागू हो जाने के बाद चुनाव प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है लिहाजा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों व संविधान के अनुच्छेद 329 (बी) के तहत रिट याचिका पोषणीय नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने पारित किया है। याचिका में कहा गया था कि याची की पार्टी चुनाव आयोग में पंजीकृत है, हालांकि यह एक गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल है। 22 दिसम्बर 2023 को याची की पार्टी की ओर से चुनाव चिन्ह आवंटित करने संबंधी प्रार्थना पत्र आयोग को दिया गया था।

# 136 रुपये किलो लड्डू तैयार कर बेच रहे 400 में

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** हनुमानगढ़ी पर अब आस्था का सैलाब उमड़ने लगा है। इस बीच हनुमानगढ़ी के लड्डू प्रसाद व्यापारियों ने मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में मिलावटी घी का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। मिलावट करने के बाद लड्डू के थोक व्यापारियों का एक किलो माल 136 रुपये में तैयार हो जाता है। इसे हनुमानगढ़ी के निकट के व्यापारियों को 250 रुपये के करीब में बेचा जाता है और उसके बाद वही लड्डू श्रद्धालुओं को 400 रुपये किलो दिया जा रहा है।

इस कमाई से न सिर्फ सेहत के साथ खिलवाड़ हो रहा है बल्कि लोगों की आस्था को भी चोट पहुंचाने का काम किया जा रहा है। हनुमानगढ़ी के मुख्य महंतों के आदेश को 'अमृत विचार' ने 31 जनवरी को सबसे पहले व प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसमें देसी घी के लड्डुओं की बिक्री को ही अनिवार्य किया गया था। आदेश के दो माह बाद ही स्थानीय दुकानदारों ने बड़ी चालाकी से मोटी रकम कमाने के लिए बीच का रास्ता निकाल लिया। उधर, इस मामले में फूड इंस्पेक्टर अजय सिंह का कहना है कि लड्डू दुकानदारों को विभाग की तरफ से कोई आदेश नहीं दिया गया है। सिर्फ ये कहा गया है कि अच्छी ब्रांड का घी इस्तेमाल करें। जिसमें अमूल, पराग और ज्ञान घी का नाम सुझाया गया था। यदि दुकानदार अन्य सामग्री या अन्य घी का इस्तेमाल करता है तो उसे बताना पड़ेगा और सैंपलिंग भी होगी।

### इस पूरे खेल को ऐसे समझिए...



अयोध्या धाम का लड्डू विश्व प्रसिद्ध है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु बड़ी शिद्दत से अपने परिजनों के लिए ले जाता है। हनुमानगढ़ी पर 250 लड्डू व्यापारी हैं। थोक व्यापारियों की संख्या 35 से 40 के बीच में है। 70 से 80 किलो शुद्ध देशी घी का लड्डू बनाने के लिए थोक व्यापारियों को सात हजार रुपये में 15 किलो ज्ञान घी, 88 रुपये किलो मिलने वाला बेसन 20 किलो (कीमत 1760), 35 किलो चीनी (कीमत 1400), 1200 रुपये लेबर चार्ज और एक 1800 रुपये का कॉमर्शियल सिलिंडर लगता है। कुल अनुमानित लागत 13,160 रुपये आती है। सब फाइनल होने के बाद लगभग 188 रुपये किलो लड्डू पड़ता है। वहीं मिलावटी घी से लड्डू बनाने के लिए 3400 रुपये में 15 किलो वाले देशी घी का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें बेसन व अन्य सामान सही रहता है, लेकिन घी की लागत कम होने से लड्डू की कीमत मात्र136 रुपये किलो आती है। दुकानदारों को थोक रेट में बनाकर बेचने वाले करीब 35 कारखाने इस समय चल रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### इंडिया गठबंधन मजबूरी का बंधन : ओपी राजभर

**उरई, अमृत विचार :** उरई में आए सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूरी का बंधन बन कर रह गया है। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए इशारों इशारों में कहा कि वह करें तो रास लीला, और हम करें तो कहते है कि हमारा कैरेक्टर ढीला है। बसपा, कांग्रेस हो या सपा दो-दो बार गठबंधन करते हैं और तोड़ते हैं। तब वह अपने को पलटू राम क्यों नहीं करते। हम अगर सपा को छोड़ अपने पुराने घर आ गए तो पलटू राम कहने लगे, उन्होंने कहा कि विपक्ष का चाल, चरित्र और चेहरा अलग-अलग है। 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में एनडीए चार सौ पार का नारा सिद्ध करके रहेगी। उन्होंने कहा कि फिर तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधान मंत्री बनेंगे। इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन भानवती का पिटारा है, जिसमें शामिल राजनीतिक दल एक दूसरे को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इंडिया गठबंधन मजबूरी का बंधन बन कर रह गया है। ओमप्रकाश राजभर शुक्रवार को अपने एक निजी कार्यक्रम में जनपद जालौन के मुख्यालय उरई आए थे।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति (एसएलएससी) की 35वीं बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा बीते साल 2023-24 की विभागवार प्रगति की समीक्षा की गयी। इस दौरान उन्होंने प्रगति 88 प्रतिशत व्यय पर सन्तोष व्यक्त किया गया, साथ ही औसत प्रगति से कम व्यय करने वाले विभागों को सचेत करते हुए साल 2024-25 की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिये गये।

# पीडीए का गजब कारनामा, मृत अतीक के नाम पर जारी किया ध्वस्तीकरण का नोटिस

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** माफिया अतीक अहमद जिंदा है। यह हम नही प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से माफिया अतीक अहमद के नाम से जारी की गयी नोटिस बता रही है कि अतीक अभी तक जीवित है। प्राधिकरण ने अतीक अहमद के नाम से नोटिस जारी कर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की चेतावनी दी है। पीडीए नेयह भी चेतावनी दिया कि आदेश पर अमल नहीं किया गया तो प्रयागराज विकास प्राधिकरण निर्माण को ध्वस्त कर देगा और आने वाले व्यय को अतीक अहमद से वसूल करेगा।

पीडीए विभाग कि जारी इस नोटिस को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं चल रही है। पीडीए के इस गजब कारनामे से विकास प्राधिकरण चर्चा में है। एक वर्ष पहले पुलिस अभिरक्षा में गोलियों से भून दिए गए अतीक अहमद को अवैध निर्माण रोकने के लिए पीडीए ने नोटिस जारी किया है। दरअसल हाईकोर्ट चौराहे पर अंबेडकर प्रतिमा के पास उत्तर की पटरी के पास स्वामित्व वाले नजूल भूखंड संख्या 571/2 सिविल लाइंस स्टेशन नंबर दो और को 4 वर्ष पहले पीडीए ने ध्वस्त कर दिया था। अतीक अहमद की मौत के बाद उस भूखंड पर एक बार फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। बाहर से टीन शेड लगाकर अंदर निर्माण कार्य कराए जाने की शिकायत मिलने के बाद पीडीए ने अतीक अहमद के नाम से नोटिस जारी कर अवैध निर्माण रोकने और खुद से ध्वस्त करने के लिए सचेत किया है। ज़ोनल अधिकारी की ओर से अतीक के नाम पर भेजे गए नोटिस में लिखा है कि 4 साल पहले 6 अगस्त 2020 को किए गए अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ कारण बताने और अवैध निर्माण रोकने के लिए कहा गया था, लेकिन आपकी ओर से निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में बांग्ला नंबर 2 पर अवैध निर्माण को स्वयं ध्वस्त कर इस कार्यालय को सूचित करें। जनरल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय ने नोटिस में कहा है कि बांग्ला नंबर 2 अवैध निर्माण तत्काल हटा ले अन्यथा किसी भी दिन उसे ध्वस्त कर दिया जाएगा। यह भी कहा है कि इस बंगले में भवन स्वामी के वारिस या अन्य व्यक्ति रह रहे हो तो उसे तत्काल खाली कर दें। वह मकान अतीक अहमद के नाम से ही बना है।

> मृत माफिया के नाम से नोटिस नहीं जारी किया जा सकता है। इस मामले को देखा जाएगा अवैध निर्माण की सूचना है। इस पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- अरविंद चौहान**, पीडीए, उपाध्यक्ष

# अवैध हिरासत में रखने पर 25 हजार का मुआवजा देने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सब- डिविजनल मजिस्ट्रेट, जौनपुर द्वारा मनमाने ढंग से तीन दिनों तक अवैध रूप से एक व्यक्ति को हिरासत में रखने के कारण उसे 25 हजार रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने रमेश चंद्र गुप्ता उर्फ चंदू द्वारा दाखिल आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया, जिसमें दावा किया गया था कि याची को गैर कानूनी रूप से हिरासत में रखा गया था।




दरअसल, 9 जनवरी 2022 को थाना प्रभारी, जौनपुर ने याची का चालान कर दिया और उसे पूरी रात हिरासत में रखा। अगले दिन, 10 जनवरी को याची ने एसडीएम के समक्ष जमानत याचिका दाखिल की, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया। 11 जनवरी को याची की ओर से संबंधित अधिकारी के समक्ष एक और जमानत याचिका दाखिल की गई, लेकिन इस पर 13 जनवरी को ही सुनवाई हो सकी।इसके बाद याची को रिहा कर दिया गया। याची का तर्क है कि अधिकारी के समक्ष 11 जनवरी को जमानत आवेदन दाखिल करने के बावजूद उन्होंने 13 जनवरी को सुनवाई की, जिसके कारण उसे अवैध रूप से पुलिस हिरासत में रखा गया। हालांकि अपर शासकीय अधिवक्ता का तर्क था कि याची की गिरफ्तारी शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के हित में उचित थी और वह किसी मुआवजे का हकदार नहीं है, लेकिन कोर्ट ने पाया कि याची को तीन दिनों की अवैध हिरासत में रखा गया था। कोर्ट ने कहा कि याची के खिलाफ स्पष्ट प्रावधानों के खिलाफ कार्यवाही की गई है, इसलिए वह मुआवजे का हकदार है।

## वर्ग पहेली-45

**बाएं से दाएं**

1. 1. फूंका जाना 2. वस्तु आदि का जलना या भस्म होना 3. व्यर्थ ख़र्च होना 4. नष्ट या बरबाद होना।
2. 1. फ़रेब या छल करने वाला, चालबाज़, धोखेबाज़, कपटी, चालाक, धूर्त, ठग 2 फ़रेब संबंधी।
5. विक्रमादित्य के दरबार के एक नवरत्न अमर सिंह का बनाया हुआ प्रसिद्ध कोश।
8. 1. तुलसी की एक प्रजाति, काली तुलसी 2. चीड़ का वृक्ष।
9. घुड़सार, अस्तबल।
10. 1. मछली के शरीर का छिलका 2. दाल जैसे अनाज का छिलका।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. भूलने वाला, भुलक्कड़
3. 1. नाश, क्षति, हानि 2. आघात, चोट 3. क्लेश, पीड़ा।
4. 1. चुलचुली या हलकी खुजली होना 2. नटखटी करना 3. संभोग की उत्कट इच्छा होना 4. चंचलतापूर्वक इधर-उधर हाथ-पैर मारना।
6. 1. बनावटी, अप्राकृतिक, कृत्रिम 2. मिथ्या, पाखंडपूर्ण।
7. नृत्य में निपुण वह व्यक्ति जो तलवार की धार पर नृत्य कर सकता है और अंगों को तोड़-मरोड़कर कई तरह के करतब दिखा सकता है।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 | | |
| | | | | | | |
| | | 3 | | | | 4 |
| 5 | 6 | | 7 | | | |
| | 8 | | | | | |
| | | | 9 | | | |
| 10 | | | | | | |

### वर्ग पहेली -44 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 अ | ज | य | | 2 पा | ड़ा |
| 3 सा | व | | | 4 झ | | |
| | स | | 5 सि | र | का | |
| 6 चु | र | चु | रा | ना | | 7 छु |
| | वा | | ज | | | ट |
| 8 चाँ | द | 9 ना | | | 10 जि | प |
| | | 11 य | ज | न | | न |

### सुडोकू -124

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 2 | | | 8 |
| 1 | | | | 3 | | | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | 4 | | |
| 5 | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | 6 | | |
| | | 2 | | | 1 | 7 | | |
| | 4 | | | 8 | | | | 5 |
| 6 | | | 7 | | | 2 | | |

### सुडोकू -123 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 7 | 4 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 22.41 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष:** आज साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े कनफ्यूज हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

**वृष:** आज लोन वगैरह के कारण कोई काम अटक सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें। असंतुलित खानपान के कारण आपको पाचन की समस्या होगी। अपना काम निकलवाने के लिए आप स्वार्थी भी हो सकते हैं।

**मिथुन:** आज पुराना अनुभव आपके काफी काम आएगा। रिश्तेदारों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। यात्राओं के लिए दिन अच्छा है। व्यापारिक अनुबंधों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**कर्क:** आज बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी आपके प्रदर्शन से काफी प्रसन्न रहेगा और आपकी आय भी बढ़ा सकता है। आपको सामाजिक कार्यों से यश मिल सकता है। सरकारी कारणों से रुके हुए कार्यों में गति आएगी।

**सिंह:** आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में उच्च पद मिल सकता है। आपको उत्तम कार्यों के लिए पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

**कन्या:** आज अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहेंगे। महंगी वस्तुओं को खरीदने से आपके बजट पर असर पड़ सकता है। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित व अनुशासित रखें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है।

**तुला:** आज दांपत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद उठाएंगे। रचनात्मक कार्यों में भाग लेंगे। संपत्ति के क्रय-विक्रय की बड़ी डील से धन लाभ होगा। जीवनसाथी आपसे उपहार की अपेक्षा रख सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं। संतान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकती है।


**धनु:** आज कानूनी पचड़ों में फंस सकते हैं। कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए।

**मकर:** आज साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को निराशा महसूस हो सकती है। रूढ़िवादी विचारों से स्वयं को दूर रखें। क्रोध करने से आपको बचना चाहिए। आपके मन में तनाव रहेगा। मौसमी बीमारियां घेर सकती है।

**कुंभ:** आज दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझाएं। घर का माहौल काफी सुखद रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय देंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा सामंजस्य रहेगा।

**मीन:** आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिए दिन जबरदस्त रहेगा। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाला है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 14.04 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
घातक — सुबह : 08.35
दानवीर — रात : 07.00

**SONY PIX**
वंडर वुमन — सुबह : 10.10
स्पाइडर मैन — रात : 08.34

**SONY MAX**
शकुंतला देवी — सुबह : 10.12
भूल भुलैया — शाम : 06.00

**ZEE CINEMA**
यमला पगला दीवाना — सुबह : 09.35
बत्ती गुल मीटर चालू — रात : 07.25

**colors CINEPLEX**
रंगीला — सुबह : 11.03
कभी अलविदा न कहना — दोपहर : 02.15

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर दोपहर :02.15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक प्रसिद्ध गायक अपना कार्यक्रम पेश करने के बाद हॉल से कमरे में जा रही थी।
एक महिला ने पूछा- क्या आप ही वह माहिर गायक हैं, जो ऊंचे सुर में भी आसानी से गा लेती हैं?
गायक ने प्रसन्न होकर- जी हां।
महिला- मेरा जरा सा काम कर दीजिए, मेरे ड्राइवर को जोर से पुकारिए, वह कहीं खो गया है। उसका नाम घनश्याम है।

चंपक- मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो।
मम्मी- बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?
चंपक- क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैंची की तरह चलती है।

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 995 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1155 डीएमओ- 885

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1850, राज श्री 1320, फ़ॉर्चून कि. 1835, रविन्द्रा 1800, फॉर्चुन ली0 1685, जय जवान 1435, सचिन 1595, सूरज 1460, अवसर 1690, राग गोल्ड 1710, गृहणी 1610, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1730, आशीर्वाद मस्टर्ड 1725, स्वास्तिक 1820 ।किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 ।चावल-( प्रति कु0 ) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 ।दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7175-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14300, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16500 ।चीनी-डालमियां 4060, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010 (नयी), बहेड़ी 4020 ( नयी )।

# काशी की संपदा, गरिमा, तृप्ति से बढ़ेगा सब्जियों का रकबा

## आईआईवीआर वाराणसी की विकसित 19 प्रजाति केंद्र से अधिसूचित, बीज तैयार कर करेंगे बिक्री, प्रसंस्करण पर भी होगा काम

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

अमृत विचार : काशी की संपदा, गरिमा, तृप्ति, अन्नपूर्णा, उत्कर्ष आदि से प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में सब्जियों का रकबा बढ़ेगा। यह सभी सब्जियों की नई प्रजाति के नाम हैं। इस तरह की 19 प्रजाति भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (आईआईवीआर) वाराणसी ने विकसित की है। जिसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने केंद्रीय बीज समिति के परामर्श पर अधिसूचित किया है। यानी इन नामों से सब्जियों के बीजों का उत्पादन, बिक्री और पैदावार किसान करेंगे।

खासियत यह है कि ज्यादातर सब्जियां हर मौसम में कम समय पर उगेंगी और ज्यादा दिन तक सुरक्षित रहेंगी। लंबी दूरी तक ले जाने में खराब नहीं होंगी। यह अधिक पौष्टिक हैं। पुरानी प्रजातियों के मुकाबले इनमें आयरन, विटामिन बी, सी व डी जैसे तत्व अधिक हैं। इन सब्जियों से प्रसंस्करण कर पाउडर भी बनाया जा सकेगा।



### इन नामों से आएंगी ये नई प्रजाति

टमाटर : काशी तापस, टमाटर : काशी अद्भुत, बैगन : काशी उत्तम, सब्जी मटर : काशी पूर्वी, भिंडी : काशी उत्कर्ष, मूली : काशी ऋतुराज, टिंडा : काशी हरि, ककड़ी : काशी विधि, मिर्च : काशी गरिमा, परवल : काशी परवल 141, फलीदार मटर : काशी तृप्ति, फावा बीन (बकला) : काशी संपदा, विंगडबीन (सेम) : काशी अन्नपूर्णा, पालक चुकंदर : काशी बारामासी, पालक : काशी मनु, चौलाई : काशी चौलाई-1, तरबूज : काशी मोहिनी, करेला : काशी प्रतिष्ठा व करेला/लौकी : काशी शुभ्रा

> उप्र में 19 सब्जियों की नई प्रजाति विकसित और अधिसूचित होना बड़ी उपलब्धि है। अब बीज तैयार कर किसानों को पैदावार के लिए देंगे। इससे सब्जियों की पैदावार बढ़ेगी। अन्य राज्यों को भी इसका लाभ मिलेगा। किसानों की आय बढ़ेगी।
>
> -डॉ. राजीव वर्मा, संयुक्त निदेशक (शाकभाजी), उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

### शोध करने में लगे करीब 10 वर्ष

शासन ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की 17 सदस्यीय कमेटी की स्वीकृति पर प्रदेश से विकसित 20 सब्जियों की नई प्रजाति का प्रस्ताव पिछले वर्ष केंद्र को अनुमोदन के लिए भेजा था। इसमें भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी की 19 प्रजाति, जबकि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर की एक खीरा की प्रजाति शामिल है। इसमें वाराणसी की सभी प्रजाति अधिसूचित हुई है। इन प्रजाति को शोध कर विकसित करने में विज्ञानियों को आठ से 10 वर्ष लगे हैं।

# चार दिन बाद तेजी लौटी सेंसेक्स 599 अंक चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**



● बैंक और वाहन के शेयरों में अधिक खरीदारी से बाजार उबरा

बैंक एवं वाहन शेयरों में कम मूल्य पर अधिक खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती निचले स्तर से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुए और चार दिन से जारी गिरावट का क्रम टूट गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 599.34 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 73,088.33 पर बंद हुआ। हालांकि शुरुआती कारोबार में 672.53 अंक यानी 0.92 प्रतिशत लुढ़कते हुए 71,816.46 के निचले स्तर तक खिसक गया था। लेकिन बैंक शेयरों में खरीदारी से तेजी पकड़ने में सफल रहा। एनएसई का निफ्टी भी 151.15 अंक यानी 0.69 प्रतिशत उछलकर 22,147 अंक पर बंद हुआ। कारोबार सत्र में यह 21,777.65 के निचले स्तर तक पहुंचा लेकिन बाद में बढ़त के साथ बंद हुआ।

बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, विप्रो, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी ने बढ़त हासिल की। वहीं नेस्ले इंडिया, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट आई।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75700 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 56400-56600 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 75,900 |
| सोना रवा | 75,750 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 84,100 |
| चांदी (999) | 84,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74800 |
| सिल्वर (पक्की) | 830 (अनुमानित) |

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सात सप्ताह की बढ़त गंवाते हुए 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.5 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 564.7 अरब डॉलर रह गया। वहीं, स्वर्ण भंडार 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 55.8 अरब डॉलर पहुंचा। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 9.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 3.5 करोड़ डॉलर कम होकर 4.6 अरब डॉलर रह गया।

## नेस्ले के शिशु उत्पादों में चीनी संबंधी रिपोर्ट पर गौर करें एफएसएसएआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● आईबीएफएएन का दावा, नेस्ले ने विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को नेस्ले इंडिया द्वारा कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचने की रिपोर्ट पर गौर करने को कहा है।

स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) ने रिपोर्ट में दावा किया है कि नेस्ले ने यूरोप की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। उपभोक्ता मामलों की सचिव एवं केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की प्रमुख निधि खरे ने कहा कि हमने एफएसएसएआई को नेस्ले के शिशु उत्पाद पर आई रिपोर्ट का संज्ञान लेने के लिए पत्र लिखा है। पत्र में खरे ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग को लेखों के भारत में नेस्ले कंपनी के चलन के बारे जानकारी मिली, खासकर सेरेलैक के संबंध में। स्विट्जरलैंड के संगठन ने भारत में नेस्ले की विनिर्माण प्रथाओं पर रिपोर्ट पेश की है। भारत में बेचे जाने वाले नेस्ले सेरेलैक में एक बार के खाने में 2.7 ग्राम चीनी मिलाने का आरोप लगाया गया है, जबकि जर्मनी, स्विट्जरलैंड, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे अन्य देशों में ऐसा नहीं किया जा रहा।

## जीएसटी प्राधिकरण ने सिप्ला पर लगाया 1.83 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट (ट्रांजिशनल) का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सिप्ला ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से 1,83,17,388 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है। यह आदेश केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत लगा है। जीएसटी प्राधिकरण ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में उत्पाद शुल्क व्यवस्था से जीएसटी में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर संक्रमणकालीन यानी 'ट्रांजिशनल' क्रेडिट का दावा किया है, जो मान्य नहीं था। प्राधिकरण ने जुर्माने के साथ इसकी वसूली का आदेश दिया। सिप्ला ने कहा कि इस संबंध में अपीलीय प्राधिकार के पास अपील दायर करेगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के आदिवासी जिला लाहौल-स्पीति में गुरुवार रात आठ बजकर 53 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 मापी गई। भूकंप का केंद्र जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ में था। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि यदि आपके क्षेत्र के आसपास भूकंप के कारण कोई क्षति होती है तो इसकी सूचना 1077 पर दी जा सकती है। कांगड़ा भूकंप, जो चार अप्रैल, 1905 को आया था, हिमाचल प्रदेश के इतिहास में सबसे विनाशकारी भूकंपीय घटनाओं में से एक था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.0 थी और इसका केंद्र धर्मशाला के पास करेरी में था। भूकंप ने पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विनाश किया, इमारतों, बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण क्षति हुई और जीवन की हानि हुई। अनुमान बताते हैं कि 20,000 से अधिक लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल या विस्थापित हो गए। राज्य सरकार लोगों को आपदाओं से बचाने के लिए कई कदम उठा रही है।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग और बारामूला से नौ ड्रग तस्करों को पकड़ा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग और बारामूला जिलों में मादक पदार्थ के नौ तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पांच थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ सात तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वाघामा बिजबेहारा के फिरोज अहमद राथर और ऐजाज अहमद मंटू को गिरफ्तार किया और उनके पास से नौ किग्रा डोडा पोस्त मिला, जबकि नागम कोकरनाग के सुहैल अहमद डार और वॉटनार्ड कोकेरनाग के रेयाज़ अहमद मीर के कब्जे से 16.450 किग्रा भांग पाउडर मिला। उत्तरासू में पुलिस ने ऐशमुकाम से शकील अहमद वानी को गिरफ्तार किया और उसके पास से 21 ग्राम चरस, 350 ग्राम डोडा पोस्त और 10,000 रुपये बरामद किए। पुलिस ने येन्नेर पहलगाम के गुलाम नबी भट से चार किग्रा डोडा पोस्त और 1.25 किग्रा भांग बूसा पकड़ा। वाघामा बिजबेहरा के इंद्राज अहमद थोकर के कब्जे से करीब पांच किलो भांग पाउडर बरामद किया।

### साइबर पुलिस का अधिकारी बनकर 46 लाख रुपये ठगे

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में खुद को मुंबई साइबर पुलिस का अधिकारी बताकर ठगों ने 47 वर्षीय व्यक्ति से 46 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि ठगों ने पीड़ित के खिलाफ धनशोधन और मादक पदार्थ का मामला दर्ज करने की धमकी देकर उसके साथ ठगी की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने कथित तौर पर खुद को मुंबई साइबर पुलिस का अधिकारी बताया और नेरुल के रहने वाले पीड़ित से व्हाट्सएप पर संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने दावा किया कि उन्हें उसके (पीड़ित के) खिलाफ धनशोधन और मादक पदार्थ के संबंध में शिकायत मिली है।

# निषेधाज्ञा रद करने के अनुरोध पर सुनवाई को तैयार अदालत

## पीठ ने प्राधिकरण को सभाओं की अनुमति की अर्जी पर निर्णय लेने का दिया निदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● सिर्फ चुनाव के आधार पर धारा 144 के तहत जारी आदेशों को रद करने के लिए दायर की गई है याचिका

उच्चतम न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया, जिसमें सिर्फ चुनाव होने के आधार पर, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत जारी किये गए निषेधाज्ञा आदेशों को रद करने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह निर्देश भी दिया कि सक्षम प्राधिकार चुनावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यात्रा या जन सभाएं आयोजित करने के लिए अनुमति मांगने वाली अर्जी पर तीन दिनों के अंदर निर्णय करे।

पीठ सामाजिक कार्यकर्ता अरूणा राय और निखिल डे की एक याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में, लोकसभा या विधानसभा चुनावों से पहले और परिणामों की घोषणा होने तक बैठकों, सभाओं, जुलूस या धरने को निषिद्ध करने के लिए मजिस्ट्रेट और राज्य सरकारों द्वारा सीआरपीसी की धारा 144 लागू करने के लिए आदेश जारी किये पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। धारा 144 उपद्रव की आशंका होने पर लागू की जाती है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने पीठ से कहा, कुछ बहुत शानदार हो रहा है। छह महीनों में, निर्वाचन आयोग के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने से लेकर चुनावों के समापन की पूरी अवधि तक (सीआरपीसी की) धारा 144 लागू करने का धड़ल्ले से आदेश जारी किया जा रहा है। यह धारा चुनावों के दौरान हर तरह की सभाओं, बैठकों और प्रदर्शनों को निषिद्ध करती है। पीठ ने कहा, इस तरह का आदेश कैसे जारी किया जा सकता है। भूषण ने कहा कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के तीन निर्णय हैं जिनमें कहा गया है कि जब तक शांति भंग होने की प्रबल आशंका न हो यह आदेश जारी नहीं किया जा सकता। उन्होंने राजस्थान में 16 मार्च को सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आदेश जारी किये जाने का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि यह आदेश 16 मार्च को प्रभावी होगा और छह जून तक पूरे बाड़मेर में प्रभावी रहेगा। भूषण ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने पिछले साल के विस चुनाव में मतदाताओं के अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए एक यात्रा की इजाजत लेने के वास्ते आवेदन दिया था।

# कर्नाटक में नेहा की हत्या के बाद प्रदर्शन भाजपा ने जताया लव जिहाद का संदेह

**हुब्बाली, एजेंसी**



हुबली : नेहा के शव के पास विलाप करते परिवार के सदस्य।

● कांग्रेस पार्षद की बेटी की गुरुवार को बीवीबी कॉलेज में चाकू मारकर फैयाज ने कर दी थी हत्या

कर्नाटक के हुब्बाली में निगम पार्षद की बेटी की उसके कॉलेज में हत्या की घटना के बाद विरोध प्रदर्शन हुआ। इसको लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्ष भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। कांग्रेस ने जहां इसको दो लोगों का निजी मामला बताया वहीं भाजपा ने लव जिहाद का संदेह जताया और कहा कि यह राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को दर्शाता है।

भाजपा की छात्र इकाई एबीवीपी और हिंदू संगठनों से जुड़े संगठनों ने न्याय और आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। घटना को लेकर कई अन्य स्थानों पर भी विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिली है। चौंकाने वाली घटना में, हुब्बाली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की गुरुवार को बीवीबी कॉलेज में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी फैयाज खोंडुनाईक मौके से भाग गया था, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

नेहा मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) के प्रथम वर्ष की छात्रा थी और फैयाज पहले उसका सहपाठी था। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार आरोपी फैयाज ने दावा किया कि दोनों में प्रेम संबंध था लेकिन वह कुछ समय से उसे नजरअंदाज कर रही थी। बेलागवी जिले में फैयाज के गृहनगर मुनवल्ली में इस हत्या की निंदा करते हुए लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया। केंद्रीय मंत्री एवं धारवाड़ सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि ये मामला लव जिहाद से जुड़ा हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस के शासन के तहत कानून व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई है। जोशी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से तुष्टीकरण की राजनीति और विशेष समुदाय के साथ विशेष व्यवहार बंद करने का आग्रह किया।

# घर से आया 48 बार भोजन सिर्फ तीन बार खाये आम

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● कोर्ट में सीएम के वकील ने कहा- भोजन को लेकर ईडी का रुख संकीर्णता और राजनीति वाला

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ईडी पर जेल में उनके आहार को लेकर संकीर्ण सोच रखने और राजनीति करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को अदालत में कहा कि उन्होंने जो खाना खाया वह उनके डॉक्टर द्वारा तैयार किए गए चार्ट के अनुरूप था और उन्होंने जेल में उन्हें इंसुलिन दिए जाने का अनुरोध किया। केजरीवाल ने उनकी शर्करा के खतरनाक स्तर को नियंत्रण में रखने के लिए इंसुलिन देने की अनुमति का निर्देश जेल अधिकारियों को देने के लिए अदालत में नई याचिका दायर की। वहीं सीएम के सिंघवी ने ईडी के आरोप पर कहा कि घर से 48 बार भोजन भेजा गया, जिसमें से केवल तीन बार आम भेजे गए। आठ अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा गया।

सीएम के वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल को गिरफ्तारी के बाद से शर्करा को नियंत्रित करने के लिए इंसुलिन नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता 22 वर्ष से मधुमेह से पीड़ित है। एक फरवरी, 2024 से चिकित्सा निगरानी के तहत, आवेदक इंसुलिन रिवर्सल प्रोग्राम (आईआरपी) शुरू करने में सक्षम हो पाए थे और उन्हें इंसुलिन दिया जाना बंद कर दिया गया था। गिरफ्तारी के कारण, केजरीवाल उक्त आईआरपी का पालन करने में असमर्थ हैं और उन्हें इंसुलिन की जरूरत है। ईडी ने गुरुवार को कोर्ट में दावा किया था कि केजरीवाल चिकित्सा आधार पर जमानत के लिए जेल में उच्च शर्करा युक्त आहार ले रहे हैं, जबकि उन्हें टाइप-2 डायबिटीज है। केजरीवाल के अधिवक्ता सिंघवी ने कहा, ईडी ने दावा किया है कि मेरे मुवक्किल जमानत के लिए शर्करा स्तर बढ़ाना चाहते हैं। मैं क्या जमानत के लिए लकवा का जोखिम उठाऊंगा? मैं जो भी भोजन कर रहा हूं वह गिरफ्तारी से पहले मेरे डॉक्टर द्वारा तैयार चार्ट के अनुसार है। केजरीवाल के नियमित रूप से आम, मिठाई, आलू-पूरी खाने के ईडी के दावे पर उन्होंने कहा कि उन्हें एक-दो बार ऐसा भोजन दिया गया। केजरीवाल को जेल में घर के खाने की अनुमति है। मैं केवल शुगर फ्री चाय लेता हूं। जबकि आलू-पूड़ी केवल एक बार पूजा के समय दिया गया था।

## प्रचार अभियान से संबंधित वाहन दुर्घटनाग्रस्त, नाबालिग की मौत

**राजम।** आंध्र प्रदेश के राजम में वाईएसआरसीपी के विधानसभा उम्मीदवार का प्रचार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे नौ वर्षीय लड़के की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना गुरुवार रात आठ बजे हुई जब बिस्कुट खरीदने आए लड़के को वाईएसआरसीपी उम्मीदवार टी राजेश के वाहन ने टक्कर मार दी। गाड़ी में प्रत्याशी मौजूद नहीं थे और प्रचार के बाद जब चालक गाड़ी के टायर में हवा भराने के लिए ले गया तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने वाहन के चालक एम सुधीर को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया और पोस्टमॉर्टम के बाद लड़के का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया।

# बोर्ड किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन या विरोध नहीं करता है : मौलाना मुजद्दिदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड किसी राजनीतिक दल का विरोध या समर्थन नहीं करता है। बोर्ड महासचिव मौलाना मुहम्मद फजल-उर-रहीम मुजद्दिदी ने शुक्रवार को जारी बयान में ये बात कही।

उन्होंने कहा कि बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ सैयद अली मुहम्मद नकवी द्वारा भाजपा को समर्थन देने की बात सामने आयी है, यह उनकी निजी राय है, लेकिन इसका ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने विधान परिषद सदस्य डॉ खालिद अनवर के बोर्ड के पदाधिकारियों के बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को समर्थन देने संबंधी बयान को निराधार बताया है और कहा है कि डॉ अनवर ने गलत बयानी की है। स्थापना के बाद से ही बोर्ड ने खुद को राजनीति से दूर रखा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड कभी भी किसी पार्टी विशेष का समर्थन या विरोध नहीं करता।

# तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी, अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 40 ट्रेनें रद

**अंबाला, एजेंसी**

पंजाब और हरियाणा सीमा के पास शंभू में किसानों के शुक्रवार को तीसरे दिन पटरियों पर बैठे रहने से अंबाला-अमृतसर मार्ग रेल यातायात बाधित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि किसान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन साथियों को रिहा करने की मांग कर रहे हैं। आज 40 रेलगाड़ियां रद की गई हैं, जबकि 54 का मार्ग बदला गया है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर के तले पटियाला जिले के शंभू में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन के तीसरे दिन भी जारी रहने की वजह से अंबाला-अमृतसर मार्ग पर रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर कुछ मालगाड़ियों का भी परिचालन होता है। रेलगाड़ियों की आवाजाही बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हो रही है।

## शॉपिंग सेंटर में महिला वकील से छेड़छाड़, जान से मारने का प्रयास

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में शॉपिंग सेंटर के शौचालय में महिला वकील से छेड़छाड़ और मारने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार हुआ है। घटना गुरुवार सुबह आठ बजे लोकमान्य तिलक मार्ग स्थित अशोक शॉपिंग सेंटर में हुई, जहां पीड़िता का कार्यालय है। सुबह साढ़े सात बजे महिला शॉपिंग सेंटर के शौचालय में गई। जब उसने व्यक्ति को देखा और वहां से जाने को कहा। जब वह बाहर आई तो आरोपी ने शौचालय का दरवाजा बंद कर दिया था। आरोपी ने उससे छेड़छाड़ की और मारने की कोशिश की। पीड़िता उसे धक्का देकर वहां से भागी और आजाद मैदान थाने में इसकी सूचना दी।

# दीपक, सुजीत ओलंपिक क्वालीफायर से चूके

**बिश्केक, एजेंसी**

भारतीय कुश्ती के लिए एक बड़ा झटका, दुबई में खराब मौसम के कारण हुई उड़ान में देरी की वजह से टोक्यो ओलंपियन दीपक पुनिया और सुजीत कलाकल एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर 2024 से चूक गए।

आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित करने के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में पुनिया और कलाकल को एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी।


दीपक पुनिया


सुजीत कलाकल

लगातार बारिश से दुबई में उड़ान में देरी की वजह से कल सुबह बिश्केक पहुंचने के बावजूद, भारतीय पहलवान समय पर वेट-इन के लिए रिपोर्ट नहीं कर सके। पुनिया और कलाकल, कोच कमल मलिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ मंगलवार से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुये थे क्योंकि कई उड़ानें देरी से चल रही थी या रद्द कर दी गई थी। ये दोनों पहलवान क्वालीफायर के लिए रूस के दागेस्तान में प्रशिक्षण ले रहे थे। मई में तुर्की में होने वाले विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के जरिए अभी भी दोनों पहलवान ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा प्राप्त कर सकते हैं। दीपक पुनिया को पुरुषों की फ्रीस्टाइल 86 किग्रा वर्ग में और कलाकल को 65 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करनी थी। उल्लेखनीय है कि दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट और पूर्व अंडर-23 विश्व और एशियाई चैंपियन अमन सहरावत सहित पंद्रह अन्य भारतीय पहलवान 19 से 21 अप्रैल तक चलने वाले बिश्केक में एशियाई कुश्ती क्वालीफायर में पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## आकांक्षा सालुखे स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में हारीं

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुखे शुक्रवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप एशियाई क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में हारकर प्रतियोगिता बाहर हो गईं। राष्ट्रीय खेल 2023 की चैंपियन और यहां दूसरी वरीय आकांक्षा को कम रैंकिंग वाली मलेशिया की सेहवीत्रा कुमार के खिलाफ 6-11 5-11 8-11 से हार झेलनी पड़ी। वह टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय थीं।

# 12 निशानेबाज ओलंपिक कोटे के लिए दोहा में करेंगे स्पर्धा

**दोहा, एजेंसी**

भारत के 12 निशानेबाज शुक्रवार से शुरु हुई आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक को कोटा हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगे। इस स्पर्धा में टोक्यो ओलंपियन मैराज अहमद खान और अंगदवीर सिंह बाजवा, जो पूर्व एशियाई चैंपियन भी हैं, शीराज शेख के साथ पुरुषों की स्कीट में भारत की चुनौती का सामना करेंगे।

महिलाओं की स्पर्धा में गनेमत सेखों पर सबकी निगाहें होंगी। अनुभवी विवान कपूर, ज़ोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन पुरुषों के ट्रैप में तीनों ओर से एक मजबूत चुनौती पेश करेंगे। मनीषा कीर और श्रेयसी सिंह से महिलाओं स्पर्धा में भारत को उम्मीद है। इस स्पर्धा में भारत प्रत्येक वर्ग में तीन निशानेबाज उतारेगा। प्रत्येक व्यक्तिगत स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज (प्रति देश अधिकतम एक), बशर्ते वे पात्र हों और उनके संबंधित देशों ने स्पर्धा के लिए अपना पूरा आवंटन सुरक्षित नहीं किया हो, दोहा से कोटा सुरक्षित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत के निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता (पुरुष ट्रैप), राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप), रायजा ढिल्लों (महिला स्कीट) और अनंतजीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट) को ओलंपिक कोटा हासिल है। प्रत्येक देश हर श्रेणी में अधिकतम दो कोटा प्राप्त कर सकता है।

# डिकॉक और राहुल ने चेन्नई को दिखाया आईना

## लखनऊ सुपर जायंट्स की आठ विकेट से जीत, केएल राहुल ने 82 और क्विंटन डिकॉक ने 54 रनों की पारी खेली



केएल राहुल

**लखनऊ, एजेंसी**

क्विंटन डिकॉक (54) और कप्तान केएल राहुल (82) के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 34वें मुकाबले में गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पीटकर अपने मनोबल में इजाफा किया। पीले समंदर में तब्दील इकाना स्टेडियम पर चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 176 रन बनाये, जिसके जवाब में लखनऊ ने विजय लक्ष्य छह गेंद शेष रहते दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। यह इकाना स्टेडियम के इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज रहा।

डिकॉक और राहुल की जोड़ी ने शुक्रवार को 2022 के आईपीएल सत्र की याद दिला दी, जब दोनों ने अपने दम पर 210 रन की पार्टनरशिप कर केकेआर के खिलाफ यादगार जीत दर्ज की थी। केएल राहुल की शुक्रवार की पारी अब तक के सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी थी, इससे पहले उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 58 रन बनाये थे।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.529 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.123 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.074 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -1.303 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.251 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

● **चेन्नई सुपरकिंग्स के महेंद्र सिंह धोनी ने 9 गेंदों पर 28 रन ठोके**

अपनी अर्धशतकीय पारी में उन्होने 53 गेंद खेलकर नौ चौके और तीन छक्के जड़े। राहुल सीएसके के सफल गेंदबाज पथिराना का शिकार बने जब प्वाइंट पर खडे जडेजा ने उनका कैच एक हाथ से लपका। इससे पहले दूसरे छोर पर डिकॉक पारी के 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर मुस्तफिजुर रहमान का शिकार बने। उन्होंने अपनी सत्र की तीसरी अर्धशतकीय पारी में 43 गेंद खेलकर पांच चौके और एक छक्का लगाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद जीत की औपचारिकता को निकोलस पूरन (23) और मार्कस स्टॉयनिस (8) ने बगैर और नुकसान के पूरा कर लिया। पूरन ने नो बाल में फ्री हिट पर चौका जड़कर अपनी टीम को जीत दिलायी। इकाना स्टेडियम में आज 50 हजार दर्शकों का दिल अपने चहेते सितारे सीएसके के महेन्द्र सिंह धोनी के साथ था मगर दिमाग में उनके लखनऊ की जीत की तमन्ना थी और दर्शकों की दोनों तमन्नायें पूरी हुईं। जब उन्होंने धोनी की पैसा वसूल पारी देखी। उधर एलएसजी के कप्तान केएल राहुल ने अपने घरेलू दर्शकों की जीत की चाहत को भी पूरा कर दिया। सातवें बल्लेबाज के रूप में पिच पर उतरे धोनी ने अपने खास अंदाज में नौ गेंदों की नाबाद पारी में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 28 रन ठोक दिये जिसके चलते चेन्नई मेजबान टीम के खिलाफ चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार करने में सफल हो सका। हालांकि उनकी इस पारी पर राहुल और डिकॉक ने पानी फेर दिया। धोनी के साथ दूसरे छोर पर हरफनमौला रविंद्र जडेजा की साहसिक नाबाद पारी ने न सिर्फ चेन्नई को मुश्किलों के भंवर से निकाला बल्कि मैदान पर बैठे एलएसजी के समर्थकों की भी खूब वाहवाही लूटी।

### चेन्नई 176/6 (20 ओवर, अतिरिक्त : 4)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे बोल्ड क्रुणाल | 36 | 24 | 5/1 |
| रचिन रविंद्र बोल्ड मोहसिन | 00 | 01 | 0/0 |
| ऋतुराज का राहुल बो ठाकुर | 17 | 13 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 57 | 40 | 5/1 |
| शिवम का राहुल बो स्टॉयनिस | 03 | 08 | 0/0 |
| समीर स्टंप राहुल बो क्रुणाल | 01 | 05 | 0/0 |
| मोईन का बडोनी बो बिश्नोई | 30 | 20 | 0/3 |
| एमएस धोनी नाबाद | 28 | 09 | 3/2 |

**गेंदबाजी :** मैट हेनरी 3-0-26-0, मोहसिन खान 4-0-37-1, यश4-0-45-1, क्रुणाल 3-0-16-2, बिश्नोई 4-0-44-1, स्टॉयनिस 2-0-7-1

### लखनऊ 180/2 (19 ओवर, अतिरिक्त : 13)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डिकॉक का धोनी बोल्ड मुस्तफिजुर | 54 | 43 | 5/1 |
| के एल राहुल का जडेजा बो पथिराना | 82 | 53 | 9/3 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 23 | 12 | 3/1 |
| मार्कस स्टॉयनिस नाबाद | 08 | 07 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** दीपक चाहर 3-0-26-0, तुषार देशपांडे 4-0-42-0, मुस्तफिजुर रहमान 4-0-43-1, रवींद्र जडेजा 3-0-32-0, मथीशा पथिराना 4-0-29-1, मोईन अली 1-0-5-0

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| रोहित शर्मा (मुंबई) | 07 | 297 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई) | 07 | 12 |

## खेल डायरी

### अप्रैल तक नये कोच का ऐलान करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान के टेस्ट और सीमित ओवरों के कोचों का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जायेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीसीबी ने यह भी पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और ऑस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी के अलावा बोर्ड को 15 अप्रैल की समय सीमा तक कुछ और नामी कोचों के आवेदन मिले हैं। सूत्र ने कहा, ''पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने साफ तौर पर कहा है कि पूरी प्रक्रिया का पालन करके दीर्घकालिन आधार पर कोचों की नियुक्ति की जायेगी।''

### कैस्पर रूड बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में



**बार्सिलोना।** नॉर्वे के स्टार टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रूड ने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-1, 6-4 से हराकर बार्सिलोना ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये हैं। रूड की सीजन की यह 26वीं जीत है। इसके साथ ही रूड 2024 में सबसे अधिक टूर-स्तरीय जीत के मामले में जानिक सिनर से आगे निकल गए है। रूड ने शुरुआत में ही शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 5-0 की बढ़त बनाई। उन्होंने दूसरे सेट के सातवें गेम में निर्णायक ब्रेक हासिल करने से पहले शुरुआती सेट का समापन किया और एक घंटे 13 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की। रूड क्वार्टरफाइनल मुकाबले में अर्नाल्डी से भिड़ेंगे।

### पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 धुला

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिये पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था। बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी। टॉस भी हल्की बूंदाबांदी के कारण आधा घंटे देर से हुआ। दूसरा टी20 मैच शनिवार को खेला जायेगा। आमिर और इमाद वसीम संन्यास का फैसला बदलकर लौटे हैं।

### मेघा ने नौकायन चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक



**टोक्यो।** भारत की मेघा प्रदीप ने शुक्रवार को एशियाई कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप 2024 में महिलाओं की सी1 500 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। जापान के टोक्यों में आयोजित चैंपियनशिप में मेघा प्रदीप ने 2:28.027 का समय लेकर तीसरा स्थान पर रही। वियतनाम की डीप थू हुआंग (02:18.178) और कजाकिस्तान की उलियाना किसेलेवा (02:26.645) ने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते। अन्य स्पर्धा में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम फाइनल में छठे स्थान पर रहे और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा प्राप्त करने से चूक गए।

### पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

**मुल्लांपुर।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार की 53 गेंदों में 78 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद पंजाब किंग्स की पारी को 19.1 ओवर में 183 रन पर समेट दिया। आईपीएल से जारी विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा गया, '' मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर स्थित पीसीए के नये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है।''

# मजबूत मानसिकता से जीत सकते हैं पदक

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने आत्म-संदेह से पार पाकर तीसरी बार ओलंपिक खेलों में देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया है, जिसे वह मजबूत मानसिकता के दम पर पदक में बदलना चाहती है। लंदन और रियो ओलंपिक में भाग लेने वाली 34 साल की इस खिलाड़ी ने पिछले साल जनवरी में 20 वर्षीय तनीषा क्रास्टो के साथ जोड़ी बनाकर इस साल पेरिस में होने वाले खेलों के लिए क्वालिफिकेशन को पक्का कर लिया है।

पिछले कुछ सप्ताह भारतीय खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक रहे हैं क्योंकि उन्होंने पेरिस का टिकट बुक करने के लिए छह सप्ताह में पांच टूर्नामेंटों में भाग लेना पड़ा। आखिरी क्वालीफाइंग सूची इस महीने के अंत में आने वाली है। अश्विनी ने कहा, ''हमने लगातार चार टूर्नामेंट खेले हैं और यह काफी थकाने वाला रहा है। लेकिन सभी के लिए स्थिति एक जैसी थी क्योंकि हम सभी ओलंपिक में जगह पाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।'' उन्होंने कहा, ''मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से यह राहत और खुशी की बात है कि हम क्वालीफाई कर गए हैं।'' अश्विनी को खुद पर संदेह करने वालों को गलत साबित करने में खुशी हुई।

## मैदान पर वापसी आपको परिभाषित करती है: शमी

**नयी दिल्ली।** अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टखने की सर्जरी के बाद अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया का वीडियो साझा करते हुए जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद जतायी। शमी ने दर्द के बावजूद पिछले साल वनडे विश्व कप में भाग लिया था। उन्होंने 24 विकेट चटकाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल मैच के बाद से हालांकि यह 33 साल का खिलाड़ी चोट के कारण खेल से दूर है। उन्हें इस साल फरवरी में सर्जरी करानी पड़ी। शमी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, चोट आपको परिभाषित नहीं करतीं, आपकी वापसी आपको परिभाषित करती है।

# दिल्ली के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की कठिन चुनौती

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

मैदान के भीतर और बाहर विषमताओं के बीच अपने अपार जीवट का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिये अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिये यह बेहद भावुक पल होगा।

पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आये थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है। दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स। **मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।**



# बॉलीवुड हलचल

## जूनियर एनटीआर ने ट्रेनर मन्नव का जन्मदिन मनाया



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर ने अपने ट्रेनर मन्नव कुमार का जन्मदिन मनाया। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर अपने विनम्र व्यक्तित्व और शानदार ऑन-स्क्रीन अभिनय के कारण जाने जाते हैं। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर का अपने फिटनेस ट्रेनर के प्रति प्रेम नेटिज़न्स का दिल जीत रहा है। एनटीआर जूनियर जो इस समय शूटिंग के लिए मुंबई में हैं, उन्होंने अपनी टीम के बाकी सदस्यों के साथ अपने फिटनेस ट्रेनर कुमार मन्नव का जन्मदिन मनाया। मन्नव कुमार ने एनटीआर जूनियर के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। अपने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करते हुए मन्नव ने लिखा, "<bha>@</bha>जूनियरएनटीआर, मैं अभिभूत हूँ। अपना जन्मदिन याद रखना और फिर एक हेल्दी केक पाना, यह जानते हुए कि मैं खाने में कितना नखरेबाज़ हूं। हमारे बीच का बंधन, आप मुझ पर और मेरे परिवार पर जो प्यार बरसाते हैं, इतने बड़े स्टार होने के बावजूद भी इतने विनम्र। यार, मैं क्या कह सकता हूँ! आप, <bha>@</bha>जूनियरएनटीआरविनम्रता और प्यार की एक किताब हैं। आपके आस-पास रहना बहुत अच्छा लगता है।

## धर्मेन्द्र ने फिल्म मेरा गांव मेरा देश से जुड़ा वीडियो शेयर किया

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता धर्मेन्द्र ने 53 साल पुरानी सुपरहिट फिल्म मेरा गांव मेरा देश से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। धर्मेन्द्र ने एक इंस्टाग्राम फैन पेज का वीडियो शेयर किया, जिसमें मेरा गांव मेरा देश के लोकेशन की अब की झलक देखने को मिली है। इसी वीडियो पर कमेंट करते हुए धर्मेन्द्र ने लिखा, प्यार उन पुरानी यादों के लिए। इसी वीडियो को ट्विटर पर शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने एक्स अकाउंट पर लिखा, 50 साल पुरानी उन प्यारी यादों को प्यार। फिल्म मेरा गांव मेरा देश वर्ष 1971 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र के अलावा, विनोद खन्ना, आशा पारेख, जयंत, लक्ष्मी छाया और असित सेन अहम रोल में नजर आए थे। फिल्म का निर्देशन राज खोसला ने किया था।

# धाविका शालू को क्लीन चिट नमूना दूषित होने का खुलासा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थीं। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था।

आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया। डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फारेंसिक विभाग द्वारा कराई गई। अपीली पैनल ने कहा, ''मूत्र के नमूने के पिछले विश्लेषण में डीएनए प्रोफाइल सही नहीं आया है। डीएनए नमूने की जांच रिपोर्ट को देखते हुए नाडा के वकील कोई और कारण नहीं बता पाये है जिससे अपीली



पैनल खिलाड़ी की अपील खारिज करने का फैसला ले।''

इसने कहा,'' नाडा के वकील ने डीएनए रिपोर्ट मान ली और इसके नतीजे को चुनौती नहीं दी है। इसके मद्देनजर डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा 11 अप्रैल 2023 को दिया गया फैसला दरकिनार किया जाता है। खिलाड़ी पर लगाया गया चार साल का प्रतिबंध खारिज कर दिया गया है। इसके साथ ही 13 जून 2022 से प्रतिस्पर्धाओं में उनके नतीजे रद्द करने के निर्देश भी खारिज किये जाते हैं।'' पैनल ने 18 अप्रैल को आदेश दिये जाने के दस दिन के भीतर डीएनए टेस्ट पर हुआ डेढ लाख रूपये का खर्च भी चौधरी को भुगतान करने का नाडा को निर्देश दिया।

## जिम्नास्ट दीपा करमाकर विश्व कप में चौथे स्थान पर

**नयी दिल्ली।** स्टार भारतीय जिम्नास्ट दीपा करमाकर शुक्रवार को दोहा में एफआईजी एपेरेटस विश्व कप में महिला वॉल्ट फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहीं। यह टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है।

पिछले महीने अजरबैजान में बाकू एपेरेटस विश्व कप में चौथे स्थान पर रहीं 30 साल की दीपा एक बार फिर पदक से चूक गईं। उन्होंने 13.333 अंक जुटाए। पनामा की नवास कर्ला ने (13.850) ने स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि कोरिया की आन चैंग ओक (13.833) तथा जॉर्जिएवा वेलेंटिना (13.466) को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। दीपा क्वालीफाइंग दौर में छठे स्थान पर रही थीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही एक अन्य भारतीय प्रणति नायक क्वालीफाइंग दौर में 11वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# अश्लीलता में बच्चों का इस्तेमाल गंभीर चिंता का विषय, सुरक्षित रखा फैसला


नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि एक बच्चे का अश्लील सामग्री देखना एक बार अपराध नहीं भी हो सकता है लेकिन अश्लील फिल्मों में बच्चों का इस्तेमाल होना एक बहुत ही चिंताजनक विषय है।

सीजेआई और जस्टिस जेबी पारदीवाला की खंडपीठ ने शुक्रवार को मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाले फरीदाबाद के एक एनजीओ (जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस ऑफ फरीदाबाद) और नई दिल्ली के 'बचपन बचाओ आंदोलन' की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। यह गैर सरकारी संगठन बेसहारा बच्चों के कल्याण के लिए काम करते हैं।

बता दें, कि मद्रास हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि पोक्सो एक्ट और सूचना तकनीकी कानून के तहत महज चाइल्डपोर्नोग्राफी को देखना या डाउनलोड करना अपराध नहीं है। विगत 11 जनवरी को हाईकोर्ट ने 28 वर्षीय एक आरोपी को आपराधिक मामले से बरी भी कर दिया था। उस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों पर अश्लील विषय सामग्री को अपने मोबाइल फोन पर डाउनलोड करने का आरोप था।

### ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता को लेकर हुई सुनवाई



**नई दिल्ली।** याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वकील ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि याचिका में उठाया गया मुद्दा में ओटीटी प्लेटफार्म पर (अश्लीलता और आपत्तिजनक) जैसी अभद्र चीजे दिखाने की रजामंदी दी जा सकती है जो सभी उम्र के दर्शकों के लिए बिल्कुल भी सही नहीं है। वकील ने यह आरोप लगाया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नग्नता दर्शाने वाले आपत्तिजनक दृश्य दिखाए जा रहे हैं। इस बात पर न्यायमूर्ति पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा, सेंसर बोर्ड के पास जाएं। पीठ ने याचिकाकर्ता से पूछा, आप सरकार को एक प्रतिनिधित्व बनाकर दें। साथ ही यह भी पूछा कि क्या, आप दर्शक नियंत्रण पर कुछ दिशानिर्देश चाहते हैं? याचिकाकर्ता के वकील ने इस मुद्दे पर सरकार से संपर्क करने की छूट के साथ याचिका वापस लेने की मांग की है। अदालत ने याचिकाकर्ता को सरकार को प्रतिनिधित्व देने की स्वतंत्रता के साथ याचिका वापस लेने की अनुमति दी। कहा है कि यदि ऐसा कोई प्रतिनिधित्व दिया जाता है, तो उसके ऊपर संबंधित कानूनों के मुताबिक फैसला लिया जाना चाहिए।


## नई अर्जी में सीएए के नियमों को चुनौती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को चुनौती देने वाली एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और असम सरकार से जवाब तलब किया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता गुवाहाटी निवासी हिरेन गोहेन का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील की दलीलों को गौर से सुना और फिर राज्य सरकार और केंद्रीय गृह और विदेश मंत्रालयों को नोटिस जारी किया।

कोर्ट ने साथ ही यह आदेश दिया कि नई याचिका को इस मुद्दे पर लंबित याचिकाओं के साथ टैग किया जाए। याचिका में कहा गया है कि बांग्लादेश से असम में अवैध प्रवासियों के अनियंत्रित संख्या में आने से राज्य में भारी जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ। मूलनिवासी, जो कभी बहुसंख्यक हुआ करते थे, अब अपनी ही भूमि पर अल्पसंख्यक हो गए हैं।

# भारत ने पहली बार ब्रह्मोस मिसाइल की खेप फिलीपींस को सौंपी

*भारत ने चीन के पड़ोसी फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की पहली खेप सौंप दी है। इस मिसाइल से फिलीपींस की रक्षा क्षमता में इजाफा होगा। ब्रह्मोस पाने वाला फिलीपींस पहला बाहरी देश है। भारत ने जनवरी 2022 में फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री के लिए 375 मिलियन डॉलर (3130 करोड़ रुपये) की डील की थी। भारत ने फिलीपींस को कितनी मिसाइलें दीं, अभी इसका पता नहीं चला है। इंडियन एयरफोर्स ने सी-17 ग्लोब मास्टर विमान के जरिए इन मिसाइलों को फिलीपींस मरीन कॉर्प्स को सौंपा। इन मिसाइलों की स्पीड 2.8 मैक और मारक क्षमता 290 किमी है। एक मैक ध्वनि की गति 332 मीटर प्रति सेकेंड होती है। फिलीपींस को सौंपी गई मिसाइल की स्पीड ध्वनि की गति से 2.8 गुना ज्यादा है।*




### डील से भारत को होने वाले फायदे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलीपींस के साथ यह डील देश को रक्षा क्षेत्र में एक्सपोर्टर बनाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने में मदद देगी। इस डील से मिलिट्री इंडस्ट्री का भी मनोबल बढ़ेगा और साउथ-ईस्ट एशिया में भारत को भी एक बड़ा भरोसेमंद एक्सपोर्टर के रूप में देखा जाएगा। साथ ही इस डील से भारत-फिलीपींस के रिश्तों में मजबूती आएगी और चीन को दोनों देशों की एकजुटता का संदेश जाएगा।

### ये है खासियत

- ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की स्पीड काफी तेज है और इसकी मारक क्षमता 290 किमी है।
- इस मिसाइल की खास बात ये है कि इसे पनडुब्बी, जहाज, विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है।
- एक खास बात इस मिसाइल में यह भी है कि यह हवा में अपना रास्ता भी बदल सकता है, जिससे इसे ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है।

### फिलीपींस ने क्यों खरीदी मिसाइलें

फिलीपींस की चीन के साथ हाल ही में साउथ चाइना सी में कई बार झड़प हुई है। ब्रह्मोस मिसाइलों से समुद्र में फिलीपींस की ताकत बढ़ेगी और समुद्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को भी रोका जा सकेगा।

### अर्जेंटीना-वियतनाम में भी ब्रह्मोस मिसाइल की मांग

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के डायरेक्टर जनरल अतुल दिनाकर राणे ने जून 2023 में कहा था- अर्जेंटीना, वियतनाम सहित 12 देश ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम को खरीदने में इंटरेस्ट दिखा चुके हैं। बाहरी देशों की ब्रह्मोस की मांग बताती है कि यह मिसाइल सिस्टम बहुत भरोसेमंद है।

## एक नजर

### केन्या: हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सेना प्रमुख समेत 9 की मौत

**नैरोबी।** केन्या के सेना प्रमुख जनरल फ्रांसिस ओगोला की गुरुवार को देश के पश्चिमी हिस्से में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई। राष्ट्रपति विलियम रूटो ने टेलीविजन पर अपने संबोधन में यह जानकारी दी। रूटो ने कहा कि हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जनरल ओगोला और सेना के नौ अन्य कर्मियों की मौत हो गई। हादसे में दो लोग बच गए। हेलीकॉप्टर गुरुवार की दोपहर (स्थानीय समयानुसार) उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कारणों की जांच की जा रही है।

### अमेरिका में भारतीय पर 1.7 करोड़ डॉलर की बैंक धोखाधड़ी का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 52 वर्षीय भारतीय नितिन वत्स को 1.7 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन के संबंध में अमेरिकी बैंक में धोखाधड़ी की योजना के लिए दोषी ठहराया गया है। अमेरिकी अटॉर्नी फिलिप सेलिंगर ने बताया, उसने जुर्म कुबूल कर लिया है। मार्च 2016 से मार्च 2018 तक, वत्स सहित लोटस एक्जिम (एलईआई) के एक मालिक और कर्मचारियों ने धोखाधड़ी वाले तरीकों से पीड़ित बैंक से 1.7 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन लेने की साजिश रची। पीड़ित बैंक ने क्रेडिट लाइन बढ़ा दी, जबकि साजिशकर्ताओं ने प्राप्य खातों में से कई को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया था।

### श्रीलंका : पूर्व सैनिकों को रूसी सेना में भेजने पर पूर्व मेजर बंदी

**कोलंबो।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच श्रीलंका में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। यहां सेना का एक पूर्व मेजर कई माह से मोटी रकम लेकर पूर्व सैन्यकर्मियों को रूसी सेना में भेज रहा था। पुलिस के आपराधिक जांच विभाग ने पूर्व मेजर और एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में पिछले महीने यह बताया गया था कि श्रीलंका के 100 से अधिक पूर्व सैनिक रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों ओर से सेवाएं दे रहे हैं। इन्हें 3,000 डॉलर (करीब 2.50 लाख रुपये) के मासिक वेतन पर युद्ध में सेवा का लालच दिया गया।

### न्यूयॉर्क में बड़ा साइबर हमला विधानमंडल के कंप्यूटर ठप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य विधानमंडल का कंप्यूटर बुनियादी ढांचा बड़े साइबर हमले का शिकार हुआ है। इसके चलते राज्य में पहले से ही हफ्तों से लंबित राज्य बजट वार्ता में देरी हुई। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होकुल ने कहा, साइबर हमला गुरुवार तड़के (भारतीय समयानुसार) हुआ। सबसे बड़ा झटका विधायिका के बिल प्रारूपण कार्यालय को लगा, जो राज्य के बजट पर निर्णय लेने का प्रभारी है। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, बिल मसौदा तैयार करने वाला कार्यालय एक कंप्यूटर फाइल सिस्टम का इस्तेमाल करके हमले का जवाब दे रहा है।

# पाकिस्तान में जापानी नागरिकों पर आतंकी हमला, सुरक्षा गार्ड की मौत

## बाइक सवार हमलावरों ने वैन में मारी टक्कर बाल-बाल बचे जापानी कर्मी, दोनों आतंकी ढेर

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान में चीनी नागरिकों के बाद अब जापानी नागरिकों पर आतंकी हमला हुआ है। सिंध प्रांत के बंदरगाह शहर कराची में शुक्रवार को सुजुकी मोटर में काम करने वाले पांच जापानी नागरिकों को एक आत्मघाती हमलावर और एक बंदूकधारी द्वारा निशाना बनाया गया, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। वहीं, दोनों हमलावर मार गिराए गए हैं। इस दौरान एक सुरक्षा गार्ड की भी जान चली गई, जबकि दो राहगीर घायल हैं। अभी तक इस हमले की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) ईस्ट, अजफर महेसर ने बताया कि पांच जापानी नागरिक दो सुरक्षा गार्डों के साथ अपने आवास जमजमा क्लिफ्टन से एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन जाने के लिए वैन से निकले थे। आतंकी लांधी में मुर्तजा चोरांगी के पास सड़क पर पहले से जापानी नागरिकों के वैन का इंतजार कर रहे थे। हमलावरों ने उनके वैन को निशाना बनाने की कोशिश की। एक ने वैन के पास जाकर खुद को उड़ा लिया लेकिन सफलता न मिलने से दूसरा हमलावर घबरा गया और उसने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा गार्डों ने दूसरे आतंकी को मार गिराया। इस दौरान एक सुरक्षा गार्ड व दो राहगीर घायल हो गए। डीआईजी ने बताया कि हमला शुक्रवार सुबह किया गया। घटना में तीनों घायलों को गंभीर अवस्था में जिन्ना हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां एक 45 वर्षीय सुरक्षा गार्ड ने दम तोड़ दिया।

### राष्ट्रपति आसिफ अली और पीएम शहबाज ने की घटना की निंदा

टोक्यो में जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि इस घटना में कई जापानी शामिल थे और उनमें से एक घायल हो गया। लेकिन पाकिस्तानी पक्ष ने इस जानकारी की पुष्टि नहीं की है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने उत्तर-पश्चिमी प्रांत में आतंकी हमले में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) में काम करने वाले पांच चीनी नागरिकों व उनके पाकिस्तानी ड्राइवर को आत्मघाती हमले में मार गिराया था। इस पर चीनी कंपनियों ने जल विद्युत परियोजनाओं को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया था।



### पांच सीमा शुल्क खुफिया अधिकारियों की आतंकी हमले में मौत

पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान शहर में बंदूकधारियों के हमले में पांच सीमा शुल्क खुफिया अधिकारियों और एक पांच वर्षीय लड़की सहित दो नागरिकों की दुखद मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घटना गुरुवार को हुई जब सीमा शुल्क खुफिया टीम डेरा इस्माइल खान जिले के सग्गू में नियमित जांच कर रही थी, जहां उन्हें पास की झाड़ियों में छिपे हमलावरों से भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा।

# आतंकी हमले के बाद चीन का अफगानी रुख

इस्लामाबाद, एजेंसी

- **पाकिस्तान का सीपैक दरकिनार अफगानिस्तान में वखान कॉरिडोर को खोलने की तैयारी में चाइना**

चाइना-पाकिस्तान इकॉनोमिक कॉरिडोर (सीपैक) के पाकिस्तान में विरोध और अपने इंजीनियरों पर आतंकी हमलों से परेशान चीन का इस प्रोजेक्ट से भरोसा उठ गया है। अब चीन ने पाकिस्तान को दरकिनार करके दूसरे विकल्प तलाशना शुरू कर दिया है ताकि वह अरब सागर तक आसानी से पहुंच सके।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, चीन अब अफगानिस्तान को मनाने में जुटा है ताकि वह वखान कॉरिडोर के जरिए ईरान के चाबहार बंदगाह तक पहुंच सके।

वखान कॉरिडोर उत्तरी अफगानिस्तान में स्थित एक संकरी पट्टी है जहां अफगानिस्तान, पाकिस्तान और चीन मिलते हैं। वखान कॉरिडोर 350 किमी लंबा और 16 से 35 किमी चौड़ा गलियारा है, जिसमें 125 गांवों में 12 हजार लोग रहते हैं। इसी से पहले इसी चीनी व्यापारी अरब सागर तक पहुंचते थे। बता दें, अफगानिस्तान में खनिजों का भंडार है।

जो एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के हैं। यहां लोहा, तांबा, लिथियम, मार्बल, क्रोमाइट, कोबाल्ट के अलावा सोने व पेट्रोलियम और गैस के विशाल भंडार हैं। जनवरी में अफगानिस्तान ने अमू नदी बेसिन में तेल और गैस खोजने के लिए चीन की झिंजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोलियम एंड गैस कंपनी से समझौता किया है।

### गूगल ने इजराइल विरोधी कर्मियों को नौकरी से निकाला

**वाशिंगटन।** गूगल ने उन 28 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है जो इजराइली सरकार के साथ गूगल अनुबंध को लेकर अपने कार्यालयों में धरना-प्रदर्शन में शामिल थे। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका में नौ कर्मचारियों को निलंबित करने और फिर गिरफ्तार किए जाने के बाद यह छंटनी हुई। जिन 28 कर्मचारियों को हटाया गया है, उन्होंने इजराइली सरकार के लिए 1.2 अरब डॉलर के गूगल क्लाउड अनुबंध का विरोध किया था। कर्मचारियों को दिए एक आंतरिक ज्ञापन में कंपनी ने कहा कि इस तरह के बर्ताव का कार्यस्थल पर कोई स्थान नहीं है, और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## अब जनरल स्टोर्स पर भी मिल सकेंगी सामान्य दवाएं

**नई दिल्ली।** देश में जल्द ही जनरल और प्रोविजन स्टोर्स पर सर्दी-खांसी, गैस, बुखार की दवाएं मिलने लगेंगी। केंद्र सरकार ने इसके लिए साल के शुरुआत में विशेषज्ञों की एक समिति बनाई थी, जो ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) दवा नीति बनाने पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि, इसी समिति की हाल ही में बैठक हुई, जिसमें उन दवाओं की प्रारंभिक सूची पर मंथन हुआ, जिन्हें जनरल स्टोर्स पर आसानी से बेचा जा सकता है।

ओटीसी दवाएं वे हैं जिन्हें डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना खरीदा जा सकता है। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में उनकी बिक्री के लिए सख्त गाइडलाइन बनाई गई है। सूत्रों के मुताबिक, इस सुविधा का ज्यादा फायदा गांव-देहातों में होगा, क्योंकि वहां मेडिकल स्टोर्स कम ही होते हैं। बता दें कि देश में अभी प्रिस्क्रिप्शन पर ही दवाएं बेची जाती हैं।

## परिस्थितियों में सुधार करें या फिर दूसरे विभागों में भेज दें, रेलवे से महिला ट्रेन पायलटों की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में महिला ट्रेन पायलटों ने रेलवे बोर्ड से आग्रह किया है कि कामकाज की 'दयनीय' परिस्थितियों में सुधार किया जाए या उन्हें अन्य विभागों में स्थानांतरित करने की अनुमति दी जाए।



महिला लोको पायलट के एक समूह ने रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा को ज्ञापन दिया है। इसमें उन्होंने 'एक बार कैडर परिवर्तन' विकल्प की मांग की है। ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन की सदस्य महिला लोको पायलटों ने इंजन में शौचालय न होने, मासिक धर्म के समय पैड नहीं बदल पाने, रात में तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए इंजन से बाहर आने का अनिवार्य नियम और देर रात की ड्यूटी के लिए आवास से लाने-पहुंचाने की सुविधा नहीं होने जैसी समस्याओं का उल्लेख किया है। अभी देशभर में 1500 से अधिक महिला लोको पायलट और सहायक लोको पायलट हैं।

### लद्दाख में खुबानी उत्सव



**लेह:** लद्दाख में इन दिनों वसंत ऋतु आने के साथ ही खुबानी (एप्रिकॉट) के पेड़ सुंदर फूलों से लदे हुए हैं। सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत से समृद्ध लद्दाख के कई गांवों में खुबानी के फूल खिलाने के अवसर पर उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसमें शामिल होने के लिए लद्दाख के कई गांवों के लोगों के अलावा बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक भी आते हैं। लद्दाख के निचले हिस्से में दुनिया की सबसे अच्छी खुबानी पैदा होती है। लद्दाख की खुबानी की किस्मों में से एक 'रकत्से कार्पो' को 2022 में भौगोलिक संकेत (जीआई) मिला था। ● एजेंसी

# फिलिस्तीन को यूएन की स्थायी सदस्यता पर अमेरिका का वीटो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- **समर्थन में 12 देशों ने किया मतदान, वोटिंग से दूर रहा ब्रिटेन**

फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर अमेरिका ने वीटो कर दिया है। गुरुवार को 15 देशों वाली परिषद ने फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पूर्ण सदस्यता के प्रस्ताव पर मतदान किया गया। प्रस्ताव को पारित करने के लिए कम से कम 9 परिषद सदस्यों के समर्थन की जरूरत थी।

फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का स्थायी सदस्य बनाने के प्रस्ताव के पक्ष में 12 वोट पड़े, वहीं स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन वोटिंग में शामिल नहीं हुए। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका द्वारा इस प्रस्ताव पर वीटो कर दिया गया, जिससे यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। अभी फिलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है। साल 2012 में फिलिस्तीन को यह दर्जा दिया गया था। इसके तहत फिलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र की कार्यवाही में भाग ले सकता है, लेकिन किसी प्रस्ताव पर वोट नहीं कर सकता है। फिलिस्तीन के अलावा वेटिकन सिटी भी संयुक्त राष्ट्र का गैर सदस्यीय देश है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रतिनिधि रॉबर्ट वुड ने वीटो पावर के इस्तेमाल पर सफाई देते हुए कहा कि 'अमेरिका ये मानता है कि फिलिस्तीन को अलग देश का दर्जा देने का सबसे सही रास्ता इजराइल और फिलिस्तीन के बीच सीधी बातचीत ही है।

## विज्ञान

### जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा पृथ्वी से 357 प्रकाश वर्ष दूर हुई अनोखी दुनिया की खोज

# ब्रह्मांड में तीन ग्रहों के अनूठे सौर मंडल की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** दूर अंतरिक्ष में तीन ग्रहों वाले अनूठे सौर मंडल की खोज हुई है। इस ग्रह मंडल के तीनों ग्रह जन्म ले रहे हैं। इन्हें पूर्ण ग्रह का स्वरूप लेने में लंबा समय लगेगा। ग्रहों की उत्पत्ति व विकास में हमारी समझ के विस्तार को लेकर यह खोज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

यह खोज जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप द्वारा हो पाई है। तीन ग्रहों की यह दुनिया पृथ्वी से 357 प्रकाश वर्ष दूर है, जो एचएल टौरी तारा मंडल क्षेत्र में स्थित है। यह तीनों ग्रह निर्माणधीन हैं। जिनके बाहरी डिस्क की तस्वीरें प्राप्त हुई हैं। ये एक युवा तारों के चारों ओर गैस और धूल के साथ नए ग्रह बना रहे हैं। खगोलविदों का मानना है कि तीनों ग्रह अपने तारे के बहुत करीब से परिक्रमा कर सकते हैं। बहरहाल इनकी ऑर्बिट की सही जानकारी बाद में पता लग सकेगी। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से खोजे गए तीन युवा प्रोटोप्लेनेटरी सिस्टम की यह खोज एरिज़ोना विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने की है। यह खोज वास्तविक रूप से बनने वाले ग्रहों की जानकारी देने में मददगार साबित होगी। द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में यह खोज प्रकाशित हो चुकी है।



जन्म लेते नए सौर मंडल की तस्वीर।

इस खोज की शुरुआत वैज्ञानिकों ने चिली के अटाकामा रेगिस्तान में अटाकामा लार्ज मिलीमीटर/सबमिलिमीटर ऐरे (एएलएमए) रेडियो टेलीस्कोप से की। जिससे वैज्ञानिकों को अंदाजा हो गया था कि यह कोई नया सौर मंडल हो सकता है। जिसकी पुष्टि के लिए जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप का सहारा लेना पड़ा। प्रोटोप्लेनेटरी डिस्क सिस्टम यानी सौर मंडल का नाम एस ए ओ 206462 और एम डब्लू सी 758 है।

### निर्माणाधीन ग्रहों से खुलेगा जन्म का रहस्य

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डा वीरेंद्र यादव का कहना है कि ब्रह्मांड अनंत में फैला हुआ है और असंख्य तारों के साथ अनगिनत सौर मंडल हमारी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। मगर आज भी हम हमारी जानकारी बेहद कम है। जैसे तकनीक विकसित हो रही है, हमारी जानकारी में भी वृद्धि हो रही है। ग्रहों के जन्म की बारीकियों को निर्माणाधीन सौर मंडल के जरिए समझा जा सकता है।

## 3 दशक में अंतरिक्ष में 10 लाख सैटेलाइट नेविगेशन में परेशानी

**न्यूयॉर्क।** अंतरिक्ष में 10 हजार से ज्यादा सैटेलाइट धरती पर सिग्नल भेज रहे हैं। 10 से 15 साल में इनकी संख्या 1 लाख से ज्यादा हो जाएगी। अगले 3-4 दशकों में 10 लाख से ज्यादा सैटेलाइट होंगे। हजारों सेटेलाइट अभी कचरे की तरह अंतरिक्ष में घूम रहे हैं।

ये सैटेलाइट धरती पर नेविगेशन बाधक हो सकते हैं। हार्वर्ड स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिक डॉक्टर जोनाथन ने बताया है कि, धरती के आयन मंडल में सैटेलाइट और रॉकेट्स से निकलने वाले मलबे में मौजूद उच्च चालक सामग्री चार्जिंग प्रभाव पैदा करती हैं, जो एक चुंबकीय शील्ड की तरह बर्ताव करती है। इससे नेविगेशन में मुश्किल होगी। उन्होंने बताया है कि इससे बचने के लिए वैज्ञानिकों को कोई तरीका खोजना पड़ेगा।

# मानव जाति के इतिहास में सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया शुरू

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- **अमेरिकी राजनयिक अतुल कश्यप बोले- लोकतंत्र के महाकुंभ पर भारत के लोगों को बधाई**

यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष अतुल कश्यप ने भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भारत के लोगों को बधाई देते हुए देश के राष्ट्रीय चुनाव को लोकतंत्र का महाकुंभ मेला बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ एक पोस्ट भी लिखा।

अतुल कश्यप ने अपने पोस्ट में कहा, भारत के महान लोगों को हार्दिक बधाई। पहले चरण के मतदान के साथ मानव जाति के इतिहास में सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत हुई है। 940 मिलियन मतदाताओं और 1.2 मिलियन मतदान केंद्र के साथ भारत का राष्ट्रीय चुनाव लोकतंत्र का महाकुंभ है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण की शुरुआत आज से हो चुकी है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर आज मतदान हुआ। 19 अप्रैल से लेकर एक जून तक होने वाला यह लोकसभा चुनाव देश के पहले आम चुनाव के बाद दूसरा सबसे लंबा मतदान अभ्यास है। देश का पहला मतदान सितंबर 1951 से लेकर फरवरी 1952 यानी की पांच महीनों के लिए आयोजित किया गया था।



## फ्रांस के ईरानी दूतावास में विस्फोटक लेकर घुसा युवक, गिरफ्तार

**पेरिस।** ईरानी वाणिज्य दूतावास की शिकायत के आधार पर फ्रांसीसी पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। दूतावास ने को अलर्ट दिया था कि शुक्रवार को एक व्यक्ति विस्पोटक लेकर अंदर घुसा गया है।

हालांकि, पुलिस ने अब युवक को हिरासत में लेकर दूतावास से बाहर निकाल लिया है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है। सुरक्षा की दृष्टि से राजधानी के 16वें जिले में वाणिज्य दूतावास के आसपास के पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात है। पेरिस परिवहन कंपनी आरएटीपी ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि दो मेट्रो लाइनों पर यातायात निलंबित कर दिया गया है। दोनों लाइनें दूतावास के नजदीक चलती हैं।